सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 24 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 80, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी 3.06 लाख करोड़ बढ़ी

10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,06,243 .74 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

भारत को व्यापक ऊर्जा संबंध विकसित करने होंगे: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कि दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को आवश्यक रूप से व्यापक और विविध ऊर्जा संबंध विकसित करने होंगे। } 16

संक्षेप

धर्म आधारित आरक्षण संविधान का उल्लंघन

बेंगलुरु। सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के कर्नाटक सरकार के फैसले पर जारी बहस के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि संविधान धर्म आधारित कोटे की इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि इस तरह का आरक्षण बी आर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान के खिलाफ है। आरएसएस की सर्वोच्च निर्णायक संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक के समापन के अवसर पर यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए होसबाले ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म...**शेष पृष्ठ 14 पर**

कठुआ में आतंकियों व सुरक्षा बलों में मुठभेड़, सेना ने इलाके को घेरा

एजेंसी

जम्मू।जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सान्याल गांव में तलाशी अभियान शुरू किया।

मौके पर दोनों ओर से रुक रुककर गोली चलने की आवाज आ रही है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। सूत्रों के मुताबिक सेना ने कई आतंकियों को घेरा हुआ है।फिलहाल संख्या के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई है। पुंछ जिले के सुरनकोट में रविवार को संदिग्ध देखे जाने पर सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। इलाके की घेराबंदी कर ली गई है।सूत्रों के अनुसार सेना, पुलिस, एसओजी और सीआरपीएफ के जवानों ने दरा, सांगला, डन्ना और शाहसतार के जंगलों, नदी, नालों व खेतों को खंगाला। मेंढर के गुरसाई, मूरी, पठानातीर, छुंगा के इलाकों में भी छानबीन की गई। दोपहर बाद खनेतरटॉप में संदिग्ध हरकत देखी गई। यहां भी तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने इसे नियमित अभियान बताया है।गौरतलब है कि मौसम में बदलाव के साथ ही सर्दी के चलते बिलों में छुपे बैठे आतंकी ऊंचाई ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

डॉ. लोहिया सामाजिक न्याय के प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री ने राम मनोहर लोहिया को उनकी जयंती पर किया याद

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उन्हें एक दूरदर्शी नेता, प्रखर स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक न्याय का प्रतीक बताया।एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए लोहिया के समर्पण पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। वह एक दूरदर्शी नेता, प्रखर स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने अपना जीवन वंचितों को सशक्त बनाने और एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी लोहिया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें भारत के राजनीतिक और सामाजिक इतिहास में महान व्यक्तित्वों में से एक बताया।

अमित शाह ने ट्वीट में लिखा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया जी भारत के राजनीतिक और सामाजिक इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में से एक थे, जो जीवन भर देशभक्ति के अपने सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति समर्पित रहे। महिला शिक्षा, सामाजिक समानता और राजनीतिक शुचिता पर आधारित लोहिया जी के विचार सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। मैं डॉ. राम मनोहर लोहिया को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शोषित, वंचित वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार रहने के आसार

नयी दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी आम आदमी पार्टी क्रमशः दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) पर कैग रिपोर्ट तथा महिला समृद्धि योजना को लेकर एक-दूसरे पर हमलावर रहेंगी। वित्त विभाग का प्रभार भी संभाल रहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विधानसभा में करीब 26 साल में भाजपा सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। भाजपा पिछले महीने विधानसभा चुनाव में आप को हराकर 1998 के बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी है। यह पांच दिवसीय बजट सत्र सोमवार को खीर समारोह के साथ प्रारंभ होगा। आप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा न करके महिलाओं के साथ विश्वासघात करने और लोकतंत्र पर खुल्लमखुल्ला हमला करने को लेकर वह विधानसभा में भाजपा को घेरेगी।

ई-रिक्शा पर ट्रक पलटा, दो की मौत

हाथरस। जिले के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र में अलीगढ़-एटा मार्ग पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा पर पलट गया जिससे दो लोगों की मौत हो गई और ट्रक चालक घायल हो गया। पुलिस ने यहां बताया कि ओडिशा जा रहा सामान से लदा ट्रक सिकंदराराऊथाना क्षेत्र में रविवार पूर्वाह्न करीब साढ़े नौ बजे बिलार गांव के पास अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पर पलट गया।

रमजान मुबारक

शिया		सुन्नी	
अफ्तार	सेहरी	अफ्तार	सेहरी
6:29	4:32	6:21	4:42



आज का मौसम

अधिकतम : 34.06डिसे.
न्यूनतम : 20.04डिसे.

भीतर पढ़ें

- नवाबगंज पक्षी विहार और लखनऊ चिड़ियाघर का होगा सुंदरीकरण (पृष्ठ-02)
- एमएलसी की घोषणा होने के बाद ही होगा भाजपा अध्यक्ष पद का चुनाव (पृष्ठ-02)
- एफपीआई ने शेयर बाजार से 1794 करोड़ रुपये निकाले (पृष्ठ-14)
- वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल में गिरावट (पृष्ठ-14)

महापुरुषों का निरादर बर्दाश्त नहीं

योगी ने बिठूर महोत्सव को किया संबोधित, 1302 उद्यमियों को बांटे 5.42 करोड़ के ऋण

जिला संवाददाता

कानपुर/लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार महापुरुषों के सम्मान और गौरव को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। जो व्यक्ति और कौम महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान नहीं कर सकता, उसके लिए कोई जगह नहीं है। जिन्होंने भारत की आस्था पर प्रहार किया, सनातन संस्कृति को रौंदा, बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ की। जिन्हें भारत-भारतीयता से नफरत थी और जो आक्रांता बनकर देश की आस्था को कुचल रहे थे, वे भारत के लिए कभी आदर्श नहीं हो सकते। महापुरुषों निरादर कतई बर्दाश्त नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बिठूर महोत्सव में पहुंचे। वीर शिरोमणि नानाजी राव पेशवा को समर्पित महोत्सव में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत कानपुर के 1302 उद्यमियों को 5.42 करोड़ का ऋण वितरण, नवनियुक्त 329 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 127 लाभार्थियों को 6.35 करोड़ सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन तथा कवि साहिर योगेश की पुस्तक 'हम करें राष्ट्र आराधन' व मोहन जी द्वारा चरित 'रण धुरंधर नाना साहब पेशवा' का विमोचन किया। सीएम ने महाराष्ट्र से नानाराव पेशवा की जयंती मनाने बिठूर आए लोगों का स्वागत भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आक्रांताओं को आदर्श मानने वालों को तनिक भी शर्म महसूस होती है तो इन्हें गणतंत्र दिवस परेड पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के बयान (हमारा डीएनए कभी जांचा जाएगा तो यह भारतीय निकलेगा) का स्मरण करना चाहिए।इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम बाहुल्य देश है। उनका बयान भारत के अंदर विदेशी आक्रांताओं को आदर्श मानने वालों की आंखों को खोलने वाला है। उम्मीद है कि इस बयान के बाद वे लोग भी छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह आदि महान क्रांतिकारियों के बारे में श्रद्धा का भाव रखते हुए 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनाने में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने नानाराव पेशवा की पावन जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बिठूर प्राचीन काल से ही भारत की आध्यात्मिक ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

समय से पूरा हो कन्वेंशन सेंटर और मेट्रो स्टेशन का कार्य: मुख्यमंत्री

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनपद कानपुर नगर का दौरा कर शहर में चल रही विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने चुन्नीगंज में निमार्णाधीन कन्वेंशन सेंटर और चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय से काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले 15,383.43 स्क्वायर मीटर में बन रहे निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का दौरा किया।यह सेंटर दो एग्जिबिशन हॉल, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग रूम, फूड कोर्ट, गेस्ट रूम, डायनिंग एरिया, बिजनेस सेंटर और एडमिन ब्लॉक से सुसज्जित होगा।सीएम योगी ने अधिकारियों से निर्माण की प्रगति पर जानकारी ली और इसे तय समय पर पूरा करने की हिदायत दी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया, जो कानपुर मेट्रो परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने मेट्रो संचालन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को शीघ्र संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। कानपुर में मेट्रो के दो कॉरिडोर पर काम चल रहा है- पहला आईआईटी कानपुर से नौबस्ता तक (21 स्टेशन) और दूसरा कानपुर विश्वविद्यालय से बर्रा-8 तक (8 स्टेशन)।कानपुर मेट्रो की सीएम योगी ने 2021 में शुरूआत की थी और अब दूसरे फेज का काम पूरा होने के बाद वह इसका भी शुभारंभ कर सकते हैं।

नक्सलियों ने किया आईईडी विस्फोट, 22 ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों के एक वाहन को निशाना बनाकर आईईडी विस्फोट कर दिया जिसमें दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 11 लाख रुपये के इनामी छह नक्सलियों समेत कुल 22 नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इनमें से अयातु पुनेम, पांडु कुंजम, कोसी तमो, सोना कुंजम और लिंगेश पदम पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था, जबकि तिबरूराम माडवी को पकड़ने के लिए एक लाख रुपये इनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि पुनेम प्रतिबंधित माओवादी संगठन के आंध्र-ओडिशा-सीमा (एओबी) मंडल के तहत प्लाटून नंबर।के सदस्य के रूप में सक्रिय था।पांडु और तामो क्रमशः प्लाटून नंबर-9 और प्लाटून नंबर- 10 के पार्टी सदस्य थे।सोना नक्सल संगठन की तेलंगाना राज्य समिति के तहत प्लाटून पार्टी का सदस्य था। विस्फोट के कारण राज्य पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवान घायल हो गए।एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट शाम करीब पौने छह बजे मद्देड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोरला नाले के पास हुआ। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान के बाद पिकअप वाहन ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

धामी ने पूरे किये सेवा के तीन वर्ष, लिखा स्वर्णिम अध्याय

प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्र-छात्राओं को मिलेगी आर्थिक सहायता

प्रमुख संवाददाता

देहरादून।उत्तराखंड में सरकार के तीन साल के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरा होने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों-युवाओं, उपनल और संविदाकर्मियों को बड़ा तोहफा देते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और स्नातक डिग्री प्राप्त युवाओं को राज्य सरकार आर्थिक सहायता देगी।युवाओं को रोजगारपरक कौशल को विकसित करने लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उपनल एवं संविदाकर्मियों को नियमित नियुक्ति के लिए शीघ्र ही एक ठोस नीति तैयार की जाएगी।दस करोड़ तक के सभी कार्य स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाएंगे।

रविवार को उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

इस अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में सेवा और विकास के संकल्प के साथ मनाया गया। उत्तराखंड के सभी जनपदों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच, पेंशन योजनाएं, स्वरोजगार सहायता, शिक्षा से जुड़े लाभ और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं दी गईं। तीन साल पूरे होने के अवसर पर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक विशाल रोड शो में भाग लिया। सड़कों पर उमड़े जनसैलाब ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। पूरे शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल था, जहां लोग अपने मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे। रोड शो के दौरान धामी ने जनता का अभिवादन स्वीकार किया और अपनी सरकार के प्रति उनके विश्वास के लिए आभार जताया। इस भव्य आयोजन के बाद मुख्यमंत्री ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया, जिसमें ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

गाजा पर इजराइली हमले तेज

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने में जुटे नेतन्याहू

एजेंसी

येरुसलम। इजरायल की सेना ने गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं। हमास के वरिष्ठ नेता समेत दर्जनों लोगों की जान लेने के साथ बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा के लिए एक खास प्लानिंग तैयार कर ली है। इजरायली कैबिनेट ने एक नए निदेशालय के गठन को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य फिलिस्तीनियों के स्वेच्छा से पलायन को बढ़ावा देना है। यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस योजना के अनुरूप है, जिसमें गाजा को खाली कर उसे दूसरों के लिए पुनर्निर्मित करने की बात की गई थी। उधर, फिलिस्तीनी नेताओं का कहना है कि वे अपनी मातृभूमि छोड़ने को तैयार नहीं हैं। वे इजरायल के इस कदम की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में एक नया मोड़ सामने आया है। इजरायल ने गाजा से फिलिस्तीनियों को निकालने के लिए एक नई टीम का गठन किया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि यह नया निकाय इजरायली और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत काम करेगा और गाजा से फिलिस्तीनियों को अन्य देशों में जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

इस प्रस्ताव को लेकर फिलिस्तीनी समुदाय और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि यह योजना संभवतः अंतरराष्ट्रीय कानून ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

हमास के बड़े नेता सहित 19 फिलिस्तीनी मारे गये

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। दक्षिणी गाजा पट्टी में रविवार को रातभर हुए इजराइली हमलों में हमास के एक बड़े नेता समेत कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर एक और मिसाइल दागी, जिससे हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजराइली सेना ने कहा कि मिसाइल को बीच में ही मार गिराया गया और इससे जान-माल का किसी प्रकार का नुकसान होने की जानकारी नहीं है। दक्षिणी गाजा के दो अस्पतालों ने बताया कि रातभर हुए हमलों में मारे गए बच्चों एवं महिलाओं समेत 17 लोगों के शव अस्पताल लाए गए हैं। हमास ने बताया कि खान यूनिस के पास हुए हमले में उसके राजनीतिक ब्यूरो और फलस्तीनी संसद के सदस्य सलाह बर्दाविल और उसकी पत्नी की मौत हो गई। बर्दाविल हमास की राजनीतिक शाखा का जाना-माना सदस्य था।

विशेष खबर

विदेशी कंपनियां भारत के उत्पादन क्षेत्र में कर रहीं बड़ा निवेश

विश्व व्यापार में धूम मचायेंगे भारत, अमेरिका और चीन

नई दिल्ली। भारत आने वाले 5 वर्षों में दुनिया के व्यापार में बड़ी भूमिका निभाएगा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया के व्यापार विकास में लगभग 6प्रतिशत का योगदान देगा।इस मामले में वह चीन (12%) और अमेरिका (10%) से थोड़ा ही पीछे रहेगा।

डीएचएल ट्रेड एटलस 2025 की रिपोर्ट बताती है कि 5 वर्षों में भारत व्यापार के पैमाने पर तीसरे स्थान पर बना रहेगा। साथ ही व्यापार की गति के मामले में 15 पायदान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच जाएगा। यह एक इतिहास होगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि भारत की सालाना व्यापार वृद्धि दर 5.2% से बढ़कर 7.2% हो जाएगी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 2024 में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में 13वां सबसे बड़ा भागीदार था।लेकिन 2019 से 2024 तक इसके व्यापार की मात्रा में 5.2% की दर से वृद्धि हुई, जबकि वैश्विक व्यापार में केवल 2.0% की दर से वृद्धि हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की तेजी से व्यापार वृद्धि उसकी तेज आर्थिक वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है।' इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वह दुनिया के साथ ज्यादा व्यापार कर रहा है।

डीएचएल एक्सप्रेस के एसवीपी (साउथ एशिया) आर. एस. सुब्रमण्यन ने कहा, 'ट्रेड एटलस वैश्विक व्यापार में भारत के तेजी से विस्तार को रेखांकित करता है, जो देश को पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करता है।' रिपोर्ट के मुताबिक भारत का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और यह दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापार केंद्र बन रहा है।हालांकि, यह भी याद रखना चाहिए कि दुनिया की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।

रिपोर्ट में एक दिलचस्प बात यह भी कही गई है कि चीन को अक्सर भारत की तुलना में अधिक व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था माना जाता है। लेकिन 2023 में भारत का माल व्यापार-से-जीडीपी अनुपात लगभग चीन जितना ही था। इतना ही नहीं, जब वस्तुओं ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

संभल की शाही जामा मस्जिद प्रबंध समिति के अध्यक्ष हिरासत में

एजेंसी

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल की शाही जामा मस्जिद की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जफर अली को पिछले साल 24 नवंबर को हुई हिंसा के मामले में बयान दर्ज करने के लिए रविवार को हिरासत में ले लिया गया।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जफर अली के बड़े भाई ताहिर अली ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को सोमवार को संभल हिंसा मामले की जांच के लिए गठित आयोग के समक्ष पेश होना था इसीलिए उन्हें जानबूझकर गिरफ्तार करके जेल भेजने की कोशिश की जा रही है। संभल कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शाही जामा मस्जिद की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जफर अली को रविवार को पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में बयान दर्ज करने के लिए हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि अली को एसआईटी ने हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पिछले साल 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 19 अन्य लोग जख्मी हो गए थे। घटना के बाद अली ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया ...**शेष पृष्ठ 14 पर**

सड़कों के चौड़ीकरण और पुनर्वास कार्य में तेजी लायें : योगी

होमगार्ड व पीआरडी जवानों को दिया जाये यातायात नियंत्रण का प्रशिक्षण, ग्रीनपार्क और कन्वेंशन सेंटर के लिए मांगे प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कानपुर नगर के नवीन सभागार सरसैया घाट में मंडलीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए। सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर सीवर समस्या, अतिक्रमण हटाने और आईटी हब की स्थापना तक, कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ और होली के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को बधाई दी और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश दिया। बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कानपुर सहित मंडल के सभी जनपदों में सड़कों के चौड़ीकरण और पुनर्वास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते जनसंख्या घनत्व को देखते हुए यह जरूरी है। उन्होंने ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए होमगार्ड व पीआरडी जवानों को प्रशिक्षण देने का आदेश दिया।

ग्रीन पार्क का पुराना गौरव लौटाने के लिए स्टेडियम निर्माण और कन्वेंशन सेंटर के पास 500-1000 गाड़ियों की पार्किंग का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जिले में इंटीग्रेटेड मंडलीय हेडक्वार्टर बनाने के निर्देश दिए, ताकि सभी अधिकारी एक ही स्थान पर कार्य करें और जनता को सुविधा हो। साथ ही, आईटी हब की स्थापना और अमृत 2 योजना के तहत सीवर कार्य के लिए प्रस्ताव बनाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने गो-तस्करी, लव जिहाद, भूमि और खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। चेन स्नेचिंग और लूटपाट रोकने के लिए फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने को कहा। आगामी चैत्र नवरात्रि और ईद के लिए सुरक्षा और सुविधाओं की पूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने और जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम सचिवालयों को बढ़ाने और उनमें वाई-फाई व ऑप्टिकल फाइबर की सुविधा देने की बात कही। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाने और सिटी फॉरेस्ट को विकसित करने का आदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने 25, 26 और 27 मार्च को तीन दिवसीय जनपदीय विकास उत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें 6 सत्रों में लाभार्थी, उद्यमी, महिला, किसान, व्यापारी और युवाओं को शामिल किया जाएगा। साथ ही, सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत जनजागरूकता बढ़ाने और एक लाख लोगों को ऋण देने का लक्ष्य रखा गया।

बैठक में विधायकों, सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बिल्हौर न्यायालय को कानपुर जिला न्यायालय से जोड़ने, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने फजलगंज से एयरपोर्ट कनेक्टिविटी और अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने की मांग की। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने बालिका इंटर कॉलेज, 50 बेड का अस्पताल और मिनी बस स्टैंड की जरूरत बताई। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने मेट्रो निर्माण के दौरान सर्विस लेन न बनने को लेकर क्षेत्रीय जनता की परेशानी से अवगत कराया। एमएलसी अरुण पाठक ने साकेत नगर और केशव नगर में सीवर लाइन की समस्या और किसानों के नलकूपों के भारी बिजली बिल का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने इस पर विद्युत विभाग को कैंप लगाकर बिल सत्यापन का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में एक आईटी हब बनाने की मांग उठाई। इसके साथ ही टाटमिल चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात के लिए ओवर ब्रिज बनाने की मांग की। सांसद रमेश अवस्थी ने कानपुर को लेदर और टेक्सटाइल पार्क में शामिल करने, नगर निगम के अस्पतालों व स्कूलों के जीर्णोद्धार और ग्रीन पार्क के विकास के लिए नोडल अधिकारी की मांग की। महापौर प्रमिला पांडे ने मंदिरों और तालाबों पर अतिक्रमण, सीवरेज और यातायात की समस्या को दूर करने की बात कही। इस पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण मुक्त बनाने हेतु रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को कहीं और व्यवस्थित ढंग से बसाया जाए।

ग्राम चौपालों में 04 लाख 84हजार से अधिक मामले निपटे

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो की अहम् भूमिका है, इन चौपालों में सम्बन्धित ग्राम सभाओं के पात्रों के चयन/सर्वे में पारदर्शिता का विधिवत आंकलन किया जाता रहे। ज्ञातव्य है कि नये पात्र लोगों का चयन 31 मार्च, 2025 तक हर हाल में किये जाने की समय-सीमा निर्धारित की गयी है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1327 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3047 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3538 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5976 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 67 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी.एस. प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 31 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 87 लाख 85 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 04 लाख 84 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

- **अब तक 01 लाख 31हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन**
- **शुक्रवार को 1327 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन**

लविवि के प्रबंधन विभाग को आईआईआरएफ रैंकिंग में मिला 38वां स्थान प्राप्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग जो प्रबंधन अध्ययन संकाय के अंतर्गत आता है, ने भारतीय संस्थागत रैंकिंग आईआईआरएफ रैंकिंग में भारत में 38वां स्थान और उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह मान्यता विभाग की प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता और निरंतर शैक्षणिक व व्यावसायिक उत्कृष्टता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की पुष्टि करती है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विभाग को बधाई दी। प्रोफेसर संगीता साहू, प्रबंधन अध्ययन संकाय की डीन, ने इस सफलता में योगदान देने वाले सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। 1956 में स्थापित होने के बाद से, प्रबंधन विभाग भारत में प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इसका एमबीए कार्यक्रम, जिसे 1974 में शुरू किया गया था, अब तक 50 से अधिक बैचों के उद्योग-तैयार पेशेवरों को प्रशिक्षित कर चुका है और यह देश के शीर्ष रैंकिंग प्रबंधन कार्यक्रमों में से एक बना हुआ है। प्रबंधन विभाग नवाचार, अनुसंधान और उद्योग सहभागिता पर विशेष ध्यान देता है, ताकि इसके स्नातक प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक दुनिया में आवश्यक कौशल के साथ आगे बढ़ सकें। शैक्षणिक उत्कृष्टता पर आधारित एक मजबूत बुनियाद और भविष्य के प्रति जागरूक दृष्टिकोण के साथ, विभाग ऐसे दूरदर्शी नेताओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो कॉर्पोरेट जगत में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होंगे। ठएढ 2020 के अंतर्गत विभिन्न पहलों के कार्यान्वयन, छात्र सहभागिता गतिविधियों, और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर केंद्रित लगातार पाठ्यक्रम समृद्धि, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सुविधाओं का समर्थन प्राप्त है, छात्रों के सतत विकास और सुधार के लिए एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करता है। विभाग के छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक नियुक्त हो रहे हैं, जिनमें इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, वोल्वो ग्रुप, आयशर ट्रक्स एंड बसेस, एंटाल इंटरनेशनल, आईटीसी लिमिटेड, श्री सीमेंट लिमिटेड, प्रिज्म सीमेंट-प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, बर्जर पेंट्स इंडिया व अन्य प्रमुख संगठन शामिल हैं।

नवाबगंज पक्षी विहार और लखनऊ चिड़ियाघर का होगा सुंदरीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ईको टूरिज्म विकास बोर्ड राज्य के दो प्रमुख इको-टूरिज्म स्थलों - नवाबगंज स्थित पक्षी विहार और लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) को नई सुविधाओं से सुसज्जित करेगा। इसके लिए 4.71 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए है जिसमें 2.60 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड ईको टूरिज्म स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रहा है।

- **4.71 करोड़ से सुविधाओं का विकास किया जायेगा : जयवीर सिंह**

उन्होंने कहा कि पक्षी विहार में फूड स्टॉल, एक नया स्वागत कक्ष और प्रतीक्षा क्षेत्र, पौधारोपण और आगंतुकों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान करने हेतु ऑगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी (टट) डोम की स्थापना सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के लिए 2.80 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। इसमें 1.60 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में भी व्यापक सुधार किए जाएंगे, जिनमें बच्चों के लिए नए झूले और सवारी, बेहतर शौचालय सुविधाएं, और उन्नत पेयजल प्रबंधन शामिल हैं। इन सुधारों के लिए 1.91 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें एक करोड़ जारी किए जा चुके हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इन स्थलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि नवाबगंज स्थित पक्षी विहार और लखनऊ चिड़ियाघर दशकों से प्रमुख इको-टूरिज्म स्थल रहे हैं। अब समय आ गया है कि इन्हें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए ताकि बच्चे और अन्य आगंतुक इनका और अधिक आनंद उठा सकें। ये सुधार इन स्थानों की आकर्षण क्षमता को बढ़ाएंगे और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेंगे।

श्री सिंह ने बताया कि यह पहल राज्य में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और निवासियों एवं पर्यटकों के लिए बेहतर मनोरंजन स्थलों का निर्माण करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। यह विकास कार्य जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है, जिससे आगंतुकों को अधिक आरामदायक और सुखद अनुभव मिल सकेगा।

भाजपा का भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा बकवास : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार और अधिकारी मिलकर जनता को लूट रहे हैं। सत्ता में बैठे लोग भ्रष्ट है। भाजपा का भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा बकवास है। जिलों-जिलों में भाजपा के नेता भूमाफिया बन गये हैं। तालाब और सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। गरीबों की जमीन छीन रहे है। भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश लूटा जा रहा है। हर जिले से जमीनों पर कब्जा करने और भ्रष्टाचार की खबरें आ रही है।

- **डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती पर दी भव्यभीनी श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

रविवार को समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती पर यहां डॉ. लोहिया पार्क गोमती नगर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि फतेहपुर जिले में भाजपा के पदाधिकारी उनके नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं। आरोप लग रहा है कि जिनके पास खेती की कोई जमीन नहीं थी उनके पास कई सौ बीघा जमीन हो गयी है। जेसीबी मशीन, डम्फर और ट्रकें खरीदी ली है। जो जमीने विवादित थी उस पर कब्जा कर लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी कई बार यह आवाज उठा चुकी है कि अयोध्या में भाजपा के लोगों ने जमीनों पर कब्जा कर लिया है। किसानों की जमीनें कम कीमतों पर छीन ली गई। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सभी ने देखा कि अयोध्या की महिला नौकरी की तलाश में वाराणसी गयी वहां से वह लखनऊ आयी। उसके साथ लूट, बलात्कार हुआ और हत्या हो गयी। कानून व्यवस्था इसलिए खराब है क्योंकि पुलिसिंग नहीं हो रही है। अधिकारी कर्मचारी सब लूट में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री के खास करीबी आईएएस भ्रष्टाचार में फरार है। अण्डर ग्राउण्ड है। पता चल रहा है कि उनके पास सात सौ बीघा जमीन, कई मकान, कई प्लाट हैं। सुनने में तो आ रहा है कि वह सीएम आवास और सीएम कार्यालय में छिपा है। मुख्यमंत्री का खासम खास है। अच्छी पोस्टिंग में रहा है। भाजपा सरकार में निवेश के बहाने अपना निवेश चल रहा है। ये झगड़ा कमीशन का नहीं है। यह बंटवारे का झगड़ा है। जब तक सही सलामत बंटवारा हुआ सबको हिस्सा मिलता था तब तक बात नहीं खुली। बंटवारे में झगड़ा हुआ तो बात खुली है। सरकार को पता ही नहीं कब से यह बंटवारा चल रहा है। पड़ोसी राज्य में एक अधिकारी के यहां से 50 करोड़ मिले थे। उसमें क्या हुआ?

अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में केवल एक अधिकारी नहीं भाजपा के चुने हुए लोग और भाजपा के नेता मोहनलालगंज और सरोजनी नगर में जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। ये सब भूमाफिया बन गये हैं। अब तो भाजपा के विधायक खुलेआम भ्रष्टाचार और लूट के आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार में मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। एक एसडीएम ने शिवम यादव को प्रताड़ित किया। पैसे मांग रहा था। बाल कटवा दिया। उसकी जान चली गयी। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। गांव-गांव, घर-घर जाकर भाजपा की नाकामियों, भ्रष्टाचार, लूट और अन्याय को बताएंगे। किसान परेशान है। किसानों को फसलों का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। भाजपा ने सभी संस्थाओं को बर्बाद कर दिया है। समय बदलेगा। जनता भाजपा से हिसाब लेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इतिहास के पन्ने पलट रही है। उन्हीं इतिहास के कुछ पन्नों को राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने भी पलट दिया। मेरा भाजपा से कहना है कि इतिहास के पन्ने पलटना बंद करें। अगर पन्ने पलटेंगे तो उसमें यह भी है कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक नहीं होने दिया गया था। क्या भाजपा उसकी निंदा करेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक जब हुआ तो हाथ के बजाय बांये पैर के अंगूठे से तिलक हुआ था, क्या उसके लिए भाजपा माफी मांगेगी।

8 साल पूरे होने पर योगी सरकार मनायेगी उत्सव

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार के 08 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार की अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति, गांव, गरीब, किसान, महिला व युवाओं के सामाजिक व आर्थिक उन्नति को समर्पित सरकार की योजनाएं तथा भारतीय सांस्कृतिक जयघोष समेत अन्त्योदय की नीति तथा साहसिक निर्णयों को लेकर भाजपा लोक दरबार में पहुंचेगी। भाजपा आगामी 24 मार्च से 14 अप्रैल तक प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की 08 वर्ष की उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी। अभियान की दृष्टि से जिला स्तर पर 23 व 24 मार्च को कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी।

अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह द्वारा तय कार्ययोजना के अनुसार ह्लउत्तर प्रदेश का उत्कर्ष-भाजपा सरकार के 08 वर्षह्व के संदेश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर भाजपा जनमानस तक पहुंचेगी। अभियान के लिए प्रदेश स्तर पर प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, मीना चौबे, अमित वाल्मीकि, बसन्त त्यागी और शिवभूषण सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही क्षेत्र व जिला स्तर पर भी संयोजक व सहसंयोजक बनाए गए है।

श्री शुक्ल ने बताया कि अभियान के तहत जिला स्तर लाभार्थी मेले आयोजित किये जायेंगे। घर-घर सम्पर्क के माध्यम से भी सरकार की योजनाओं तथा साहसिक व ऐतिहासिक निर्णयों को घर-घर व जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा स्तर पर विकास गोष्ठियां भी आयोजित की जायेंगी, जिनमें 8 वर्ष की विकास यात्रा पर चर्चा होगी। युवा मोर्चा जिले में सरकार की प्रमुख परियोजनाओं पर बाइक रैलियों के माध्यम से पहुंचेगा। जिला स्तर पर प्रबुद्धवर्ग के बीच सम्मेलनों के माध्यम से सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों पर संवाद किया जाएगा। वहीं ग्राम सभा स्तर पर महिला मोर्चा महिलाओं के बीच पहुंचकर संवाद करेगी। 14 अप्रैल बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा तथा स्वच्छता कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएगें। इसके साथ ही भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता के लिए किये गए कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

एमएलसी की घोषणा होने के बाद ही होगा भाजपा अध्यक्ष पद का चुनाव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के नए अध्यक्ष का चुनाव मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत में होने की संभावना है। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। हालांकि ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मार्च के अंत तक हो सकते हैं, लेकिन पार्टी नेताओं ने कहा कि इसे अप्रैल तक भी टाला जा सकता है, क्योंकि भाजपा की राज्य परिषद के सदस्यों की घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

- **प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह अथवा केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा को भी मिल सकता है मौका**

जातीय समीकरण से प्रभावित उत्तर प्रदेश में लोगों की निगाहें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर ही नहीं, बल्कि उनकी जाति पर भी है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के जोर के कारण, भाजपा कार्यकर्ताओं और राजनीतिक विश्लेषकों के एक वर्ग को लगता है कि पार्टी अपने अध्यक्ष के चयन में पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता दे सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति में भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की एक प्रमुख जाति को आगे बढ़ाने पर विचार कर सकती है।

भाजपा के एक पुराने कार्यकर्ता ने बताया कि, इस पद के लिए पार्टी द्वारा लोध जाति के किसी नेता को तरजीह दिए जाने की प्रबल संभावना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दिवंगत कल्याण सिंह, लोध समुदाय से आने वाले सबसे बड़े ओबीसी नेता थे और उनके निधन के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि पार्टी उसी ओबीसी उपजाति के किसी नेता को इस पद के लिए चुन सकती है। भाजपा के एक कार्यकर्ता ने कहा, लोध समुदाय से आने वाले दो प्रमुख नाम चर्चा में हैं, जिनमें प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह अथवा केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा को भी मौका मिल सकता है। हालांकि, भाजपा के नेताओं की यह भी दलील है कि पार्टी नेतृत्व के फैसले अप्रत्याशित होते हैं, इसलिए किसी एक नाम पर दावा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी में बहुत से लोग निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि अध्यक्ष पद के लिए पार्टी का कौन सा चेहरा होगा। पार्टी के एक पुराने कार्यकर्ता ने स्वीकार किया, हालांकि यह कहा जा सकता है कि चेहरा तय करने में जाति निश्चित रूप से एक प्रमुख विषय होगी। उत्तर प्रदेश में 70 जिला अध्यक्षों के चुनाव में जाति का पहलू स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इनमें से 39 जिलाध्यक्ष अगड़ी जातियों से बनाये गये हैं, जिनमें 20 ब्राह्मण चेहरे शामिल हैं। इस आधार पर यह चर्चा है कि पार्टी किसी ब्राह्मण को भी मौका दे सकती है। भाजपा के एक नेता ने कहा, दावा तो नहीं कर सकते, लेकिन अगर इस पद के लिए किसी ब्राह्मण को चुना जाता है, तो भाजपा के प्रदेश महासचिव और विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला और बस्ती से पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के चुने जाने की संभावना अधिक है। हालांकि, इस नेता ने यह भी कहा कि कई अन्य ब्राह्मण दावेदार भी कतार में हैं। पार्टी नेतृत्व अगर किसी दलित को प्रदेश इकाई की कमान सौंपती है, तो प्रदेश महासचिव समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके पूर्व सांसद विद्यासागर सोनकर मजबूत दावेदार हैं। दलित नेताओं में और भी चेहरे तलाशे जा सकते हैं। भाजपा की उप्र इकाई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम 50 फीसदी संगठनात्मक जिलों में जिला अध्यक्षों का चुनाव और प्रदेश परिषद के सदस्यों की घोषणा जरूरी है, जिसके बाद ही यह प्रक्रिया पूरी होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के लिए नेतृत्व ने पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को केंद्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। प्रदेश में 98 संगठनात्मक जिला इकाइयां हैं, जिनमें से डॉ. पांडेय ने 70 जिलों में जिला अध्यक्षों का चुनाव पूरा करा लिया है और 28 जिलों की घोषणा बाकी है। भाजपा पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य परिषद के सदस्य ही मतदाता होते हैं और वे प्रस्तावक और समर्थक का कार्य भी करते हैं, इसलिए चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए उनका चयन जरूरी है। राज्य परिषद के सदस्यों का चयन सभी जिलों से विधानसभा वार होता है और यहां 403 विधानसभा क्षेत्र हैं, इसलिए राज्य परिषद के 403 सदस्यों के चयन की प्रक्रिया पूरी की जानी है।

भारतीय जनता पार्टी उ.प्र.

इस संबंध में पूछे जाने पर केंद्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 70 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है और इन जिलों में विधानसभा वार राज्य परिषदों का गठन भी हो चुका है, जिसकी सूची जल्द ही जारी कर दी जाएगी। डॉ. पांडेय ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। भाजपा सूत्रों ने बताया कि भाजपा संगठन संसद के दोनों सदनों (राज्यसभा और लोकसभा) तथा विधानसभा (विधान परिषद और विधानसभा) से प्रदेश परिषद के कुछ सदस्यों का चयन भी करता है, जिसकी प्रक्रिया भी पूरी होनी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रदेश में 70 जिला इकाइयों के अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है और बाकी 28 जिला इकाइयों के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसकी घोषणा जल्द ही केंद्रीय चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 50 फीसदी से ज्यादा जिलों की चुनाव प्रक्रिया पूरी होनी जरूरी है, जो पूरी हो चुकी है, जैसे ही केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तारीख की घोषणा करेगा, प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की देखरेख में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। भूपेंद्र सिंह चौधरी फिलहाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। चौधरी ओबीसी (जाट) हैं और अगस्त 2022 में जब उन्हें इस पद पर नामित किया गया था, तो इस फैसले को पश्चिमी उप्र में जातिगत समीकरण को दुरुस्त करने की पहल के तौर पर देखा गया था।

संक्षेप

मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने ग्राम बेलहसा सिकरी, विकास खण्ड इटवा में मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बेलहसा सिकरी में मिनी स्टेडियम निर्माण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त कर ,स्टीमेट एवं एम.बी. का मिलान किया गया। बाद उसके जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिया गया कि समस्त कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये गुणवत्ता के विपरीत कार्य किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगा।

नवनिर्मित मनरेगा पार्क का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने जिले के विकास खंड इंटवा परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत बंदूवारी, में नवनिर्मित मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया गया। न दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सेमरा में नवनिर्मित मनरेगा पार्क में कराये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए। स्टीमेट एवं एम.बी. का मिलान किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिया कि समस्त कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश को दोहराया गया।

मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे डॉ.आरके सिंह

बांसी सिद्धार्थनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में डा0 आर0के0 सिंह महती भूमिका निभा रहे हैं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थनगर के दिए गए निर्देशों के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बांसी डाक्टर आर के 0 सिंह के किए गए उपचार के चलते मरीजों को पूर्णतया स्वस्थ करते हुए उन्हें समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे दर्जनों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो कर नया जीवन प्रदान किया गया है , प्रभारी चिकित्साधिकारी बांसी डा0 आर0के0 सिंह के बेहतर उपचार से स्वस्थ हुए मरीजों व उनके परिजनों ने चिकित्सा अधिकारी श्री सिंह के व्यवहार एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओ को सराहा गया है, उनके साथ मरीजों के लिए वरदान कहे जाने वाले डाक्टर अश्विनी चौधरी के भी उपचार व स्वास्थ्य सेवाओं को मरीजों द्वारा सराहा गया जब कि दायित्वों के निर्वहन हेतु अग्रणी भूमिका निभाते क्रियाशील डाक्टर एमके, डाक्टर ओंकार आदि चिकित्सा अधिकारी का योगदान सराहनीय है, इनके सहयोग सेवा में शामिल समय बृजेश कुमार उत्कर्ष दूबे अन्य स्टाफ दायित्वों के निर्वहन हेतु क्रियाशील है।

तीन वांछित धराये, गये जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत तीन वांछित आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार यादव रविवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। मारपीट व धमकी समेत गंभीर धाराओं में वांछित कहारन का पुरवा शीतलमऊ निवासी शिवचरण यादव पुत्र भगवती प्रसाद व एक आरोपिता को महिला पुलिस के साथ घर से हिरासत में ले लिया। वहीं दरोगा विवेक कुमार यादव ने भी फोर्स के साथ गश्त के दौरान अगई निवासी आरोपी दसाराम पुत्र नन्दन को चोरी के मुकदमें में वांछित के रूप में धर दबोचा। पुलिस ने तीनों आरोपियों को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

कार की टक्कर से बच्चे घायल

उदी, इटावा। थाना बढ़पुरा के कस्वा उदी मोड़ पर इटावा- ग्वालियर मार्ग पर खड़े पति-पत्नी सहित तीन बच्चों को नई महिंद्रा पिक -अप कार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया गया। मौके से टक्कर मार कर भाग रही कार ग्राम नगला गौर के समीप पेड़ से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त, चालक भागने में सफल रहा। थानां पुलिस द्वारा कार को कब्जे में लिया। थानां बढ़पुरा के ग्राम बढ़पुरा निवासी विक्रम पुत्र डब्बल सिंह अपनी पत्नी रतन देवी, पुत्र शिवम एवं पुत्री काजल व सोनम के साथ इकदिल तेरहवीं में जाने के लिए कस्वा उदी मोड़ पर वाहन का इंतजार कर रहे थे कि तभी ग्वालियर की तरफ आई नई महिंद्रा पिक-अप कार के चालक ने टक्कर मार दी गयी जिसमें उपरोक्त पति-पत्नी सहित तीनों बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थानां पुलिस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदी भेजा गया जहां से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

सती संग शिव प्रेम का साक्षात वास है मां पाटेश्वरी धाम में

- योगी आदित्यनाथ पीठाधीश्वर तो मुख्य महंत हैं योगी मिथलेश नाथ
- गोरखनाथ मठ से संबंध है मां पाटेश्वरी का धाम

बी. एस. परिहार

तुलसीपुर (बलरामपुर)। चैत्र मास पावन नवरात्रि का आगमन हो रहा है हालांकि नवरात्रि की सुंदर बेल की आगमन में चंद दिन ही बाकी है किंतु होलिकोत्सव के बाद से मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कोई समस्या ना हो इसके लिए मंदिर के मुख्य महंत योगी मिथलेश नाथ ने सारी चाक चौबंद व्यवस्था पूरी कर ली है। मेले की व्यवस्था को लेकर महंत मिथलेश नाथ योगी की अध्यक्षता में डीएम. पवन कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक विकास कुमार समेत जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के बीच कई दौर की बैठकों में विचार मंथन हो चुका है। प्रदेश के ओजस्वी मुख्यमंत्री तथा पाटन मंदिर के पिता आदिश्वर योगी आदित्यनाथ ने 20 मार्च को मंदिर पहुंचकर तैयारी की समीक्षा की है। मुख्य मंत्री नें अधिकारियों के साथ मेले को लेकर बैठक कर कई अहम विन्दुओं पर निर्देश दिए है। अध्यापक होगी उत्तर भारत के अंतिम छोर पर नेपाल राष्ट्र की सीमा से सटे मां पाटेश्वरी का 51 वीं शक्ति पीठ स्थान है। मां पाटेश्वरी की यह शक्तिपीठ शिव और सती के अद्वितीय अलौकिक प्रेम प्रतीक का स्वरूप है।

देवों के देव त्रिकालदर्शी महादेव शिव की मना करने के बावजूद पिता के यज्ञ में पूणार्हुति डालने गई माता सती पिता दक्ष के द्वारा अपने स्वामी के आसन का त्रिशकर होने पर पिता से कुपित होकर सती ने स्वयं को अग्नि को समर्पित कर दिया। क्रोधक से समूचे ब्रह्मांड की सृष्टि के वजूद पर संकट खड़ा हो गया। शिव सती के शव को लेकर प्रचंड तांडव शुरू किया तो चर अचर के गतिमान चक्र में व्यवधान उत्पन्न हो गया। देवताओं के करुण पुकार पर जग पालनहार विष्णु ने शिव से अंतर्मन क्षमा याचना कर शिष्ट चक्र को गतिमान रखने के लिए सुदर्शन चक्र से सती केशरीर के 51 भागों में विभक्त किया। सती के शरीर के जो जो भाग धरती पर जहां-जहां गिरा वहां वहां शक्तिपीठ के रूप में सती विराजमान हुईं। देवी पाटन के पवित्र भूमि पर सती का वाम स्कंध पांटाम्बर (कपड़े सहित) गिरकर पाताल लोक में समाहित हो गया।

इसलिए यह स्थान पाटन के नाम विश्व में प्रख्यात हुआ। शिव के आज्ञा से शिवातर महायोगी गुरु गोरखनाथ ने मां की इस पवित्र स्थान पर दीर्घ काल तक आकर पूजा अर्चन और साधना किया। शिवावतार महा योगी गुरु गोरखनाथ नें मंदिर का प्रथम निर्माण कराया। इसलिए मंदिर के साथ साथ एक मठ के रूप में मान्यता है। देवी पाटन मंदिर गोरख नाथ मठ से सम्बद्ध है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री और गोरक्षनाथ मठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्य नाथ देवी पाटन के पीठाधीश्वर है। मंदिर के मुख्य महंथ मिथलेश नाथ योगी है। मंदिर के मुख्य पुरोहित पाटेश्वरी प्रसाद मिश्र हैं।

योगी आदित्य नाथ अपने व्यस्तम समय में समय निकाल कर प्रत्येक नवरात्रि में पाटन मंदिर में आकर पूजा अर्चना आरती जरूर करते हैं।

योगीजी मंदिर में जब भी आते हैं गो शाला में जाकर काम धेनु समेत सभी गो माताओं को गुड़ चारा अपने हाथों से जरूर खिलाते हैं। कालांतर चक्र काल से देश विदेश के लाखों श्रद्धालु शरद व क्षेत्र मास नवरात्रि में सच्चे मन से मन पार्टी श्री का दर्शन कर अभिलाषा पूर्ण करने की विनती करते हैं मन भी अपने सच्चे भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं चैत्र मास की नवरात्रि में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ होती है और मेला महीनों तक निर्विवाद चलता है।

महंत मिथलेश नाथ योगी के हाथ में है कमान

मिथलेश नाथ जोगी देवीपाटन मंदिर के मुख्य महंत गोरसनाथ धाम तथा पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की बहुत ही करीबी है महंत मिथलेश नाथ योगी बहुत ही सरल स्वभाव और मड़वासी हैं श्रद्धालुओं के लिए उनके अंतर मन के द्वारा हर वक्त खुले रहते हैं क्रोध लोभ तथा अहंकार महंत जी सी पराजित और प्रभावहीन है चाहे मंदिर की शीवधार हूं अथवा आम श्रद्धालु मिथलेश नाथ योगी के अपनेपन व्यवहार से सब की सब सदैव गदगद रहते हैं लेकिन व्यवस्था को लेकर उनके लिए कोई समझौता नहीं योगी महंत मिथलेश नाथ की व्यवस्था का कमाल है कि लाखों की भीड़ में कोई गदर नहीं। कोई समस्या नहीं। श्रद्धालुओं के लिए कोई दिक्कत नहीं। श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाओं की मुकम्मल व्यवस्था। दुकानदार की मजाल क्या कि किसी श्रद्धालुओं से खरीद फरोख्त में अभद्रता अथवा रार कर सके। मेले में पधारने वाली महिलाओं श्रद्धालुओं की अस्मिता पूर्ण सुरक्षित। मेले में मनचलों शोहदों की संख्या शून्य। पाकिट मारो का आता पता नहीं ए राजा तत्वों को महंथ जी के दंड देने के पैमाने का बखूबी ज्ञान है। लाखों श्रद्धालुओं के भीड़ की व्यवस्था का कमान स्वयं महंत योगी मिथलेश नाथ संभालते हैं। मंदिर के सैकड़ों सेवादार, स्वयंसेवक दस्ते बड़ी सजगता से मेले के चप्पे चप्पे की निगहबानी करके महंत जी को पल-पल की रिपोर्ट करते हैं। स्वयं महंथ जी भी स्थलीय जायजा लेते देखे जाते हैं ।महंथ मिथिलेश नाथ योगी व्यवस्था को लेकर कब और कितने समय तथा किस स्थान पर प्रगट हो जाये कुछ कहा नहीं जा सकता।

वार्षिकोत्सव में बच्चों के देश प्रेम गीत पर दिखा जोश, हुए पुरस्कृत

प्रतापगढ़। रामपुर बावली के समीप बसन्तराय स्थित हैवेन एकेडमी में रविवार को हुए वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी विजयशंकरमणि व समाजसेवी संजय द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वनल कर किया। इशी त्रिपाठी, कृतिका तिवारी, नैंसी यादव, खुशबू शिवानी आदि द्वारा गीत, नाटक, प्रहसन के बीच बलिदान दिवस पर झांसी की रानी के शौर्य से जुड़े एकांकी को देख अभिवावक भावविभोर हो उठे दिखे। समारोह में अतिथियों द्वारा कक्षा आठ के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय में वार्षिकोत्सव को लेकर हुए कवि सम्मेलन में साहित्यकार दुर्गेश दुर्लभ, आशुतोष आशू, दीपेंद्र तनहा, डॉ केसरी शुक्ल, डॉ0 अंजनी अमोघ, अनूप प्रतापगढ़ी, आशुतोष ओझा आशू ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय जागरूकता को लेकर रचनाओं से लोगों में जोश भरा। अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दिलीप पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि संजय द्विवेदी ने संबोधित करते हुये बच्चों का उत्साहबर्धन किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह ने बच्चों का उत्साहबर्धन किया। संचालन प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। प्रबंधक राममूर्ति शुक्ला ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। स्वागत त्रियुगीनाथ शुक्ल व आलोक शुक्ल ने किया। इस मौके पर कामेश्वर मिश्र, इन्द्रप्रताप पाण्डेय, गोपाल तिवारी, मक्खन शुक्ल, डॉ अजय शुक्ल आदि मौजूद रहे।

जाम का झाम बनी इकौना की पहचान

.. तो फिर इकौना के सेक्शन में हो बुलडोजर का एक्शन

रमेश मिश्रा

इकौना (श्रावस्ती)। प्रदेश सरकार अतिक्रमण मुक्त सड़के और जाम का स्थाई निराकरण कर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रतिबंध है अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए योगी का बुलडोजर एक्शन पूरे देश में विख्यात है वहीं इससे इतर इकौना प्रशासन अमले के आगे योगी का यह जनहित अभियान औंधे मुँह बल अपना वजूद तलाशने के लिए विवश है। इन ओहदेदारों नें अवैध अतिक्रमण कारियो तथा जाम के झाम के जिम्मेदारों को अपनी मौन स्वीकृति दे रखी है जो राहगीरों के लिए मुसीबत का सबक बन चुका है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नें अतिक्रमण के स्थाई निदान और सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर काफी गंभीर है। माननीय उच्च न्यायालय नें भी बढ़ते अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कई आदेश पारित किया। प्रशासनिक अमले आए दिन अतिक्रमण कारियों को लेकर कार्य वाही का कहर वरापती रहती है और उनके अवैध अतिक्रमण वाले स्थान को समतल बना दिया है। जाम की जाम से राहगीरों को सुगम यात्रा या मुहैया कराने के लिए पुलिस महकमे की जिम्मेदारी भी तय है इकौना नगर की वास्तविक दुर्दशा इस बात का चीख चीख कर बयां कर रही है कि जिम्मेदारान इस अवस्था के आगे धृतराष्ट्र की भूमिका में गूंगे, बहरे, असहाय, और समर्थहीन हो चुके हैं।

इन्हीं जिम्मेदारों की वजह से इकौना बाजार के बहुधा बाशिंदे और राहगीर की जाम के झाम का दंश झेलने पर मजबूर हैं। इकौना नगर का चाहे मुख मार्ग हो अथवा गलियां सब के सब अवैध अतिक्रमण और जामके झाम के बाहु पाश में जकड़े है।

छोटे बड़े वाहन गाड़ी की तो बात दीगर रही। साइकिल सवारी तथा पैदल भी चलना तो दुष्कर हो गया है। अस्थाई अस्थाई सड़क चौड़ाई की मानक को अतिक्रमण का ग्रहण लगा दिया है सहजन के तौर पर लोग तंबू तथा तिरपाल से ऐसे ढक दिए गए हैं की पूरी सड़क सूरज के किरण के लिए भी मोहताज हो गई है।

काठी पर वाणिज्य प्रतिष्ठानों की स्वामियों ने अपने दुकान से तीन चार फिट तक सड़क की ओर अवैध छाजन बना लिया है। संजय पार्क से बेचू बाबा मंदिर पहुंचने में यूं तो महज से 5 से 10 मिनट का रास्ता था लेकिन वर्तमान में इतनी दूरी तय करने में कोई समय सीमा नहीं रह गई है। इस जाम के झाम में इतनी दूरी तय करने में दो-दो घंटे लग जाते हैं। यही हालत बेचू बाबा चौराहे से पीपल तिराहे तक पहुंचने में लोगों के हलक सूख जाते हैं। जाम में फसे वाहन अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कान फोडू ध्वनि विस्तारक प्रेशर हार्न और विचलित करने वाला असहनीय दुखदाई होता है। सवाल लाख टके का की योगी जी के राज्य में इकौना को क्या हो गया, जिम्मेदारों के गोद में प्रशासन क्यों सो गया।

गुटुर गूं की भाषा तक सीमित जिम्मेदार

इकौना (श्रावस्ती)। अतिक्रमण और जाम के झाम में कस्बा सा रही सड़के बेहाल मुसाफिर। मुख्यतया दो विभाग पूर्ण जिम्मेदार। नगर पंचायत प्रशासन दूसरा खाकी के ओहदेदार। दोनों हमला इस समस्या के निराकरण के प्रश्न पर खामोश जिम्मेदारियां के जवाब में पूर्णतया खामोश। उत्तर हां न ना बस गुटुर गूं की भाषा तक सीमित है यह जिम्मेदार। इस मामले पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी प्रतिक्रिया देने को तैयार नहीं नगर पंचायत की अध्यक्ष महिला है उन्होंने तो बात नहीं किया अलबत्ता उनके पति और पत्नी थी तथा है ब्रांड एक राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी नसीम चौधरी ने कहा कि गौना में जाम की टिकट समस्या है दुकानदार अपने प्रतिष्ठान के आगे अस्थाई छाजन करते हैं तो इसमें बुराई क्या है। रोज लगने वाले ठेलों, पटरी पर लगाने वाले दुकान जरूर हटाना चाहिए लेकिन वह अपनी आजीविका कैसे और कहाँ करें? इन्हें इसके लिए स्थान चाहिए वह है नहीं। अर्थात नसीम चौधरी के तर्क के मायने सीधे और साफ है। उनके जबाब में हाँ भी है, और न भी है। अर्थ खुद निकाल लीजियेवह वे आप पर छोड़ते हैं।

समता मूलक समाज की स्थापना के पक्षधर थे डॉ लोहिया : राम करन निर्मल

सिद्धार्थनगर। समता मूलक समाज की स्थापना के लिए डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने जीवन भर काम किया था। उनके सपने को साकार करने के लिए सीमांत लोहिया बृजभूषण तिवारी ने भी काम किया था। उसी कड़ी को आगे बढ़ाने के नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव एवं अखिलेश यादव कर रहे है। उक्त बातें लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राम करन निर्मल ने कहीं। वह रविवार को लोहिया कला भवन सभागार में डाक्टर लोहिया के जयंती के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि

राजनीति परिवर्तन बिना दलितों एवं पिछड़े वर्ग के समाज की तरक्की नहीं कर सकते है। भाजपा सरकार बेरोजगारों को सरकारी नौकरी नहीं दे रही हैं। निजी करण करके सरकार ने नौकरी को पूंजीपतियों के हाथों में सौंप दिया है। इसी कारण दलितों एवं पिछड़े वर्ग को अब सरकारी नौकरी मिलना सपना बन गया है। भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा तो वह औरंबजेब का आगे ला रही है। सपा का पीडीए महात्मा गौतम बुद्ध, डाक्टर भीमराव अम्बेडकर एवं डाक्टर मनोहर लोहिया के अधूरे सपनों को साकार करने का नारा है। नफरत की आग फैलाने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी लोहिया के समाजवाद का सपना परिपूर्ण होगा। बीजेपी सरकार में सेक्युलर हिन्दू एवं कट्टर हिंदू की लड़ाई चल रही है। जो देश के लिए खतरा है। इससे बचने की जरूरत है। वरना देश धर्म के नाम पर बर्बाद हो जाएगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव व संचालन महा सचिव कमरुज्जमा खान ने किया। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व राज्यसभा सदस्य आलोक तिवारी, पूर्व सांसद कुशल तिवारी, विधायक सैयदा खातून, विजय पासवान, अनिल सिंह, राम मिलन भारती, अनूप यादव, राम सेवक लोधी, जुबैदा चौधरी, विभा शुक्ला, प्रदीप पथरकट्ट, जोखन चौधरी, मोहम्मद जमील सिद्दीकी, रिंधू पासवान, धीरेन्द्र यादव, कमरु जमा खान, जेपी यादव, विजय चौधरी, मोहम्मद हारुन, विष्णु उमर व कलाम सिद्दीकी आदि ने भी संबोधित किया।

डीएम ने डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के लेखपत्रों का किया सत्यापन

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सहायक महानिरीक्षक निबन्धन राजेश कुमार सिंह के साथ डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के लेखपत्रो का सत्यापन किया गया, सत्यापन जांच में सभी लेख पत्र सही पाए गए, जिलाधिकारी ने लेखपत्र संख्या 591/04.02.2025, वी कोड- 1181 ग्राम की श्रेणी सामान्य ग्राम, व ग्राम नवलपुर तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज तथा लेखपत्र संख्या-595/05.02.2025, वी कोड- 1391 ग्राम की श्रेणी सामान्य ग्राम, ग्राम सैदपुर तप्पा हल्लौर परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सभी लेखपत्रों का मौके पर सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान किसी भी प्रकार की स्टाम्प की कमी या अन्य कोई भी किसी तरह की कमी नही पाया गया। सत्यापन में सभी अभिलेख सही पाये गये।

अधिकार की रक्षा के लिए शिक्षा है वरदान : प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा विकास के वातावरण को मजबूती प्रदान करने का सशक्त आधार है। उन्होनें कहा कि रामपुरखास में शैक्षिक परिवेश को वह विधायक मोना के साथ लगातार इसलिए मजबूत बना रहे हैं ताकि किसी भी स्थिति में कमजोर व्यक्ति का अधिकार कोई छीन न सके। उन्होनें कहा कि इस क्षेत्र में साक्षरता लगातार बढ़ रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ विधायक मोना के द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को स्वआजीविका के क्षेत्र में मिशन के स्तर पर आत्मनिर्भरता सौपने का प्रयास भी सराहनीय है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि शिक्षा तरक्की और खुशिहाली के मार्ग को प्रशस्त करते हुए सदैव जरूरतमंद के हितों की रक्षा किया करती है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी रविवार को धारूपुर के समीप मोठिन स्थित गनेशा देवी बाल विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होनें विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा को बढावा देने के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से एक कम्प्यूटर सेट व सोलर लाइट तथा इण्डिया मार्क हैण्डपम्प की सौगात भी सौंपी। विद्यालय की छात्रा चांदनी, सूफिया, आदर्श मौर्य, अभिषेक, रेयांश मिश्र, आयुष, आदित्य, जानवी आदि ने स्वागत गान तथा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। युवा कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुशवाहा, शासकीय अधिवक्ता राजेश मौर्य, जिलाध्यक्ष अशोक मौर्य विशिष्ट अतिथि रहे। प्रधानाचार्य अनिल मौर्य ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। संचालन महेश पटेल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रबन्धक हरिश्चंद्र मौर्य ने किया। इस मौके पर जिपंस रघुनाथ सरोज, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, भुवनेश्वर शुक्ल, राजेश मिश्र, राकेश चतुवेर्दी, गुडडू द्विवेदी, रामकृष्ण द्विवेदी, माता प्रसाद पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, दिनकर पाण्डेय, आदित्य तिवारी, तपन पाण्डेय, राघवेंद्र शुक्ला, बचई मौर्या, प्रमोद शुक्ला आदि रहे।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में 2 गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जिले के गोल्हौरा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में गोल्हौरा थाना क्षेत्र के 02 नफर वांछित अभियुक्त विनय कुमार चौरसिया व मनीष प्रजापति को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय/जेल भेजा गया ।जो की गोल्हौरा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह व उनकी टीम की बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा के निर्देशन में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना गोल्हौरा मय टीम द्वारा 23.03.2025 को मु0आ0सं0 30/25 धारा 70(2) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित 02 अभियुक्तों को तिवारीपुर भट्ठा पिपरी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर, न्यायालय/जेल भेजा गया ।

ऊपर वाला हर समय देता है वतन परस्ती का सीख : प्रमोद तिवारी

- लालगंज व सांगीपुर में रोजा इफ्तार में विपक्ष के उपनेता ने गंगा जमुनी तहजीब की हिफाजत पर दिया जोर

प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के समीप रविवार की शाम हुए रोजा इफ्तार में भारी तादात में लोगों को शिरकत करते देखा गया। खुशनुमा माहौल में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इफ्तार दावत में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भी शामिल हुए। उन्होने लोगों को रमजान माह के तीसरे असरे में खुदा की इबादत को लेकर नेकनीयती की मुबारकबाद सौंपी। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह दुवाओं का महीना है।

उन्होनें कहा कि भलाई तथा नेकी व वतनपरस्ती के लिए हमें यह पाक माह सदैव मिलजुलकर रहने की सीख दिया करता है। उन्होंने कहा कि मुल्क में अमन व शान्ति के लिए हमारी सबसे बडी बेमिसाल ताकत की खूबसूरती हर वक्त गंगा जमुनी तहजीब ही रही है। इफ्तार प्रोग्राम में हजरत मौलाना रहमानी मियां तथा संयोजक एबादुर्रहमान तथा पूर्व जिपंस महमूद आलम ने सांसद प्रमोद तिवारी को इलाकाई खुशी तथा बरक्कत व तरक्की में सलामती की दुआ को लेकर हाजी रूमाल भेंट किया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, हाजी मो0 शरीफ, डा0 वकील अहमद, नजऊ, वहीद खान, व्यापारमण्डल अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी, अंजनी कौशल, विकास मिश्रा, सभासद शेरू खां, सभासद जावेद खां, सभासद मो0 मोकीम आदि रहे। इसके पहले शनिवार की शाम सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज के बगल सामुदायिक प्रेक्षागृह में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम में भी भारी तादात में रोजेदार जुटे दिखे। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुनिया में हिन्दुस्तान की खूबसूरती हमारी कौमी एकता की मिसाल लिए हुए है। यहां शाही इमाम मो. ईसा ने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से प्रमोद तिवारी का स्वागत किया। वहीं प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल ने आयोजन समिति की ओर से प्रमोद तिवारी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने स्वागत तथा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल यादव ने आभार जताया। इस मौके पर नन्हें खाँ, राजा मुन्ना, मो. इरफान, सहाबुददीन, अनवारूल हसन, अमीन अंसारी, मो. मुस्ताक आदि रहे।

शहर में अवैध कमर्शियल निर्माण का बोलबाला

- मेडा उपाध्यक्ष भज रहे भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम की माला

मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ । मेरठ विकास प्राधिकरण के ईमानदार छवि वाले उपाध्यक्ष आईएएस अधिकारी अभिषेक पांडे भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम को लेकर माला भज रहे हैं वही शहर में अवैध कमर्शियल कंपलेक्स का बोलबाला चल रहा है वैसे तो प्राधिकरण प्रवर्तन खंड का कोई ऐसा क्षेत्र ही मिल पाएगा जहां बिना पार्किंग अवैध कमर्शियल निर्माण नहीं हो रहा हो, लेकिन मेडा क्षेत्र के ए1, ए2 ,ए3 ,डी 1 ,डी 2 क्षेत्र में अवैध कमर्शियल निमार्णों का बोलबाला है सबसे बड़े अचंबे की बात यह है की इन क्षेत्रों में मेडा के उद्यान निरीक्षकों पर भरोसा जताकर मेडा उपाध्यक्ष ने अहम जिम्मेदारी सौपी थी लेकिन इंजीनियरों से दो कदम आगे बढ़कर दोनों ही उद्यान निरीक्षक कमर्शियल निर्माण को खुलकर पनहा देने में लगे हैं इसका जीता जागता उदाहरण जिन निर्माण पर सील लगाई गई है उनमें भी तेजी से निर्माण कार्य लगातार चल रहा है और जिन निर्माण पर सील लगाए जाने की जरूरत थी उन पर सेटिंग गेटिंग के चलते सील नहीं लगाई गई और अवैध कमर्शियल निर्माण पर अंकुश लगाए जाने के विपरीत उसको उनके मुकाम तक पहुंचाने में पूरी अहम भूमिका दोनों उद्यान निरीक्षकों यानी उप प्रभारी (प्रवर्तन) निभा रहे हैं ।ए1 ए2 में तो यहां पर खैर नगर बाजार, लाला का बाजार ,किशनपुरी ऐसे क्षेत्र हैं जहां पहले से ही जाम की समस्या रहती है लेकिन यहां पर जाम की समस्या को भी नजरअंदाज कर बिना पार्किंग अवैध रूप से कमर्शियल कंपलेक्स का निर्माण उप प्रभारी (प्रवर्तन)के इशारे पर बेधड़क चल रहा है इसी तरह ए3 क्षेत्र में भी मंडप सहित कई कमर्शियल निर्माण को उनके मुकाम तक पहुंचवा दिए गए हैं। इसी तरह यदि हम बात करें डी 1 तथा डी 2 क्षेत्र के प्रवर्तन खंड की ,तो यहां भी यही स्थिति दिखाई दे रही है चाहे पी एल शर्मा रोड हो, नेहरू रोड, मोहनपुरी नाला रोड पर, फूलबाग कॉलोनी , नंदन सिनेमा ,गढ़ रोड कोई ऐसा क्षेत्र नहीं छोड़ा गया जहां मुख्य मार्ग पर ही कमर्शियल अवैध निर्माण नहीं कराया जा रहा हो ।शहर में बिना पार्किंगअवैध कमर्शियल निर्माण बनाए जाने के संबंध में मेडा सचिव/ जोनल प्रभारी प्रवर्तन आनंद कुमार सिंह से उनके कार्यालय में संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। दोनों उप प्रभारी (प्रवर्तन) जितेंद्र कुमार -प्रथम,जितेंद्र कुमार -द्वितीय के मुताबिक नियमानुसार नोटिस की कार्यवाही कर दी गई है कुछ जगह जहां पर सील नहीं लगाई गई है वहां सील तथा एफआईआर की कार्रवाई जल्दी ही की जाएगी।

संक्षेप

हास्य कवि की स्मृति में कवि सम्मेलन 26 को

मझगांवा,गोरखपुर। युवा साहित्यिक एवं सामाजिक मंच के संस्थापक राष्ट्रीय स्तर के हास्य कवि एवं साहित्यकार स्व रामाश्रय मिश्र उजबक आजमगढी की स्मृति में काव्यांजलि कवि सम्मेलन आगामी 26 मार्च को सायं 6 बजे रात्रि 11 बजे तक आर पी डी एकेडमी टिकरी के प्रांगण में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम स्व रामाश्रय मिश्र उजबक के प्रेरणा से 12 वर्ष पूर्ण कर चुका लेकिन अब यह कार्यक्रम उनकी स्मृति में कार्यक्रम के अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ल व उपाध्यक्ष सुधाकर तिवारी की देखरेख में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख गगहा शिवाजी चन्द व विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी वासगांव दरवेश कुमार व थाना प्रभारी गगहा गौरव कुमार वर्मा होंगें। यह जानकारी कार्यक्रम के संरक्षक मुख्तार शाही ने दी। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर राम नगीना त्रिपाठी, राधामोहन सिंह, संजय मिश्रा,शिव प्रसाद शाही का विशेष योगदान है।

सेवानिवृत्त रेलकर्मी और उसके पुत्र की मौत

पुत्र के नशे की लत के वजह से 5 वर्षों से पत्नी बच्चों समेत सूरत में रह रही थी

चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पादरी बाजार बैंक कॉलोनी स्थित सेवानिवृत रेल कर्मी व उसके पुत्र की रहस्यमय स्थिति में मौत हो गई। सेवानिवृत्त रेलकर्मी कैंसर रोग से पीड़ित था तथा उसका पुत्र नशे का आदि बताया जा रहा है। पुत्र के नशे की लत के कारण ही उसकी पत्नी बच्चों के साथ सूरत में रहती है। जानकारी के मुताबिक, पादरी बाजार बैंक कॉलोनी निवासी अवधेश शर्मा (85) वर्ष रेलवे से पार्सल अधीक्षक पद से सेवानिवृत है। वह पादरी बाजार बैंक कॉलोनी में अपना मकान बनवा कर निवास करते थे। प्रथम तल पर उनके बड़ा बेटा अरविन्द कुमार शर्मा परिवार सहित रहता है।

अरविंद शर्मा की पादरी बाजार पुलिस चौकी के सामने मेडिकल स्टोर की दुकान हैं। छोटा बेटा अश्वनी कुमार शर्मा उम्र (45) वर्ष की शादी बिहार के सिवान जनपद में हुई है। उसके ससुराल पक्ष के लोग पुना में रहते हैं। शादी के बाद अश्वनी अपनी पत्नी के साथ सूरत रहने लगा। पति पत्नी दोनों वहां नौकरी करते थे। अश्वनी को एक बेटे व एक बेटी हैं। अश्वनी विगत पांच वर्षों से पत्नी व बच्चों को सूरत में छोड़कर अपने पिता के साथ ही रहता था। रविवार सुबह 7 बजे के आस पास जब मेड काम करने आईं तो तो देखी दरवाजा खुला हुआ था सोफे पर अश्वनी के पिता का शव था व बेड पर अश्वनी का शव पड़ा था। स्थानीय लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि सुधीर कुमार यादव को सूचना दी। पार्षद प्रतिनिधि ने पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज कुमार राय तथा चौकी प्रभारी पादरी बाजार अश्वनी कुमार चौबे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल व सीसीटीवी फुटेज का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाया। शाहपुर पुलिस द्वारा पिता पुत्र दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इस बाबत सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर नीरज कुमार राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में किसी भी अन्य तरह की आशंका नहीं है। लड़का नशे का आदि था व पिता कैंसर रोग से पीड़ित थे। दोनों की मौत एक साथ हुई हैं। इस लिए दोनों की मृत्य रहस्यमय हैं।

हार न मानें, लक्ष्य निर्धारण कर मेहनत करें : अनुराग सिंह

चौरीचौरा, गोरखपुर। जी.बी. रॉयल एकेडमी चकदेईया चौरीचौरा के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग सिंह ने बच्चों से कहा कि जीवन मे कभी हार न मानें। अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और खूब मेहनत करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को जब मंच पर सम्मान मिलता है तो पुरस्कार पाकर बच्चों में आगे बढ़ने की भावना और आगे कुछ और बेहतर करने की भावना विकसित होती है। नायब तहसीलदार संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ जीवन मे सफलता के लिए अनुशासन का भी होना जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में आये जैम इन 5 बैंड के कलाकारों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय के डायरेक्टर राम विश्वास ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य सतीश पांडेय, अजय विश्वकर्मा, रमेश यादव, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

बसों के निर्बाध संचालन के लिए कोतवाल को दिया पत्र

जसवंतनगर, इटावा। जसवंत नगर में रोडवेज बसों के अंदर से निर्वाध संचालन के लिए कोतवाल जसवंत नगर से मिलकर पत्रकार राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने एक शिकायती पत्र सोंपा। उल्लेखनीय है सिक्स लेन ओवरब्रिज बन जाने के बाद से रोडवेज बसें पुल के माध्यम से ऊपर से ही संचालित किया जा रहा था। जिससे स्थानीय लोगों मुख्यतः दैनिक यात्रियों और बाहर आने जाने वाले लोगों को घोर असुरविधा हो रही थी। गौर तलब है पुल के दोनों सिरे चैराहे से आधा से पौन किलोमीटर तक दूर है और वहां रात को काफी सन्नाटा रहता है जिससे किसी भी तरह की अनहोनी घटना यात्रियों के साथ हो सकती है। इससे लोग काफी पीड़ित थे। स्थानीय लोगों की उक्त समस्या को लेकर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कुछ लोग क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम इटावा जाकर शिकायत शिकायती पत्र देकर बेसन के संचालन के लिए आदेश करवाया। आदेश के बाद भी चैराहे पर जाम की समस्या के कारण बसों के संचालन में सुविधा हो रही थी। उसको देखते हुए एक शिकायती पत्र कोतवाल को दिया गया। शिकायती पत्र देने वालों में सुरेंद्र सिंह, राधा रमन यादव, पिंटू गुप्ता, ओमप्रकाश राठौर, वरिष्ठ समाजसेवी, डॉ आशीष जैन, सुभाष वर्मा, मनोज पांडे, राजकमल यादव, पिंटू चैरसिया, आनंद कुमार, अनूप शाक्य, सिपाही राम, ओम प्रकाश, शिवराम सिंह ठेकेदार, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

ईदगाह में होगी दो शिफ्टों में ईद की नमाज

इटावा। सदर कोतवाली मे धर्मगुरुओं और शान्ति सिमित के सदस्यों की मीटिंग सीओसिटी रामगोपाल शर्मा की अध्यक्षता मे आहुत की गयी जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शहर की प्रमुख ईदगाह में ईद के दिन सुबह 7.30 तथा 8.30 बजे दो शिफ्ट में ईद की नमाज होगी, शासन के निर्देश पर सड़कों पर नमाज नहीं होगी। सीओ सिटी नें कहा कि शहर की सभी मस्जिदों मे भी ईद की नमाज होगी तथा पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सभी जगह मौजूद रहेंगे अलविदा जुमा की नमाज भी मस्जिदों मे ही होगी उन्होंने कहा कि 30 मार्च से नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं, इसलिए कोतवाली क्षेत्र मे पड़ने वाले कालीवाहन मंदिर परिसर में चार पहिया और दो पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे, लुहन्ना चैराहे और सुनवारा तिराहे पर बैरिकेडिंग लगा कर. भारी वाहन रोके जायेंगे, जिससे मंदिर रोड पर भारी वाहन न निकलें साथ ही उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील की पूर्व त्यौहारों की तरह आगामी त्यौहार भी मिलजुल कर सौहार्द पूर्वक मनायें। इस अवसर पर शहर कोतवाल यशवंत सिंह, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, मौलाना तारिक शम्शी, हाफिज मोहम्मद अहमद, हाजी अजीम वारसी, चैधरी मुमताज, शिया मौलाना अनवारुल हसन जैदी, हनी वारसी, भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज, गुलशेर मोहसिन, हाजी अब्दुल माबूद अंसारी, धर्मेंद्र यादव, पत्रकार इदरीश अंसारी, मो. शाहिद आदि मौजूद रहे।

चेयरमैन ने किया सीसी सड़क व नाली का शिलान्यास

गोरखपुर। नगर पंचायत बड़हलगंज में विकास कार्यों की श्रृंखला को निरन्तर आगे बढ़ाने की कड़ी में एक और विकास कार्य नाली सहित सीसी रोड का शिलान्यास चेयरमैन प्रीति उमर ने अपने पति भाजपा नेता महेश उमर के साथ किया। शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 07 में वार्डवासियों को जलनिकासी व आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये नरसिंह सोनकर के घर से लाल जी सोनकर के घर से होकर मेनरोड पर रामधारी कटरा तक जाने वाले सीसी रोड व नाली का शिलान्यास चेयरमैन प्रीति उमर व सभासद सुमित्रा निषाद ने विधिवत पूजनोपरांत किया। इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि चिल्लूपार के यशस्वी विधायक राजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में चल रहे चिल्लूपार के विकास उत्सव की कड़ी में वार्डवासियों को सीसी रोड ५ नाली की यह सौगात अभी शुरूआत है, आगे भी विकास का महोत्सव चलता रहेगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, सभासद सुनील यादव, रवि साहनी, दीपक शर्मा, दीपक गौड़,गुप्ता, रमेश शाही, अतुल शाही आदि मौजूद थे।

रासेयो के सप्तदिवसीय कार्यक्रम का समापन

चौरीचौरा, गोरखपुर। जे बी महाजन डिग्री कॉलेज चौरी चौरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय शिविर का आज आखिरी और समापन दिवस था ’ समापन कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्रबंधक श्री ईश्वर चंद्र जायसवाल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मधुप कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती , मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ ’ मुख्य अतिथि श्री ईश्वर चंद्र जायसवाल ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला ’ उन्होंने विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूरि भूरि प्रशंसा की ’ विशिष्ट अतिथि डॉ सत्यपाल सिंह ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दी ’ उनके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को विभिन्न कार्यक्रम में प्रतिभा करने के लिए विविध पुरस्कार प्रदान किए गए ’ इन स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता ,स्लोगन राइटिंग आदि में भाग लिया था ’ समापन कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों के एक दल ने स्वच्छता जागरूकता पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की जो अत्यंत प्रेरणास्पद भावप्रद एवं रोचक थी ’ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मधुप कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को सभी अहम त्याग कर सदा सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए ’कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुशवाहा एवं स्वयंसेवकों की प्रशंसा की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुशवाहा ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह और विशिष्ट पुरस्कार भी प्रदान किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत हड़ई, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 22.03.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हड़ई, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 24.03.2025 से दिनांक 30.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हड़ई पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 30.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	सुखराम के घर से संजय के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य।	4,64,368 रुपये।	इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- हड़ई, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 22.03.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 24.03.2025 से दिनांक 30.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत ताजुद्दीनपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 30.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	जैसराज के घर से सुरेन्द्र के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य।	9,98,501 रुपये।	इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- ताजुद्दीनपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत नरसिंहपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 22.03.2025

निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरसिंहपुर, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 24.03.2025 से दिनांक 30.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत नरसिंहपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 30.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	विवेक के घर के सामने से मीरे के घर व तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य।	11,99,254 रुपये।	ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- नरसिंहपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बनभोकार, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 22.03.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनभोकार, वि.ख. प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 24.03.2025 से दिनांक 28.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनभोकार पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 28.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	गजराज पुत्र गंगादीन का कैटलसेट निर्माण कार्य। माप- 3.506.50 मीटर।	1,49,735 रुपये।	ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी व अन्य सामग्री।
2.	हरिसागर पुत्र प्रेम नारायण का कैटल सेट निर्माण कार्य। माप- 3.506.50 मीटर।	1,40,647 रुपये।	ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी व अन्य सामग्री।
3.	राम प्रकाश पुत्र भगवानदीन का कैटल सेट निर्माण लम्बाई। 3.50.6.50 मीटर।	1,40,999 रुपये।	ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी व अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- बनभोकार, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा
जनपद-सुलतानपुर

विद्यालय में बच्चों के लिए एक्सपोजर विजिट का प्रावधान

ऊसराहार, इटावा। बच्चो ने एक्सपोजर विजिट कर कन्नौज के इत्रखाना को देखा। जूनियर विद्यालयों में बच्चो की विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु शासन द्वारा पी एम श्री विद्यालयों में अध्यनरत कुल 35 बच्चो के लिए एक्सपोजर विजिट का प्रावधान किया गया। जिसके अंतर्गत आज पीएम श्री यूपीएस समथर से एक्सपोजर विजिट की।

खूब उड़े अबीर गुलाल, मनोज मधुर के होली गीतों पर झूमे लोग

गोरखपुर। होली मिलन समारोह आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे समारोह के आयोजन से आपस में मिलने जुलने का मौका मिलता है। जिससे संबंध और प्रगाढ़ बनते हैं। उक्त बातें उनाई साहू सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बॉल रोड विशेषता डॉ बीबी गुप्ता ने कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रुद्रपुर चेयरमैन सुधा निगम व भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम ने कहा कि होली मिलन समारोह न सिर्फ हमें अपने पुराने गले-शिकवे मिटाकर आपसी रिश्ते सुधारने का मौका देता है बल्कि, हमें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का भी काम करता है। अखिल भारतीय उनाई साहू समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि बड़हलगंज की टीम ने ऐतिहासिक होली मिलन समारोह कार्यक्रम कराकर उनाई समाज में एकजुटता का एक न्याय अध्याय लिख दिया है। कार्यक्रम में लोकप्रिय गायक मनोज मधुर व पूजा दुबे के होली गीतों पर महिलाएं व पुरुष झूमते हुए नजर आए तो कवियत्री प्रियंका गुप्ता व डॉ सुशील निगम के काव्य पाठ का भी लोगों के खूब लुफ्त उठाया। इस दौरान गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, जौनपुर आदि स्थानों से आए हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समाज के वरिष्ठ नागरिकों व मेधावियों को किया गया सम्मानित कार्यक्रम के दौरान बड़हलगंज में निवास करने वाले उनाई समाज के 70 वर्ष से अधिक व विभिन्न क्षेत्रों में चयनित हुए प्रतिभावान छात्र छात्राओं को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायती उ प्र राज्य विभाग के सदस्य मदन मुरारी गुप्ता, प्रेमपाल गुप्ता, लक्ष्मीकांत निगम, जनार्दन गुप्ता, डॉ श्रीराम गुप्ता, डॉ विशाल गुप्ता, विजय निगम, शुभम गुप्ता, आलोक, सुमित, विनय, मुन्ना, अभिषेक, बृजेश निगम, नागेंद्र गुप्ता, राजकुमार निगम, डॉ राकेश, डा सुशील सहित बड़ी संख्या में लोग रहें।

तेंदुए से दहशत में शहरवासी

इटावा। शहर में शनिवार रात एक तेंदुए की मौजूदगी ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है। शहर के बाइस ख्वाजा इलाके में रात करीब साढ़े 9 बजे एक राहगीर ने तेंदुए को कैमरे में कैद किया। राहगीर ने बताया कि वह अपने साथी के साथ नुमाइश चैराहे से लायन सफारी की ओर जा रहा था। अचानक से सामने कुछ दिखाई दिया, उसने बाइक को रोका और मोबाइल निकालकर फोटो खींचा। जब फोटो को जूम करके देखा, तो उसमें तेंदुआ दिखाई दिया। जिससे राहगीर थोड़ी देर के लिए सहम गया। राहगीर के मुताबिक तेंदुआ भदावरी फॉर्म से निकलकर सड़क पार करता हुआ बाइस ख्वाजा में प्रवेश कर गया। यह पूरी घटना एक मिनट से भी कम समय में घटित हुई। इटावा की चंबल घाटी में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों के अनुसार, चंबल और यमुना के बीहड़ों में करीब सौ तेंदुए विचरण कर रहे हैं।

आदिनाथ भगवान की निकली गई पालकी यात्रा

श्री आदिनाथ जन्मकल्याणक

इटावा। शहर के पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बरहीपुरा मे प्रथम तीर्थकर आदिनाथ स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया सर्वप्रथम सुबह आदिनाथ भगवान की पालकी यात्रा निकाली गयी। पालकी यात्रा में मनोहारी प्राचीन आदिनाथ भगवान की दिव्य प्रतिमा को पालकी में बिठाकर नगर भ्रमण हुआ बरहीपुरा से लालपुरा रंगलाल चैराहे, राजागंज चैराहे होते सराय शेख मंदिर होते हुऐ मंदिर जी पहुंची इस दौरान सैकड़ो की तादाद में जैनधर्मं अनुयायी ने पीत वस्त्र धारण कर बारी-बारी से पालकी को अपने कंधों पर ढोल की थाप पर थिरकते हुए चल रहे थे एवं महिलाएं पीली साड़ी में भगवान के जन्मोत्सव के भजनों का गायन करती दिखी,और बच्चे भगवान के जयकारे लगा रहे थे श्रीजी आरती के साथ भव्य आगवानी की गई। पालकी यात्रा पश्चात श्री जी का जन्म कल्याणक पर अभिषेक दिव्य शांति धारा एंव पूजन किया गया। संध्या के समय पालना झूला कार्यक्रम आरती भक्ति भजन व आदिनाथ भगवान के जीवन से सम्बंधित कार्यक्रम संपन्न हुआ। भगवान ऋषभ देव, जैन धर्म के आदि प्रवर्तक हैं, जिन्होंने जीवन जीने की कला सिखाई, करोड़ करोड़ वर्ष पूर्व, अयोध्या में जन्म हुआ, आयु 84 लाख पूर्व थी, लंबाई 3000 फुट की थी। इन्हीं के ज्येष्ठ पुत्र भरत के नाम से इस देश का नाम भारत पढ़ा।

पत्रकार पर हमले में आधा नामजद, रिपोर्ट दर्ज

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई दो मौत की खबर कबरेज करने गए पत्रकार पर जानलेवा हमले में छह नामजद सहित 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज। पीड़ित स्थानीय पत्रकार संजीव कुमार ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमे कहा गया है कि 15 मार्च देर शाम को नेशनल हाइवे पर गांव नगला दलप के सामने सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसकी सूचना पर पीड़ित अपने समाचार पत्र के लिए खबर कबरेज के लिए गया था। वहां जाकर देखा तो बाइक और ट्रक में भिड़ंत हो जाने पर छोटू उर्फ सार्थक पुत्र राघवेंद्र व लालू पुत्र हरनारायण निवासी परशुपुरा थाना बकेवर की मृत अवस्था मे पड़े थे। जिनकी उपरोक्त नाम से पहचान हुई थी। तभी वहां पर कुछ लोगों ने ट्रक पर ईंट पत्थर मारकर ट्रक में तोड़ फोड़ शुरू कर उसके शीशे तोड़ दिए उसी के वीडियो व फोटो बनाते देख फसने के डर से गांव पशुपुरा निवासी छूना पुत्र बाबूराम,सालोद पुत्र छुना, शेरा पुत्र हाकिम सिंह, मद्दा पुत्र राम सिंह, अजीत पुत्र राजपाल, अमरजीत पुत्र रमेशचंद्र, वही वायरल वीडियो में दिखाई दे रही रमेशचंद्र की बेटी के साथ व्यक्ति सहित 15 अज्ञात लोगों ने जान से मारने की नियत से खींच कर सड़क पर गिरा कर बुरी तरह मारपीट कर मरणासन्न अवस्था मे घायल पड़ा छोड़ दिया। पुलिस ने घायल बेहोशी हालत में उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहाँ स्वस्थ होने पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी।

मिलावट की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की जांच

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम सिरहोल में नकली और मिलावटी पनीर, दूध और खोया बेचे जाने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी की। सिरहोल निवासी संदीप वर्मा ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी गायत्री देवी मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। जांच के दौरान स्थानीय व्यापारी जनवेद सिंह के प्रतिष्ठान से पनीर का नमूना लिया गया। अधिकारी ने बताया कि नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मौके पर प्रतिष्ठान का खाद्य पंजीकरण भी सत्यापित किया गया, जिसमें कोई अनियमितता नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोपरि है और मिलावट को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग की छापेमारी और जांच की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी ताकि लोग सुरक्षित और शुद्ध खाद्य उत्पाद प्राप्त कर सकें।

इस्लामियां में 80 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य पूरा हुआ

पर्यवेक्षक पूरन पाल व प्रधानाचार्य गुफरान ने किया निरीक्षण

इटावा। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन जिले के चार केंद्रों पर किया जा रहा है। इस्लामिया इंटर कालेज में पांचवे दिन तक 80 प्रतिशत मूल्यांकन का कार्य पूरा हो चुका है। इस्लामियां इंटर कालेज को हाई स्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, यहां पांचवें दिन करीब 80 प्रतिशत मूल्यांकन का कार्य पूरा हो चुका है और निर्धारित समय से पूर्व कार्य पूर्ण होने की संभावना है। इस्लामियां कालेज मूल्यांकन केंद्र उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के लिए 350 परीक्षक ड्यूटी कर रहे हैं। मूल्यांकन केंद्र के उप नियंत्रक प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने बताया कि केंद्र पर गणित, कला, सामाजिक विषय, हिंदी आदि विषय की 82 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है और सभी शिक्षक पूरी निष्पक्षता से मूल्यांकन कार्य को अंजाम दे रहे हैं। रविवार को इस्लामियां कालेज मूल्यांकन केंद्र का पर्यवेक्षक पूरन सिंह पाल, उपनियंत्रक प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, सह उपनियंत्रक मोहम्मद जावेद खान ने मूल्यांकन का कक्ष में जाकर निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त पाई। मूल्यांकन में इस्लामिया कालेज के शिक्षक डा. कुश चतुर्वेदी, नाजिश इकबाल, शाहिद अख़्तर, उमेर आदिल, इमरान अंसारी आदि का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को साइकिल यात्रा निकाली

इटावा। समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल की अध्यक्षता में निकाली गई पीडीए जनसंदेश साइकिल यात्रा। शहर के पूठन सकरौली से पीडीए जनसंदेश साइकिल यात्रा का हुआ शुभारंभ। समाज के दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग को एक साथ एकत्रित करने के लिए समाजवादी पार्टी चला रही है जनसंदेश साइकिल यात्रा। पीडीए जनसंदेश साइकिल यात्रा में जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, प्रदेश सचिव क्रांति प्रताप शाक्य, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, राजीव यादव पूर्व जिलाध्यक्ष, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, आनन्द यादव टंटी, समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक रवींद्र शुक्ला, अनवार हुसैन, प्रदेश सचिव महिला सभा लीलावती राजपूत, जिलाकोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, केके यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, जिला सचिव देवेंद्र भदोरिया विवेक यादव उपस्थित रहे।

संक्षेप

नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत

लखीमपुर खीरी। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के नवनिर्वाचित खीरी के जिला अध्यक्ष अजय गौतम का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिला प्रभारी एडवोकेट सफीक अहमद की अध्यक्षता में बाबा साहब अंबेडकर पार्क लखीमपुर में पार्टी के कार्यकताओं द्वारा बाबा साहेब को याद किया गया। समारोह में पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सलीम खान गोला राहुल गौतम कस्ता रविकांत निघासन जितेंद्र भार्गव पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी व भाईचारा कमेटी के जिला अध्यक्ष जुनैद भाई व उस्मान भाई भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब का माल्यार्पण कर शहर में रैली निकाली।

वीरांगना अवंती बाई लोधी राजपूत के बलिदान पर चर्चा

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मझिगवां में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तहसील इकाई के अध्यक्ष के नेतृत्व में महारानी वीरांगना अवंती बाई के बलिदान पर चर्चा और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हरिप्रकाश वर्मा और विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेंद्र सिंह रहे कार्यक्रम का संचालन हर स्वरूप राजपूत ने किया है। गांव मझिगवां में लोधी राजपूत समाज के लोगों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने अवंती बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने समाज से संगठित होकर राजनीति में हिस्सेदारी तय करने की बात कही है। उन्होंने कहा समाज के लोगों को पिछड़े वर्ग की जातियों द्वारा हमेशा छला गया है। विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के डॉ सुरेंद्र सिंह ने लोधी समाज के उत्थान के लिए संगठन से जुड़कर समाज में पिछड़े वर्ग को बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए लोगों से संकल्प लिया है। संगठन के तहसील इकाई के अध्यक्ष रंजीत लोधी राजपूत और कोविद लोधी राजपूत ने आगंतुकों का आभार जताकर संगठन को मजबूत करने की शपथ ली है। इस मौकेपर समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मारपीट में चार पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में रंजिशन कुछ लोगों ने एक महिला समेत तीन लोगों की लाठी डन्डो से पिटाई कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम गदियाना निवासी ओमवती पत्नी ओमप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी सुरेश पुत्र चंद्रिका की पुत्री को उसका पुत्र कुछ समय पूर्व एक लेकर चला गया था। जिससे सुरेश रंजिश मान रहे थे। इसी बात को लेकर 17 मार्च की सुबह दिलीप, दर्वेश पुत्रगण रामू, अनूप पुत्रगण संजय व सुरेश लाठी डन्डा लेकर उसके घर आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके, जितेन्द्र पुत्र मायाराम, छत्रपाल पुत्र श्रीकृष्ण को मारा पीटा। जिसे सभी को गंभीर चोटे आ गईं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रासलीला में हनुमान जन्म का हुआ मंचन

जिला संवाददाता(vol)

- रामवाटिका धाम उत्थान समिति ने आयोजित की आध्यात्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

धौरहरा खीरी। संत श्रीतुलसीदास की कर्म स्थली श्रीराम वाटिका धाम में चल रहे श्री संत तुलसीदास महोत्सव एवं 27 लक्ष श्रीराम नाम महायज्ञ मे रविवार को हजारों लोगों ने पहुंचकर यज्ञ स्थल की परिक्रमा की और यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां डाली।

वही राम वाटिका उत्थान समिति के द्वारा आध्यात्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5 से स्नातक तक के करीब सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान परीक्षा प्रभारी के रुप मे कृष्ण कुमार मिश्रा, विजय मोहन मिश्रा, कमल दीक्षित, महेंद्र शुक्ला, अजीत कुमार ने परीक्षा सम्पन्न करायी। परीक्षा मे प्रथम व द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को समिति द्वारा सम्मानित किया जायेगा। दिन मे सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। वही रात्रि मे बरसाना से आई रासलीला मडंली के द्वारा रासलीला, रासविहार, मयूर नृत्य, हनुमान जन्म लीला का मंचन किया गया। व्यास देवेंद्र पारासरजी के भजनो व रासविहार मयूर नृत्य देख कर श्रोता भक्तिरस मे सरा बोर हो गये। इस दौरान समिति के अध्यक्ष भगौती प्रसाद शुक्ला, प्रबंधक रामकुमार शर्मा, अचल अवस्थी, योगेंद्र मिश्रा, रामबाबू शुक्ला, उपेन्द्र मिश्रा सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

मोतीपुर कौड़ियाला गुरुद्वारा मार्ग चौड़ीकरण को लेकर चिन्हांकन शुरू

तिकुनिया-खीरी। मोतीपुर कौड़ियाला मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। चिन्हांकन की शुरूआत होने पर लोगों ने खुशी जताई है। लोगों का कहना है कि चौड़ीकरण होने से सड़क पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से काफी हद तक निजात मिलेगी। मोतीपुर क्लेशहरन तिराहा से लेकर गुरुद्वारा कौड़ियाला तक करीब 10 किलोमीटर मार्ग का निर्माण वर्षों पूर्व हुआ था। इस मार्ग की मौजूदा समय में चौड़ाई कम होने के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। नेपाल मार्ग होने के कारण 24 घंटे इस मार्ग पर आवा गमन होता रहता है इसी को लेकर ग्रामीण शासन से इस रोड को चौड़ीकरण किए जाने की मांग वर्षों से करते आ रहे थे। जिसकी मंजूरी मिलने पर चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया है और चिन्हांकन का काम शुरू कर दिया है। कस्बा निवासी पुष्कर बरनवाल, वसीम, शरीफ, विजय, रमित आदि लोगो ने लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड का चिन्हीकरण का कार्य शुरू किए जाने से खुशी जाहिर करते हुए कहा अब लगता है सरकार ने बॉर्डर की सड़कों का कायाकल्प करने को लेकर काम शुरू कर दिया है। इससे लोगों को बड़ी राहत होगी

पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता आरके नागर ने बताया कि विभाग की भूमि कहां तक है इसका चिन्हीकरण का काम शुरू किया गया है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो काम आगामी 10 अप्रैल से शुरू हो जाएगा।

बस मालिकों के बीच वर्चस्व को लेकर संघर्ष, चार के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में अवैध रूप से दिल्ली को संचालित दो प्राइवेट बस चालको के बीच साइड न देने पर संघर्ष हो गया जिसमें एक के गंभीर चोट आने पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में अवैध रूप से डग्गामार मार दिल्ली के लिए संचालित बसों को लेकर कई बार बस मालिकों के बीच वर्चस्व को लेकर तीखी नोक झोक होने पर कई बार संघर्ष में यात्री समेत बस चालक के साथ मारपीट और बसों में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। जिसके चलते मोहम्मदी लखीमपुर मार्ग पर अमीन नगर ईदगाह के पास दिल्ली जाते समय बस चालक ने दूसरे चालक से पास मांगने पर संघर्ष हो गया जिसमें निवासी सोहेल हसनपुर जिला अमरोहा के चोटें आई और उनकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने लाल चौधरी, अटसैनी, मुफीद निवासी जिला हापुड़ और जुनैद ललियाना जिला मेरठ के विरुद्ध संगीन धाराओं में पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर लिया है।

पत्रकार के निधन से शोक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इण्डिया के तहसील संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार देशराज वर्मा का रविवार को ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जिनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया है। मोहल्ला तीर्थ निवासी देशराज वर्मा (50) लखनऊ से प्रकाशित एक अखबार के पत्रकार और प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इण्डिया के तहसील संरक्षक थे। कुछ समय से वह अस्वस्थ्य चल रहे थे। रविवार को अलसुबह उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड गई। स्व0देशराज अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्र शिवम व सत्यम को छोड़ गये हैं।

जानवरों के विवाद में महिलाओं को पीटा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में जानवरो के विवाद में कुछ लोगों ने महिलाओं को पीट दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम जलालपुर निवासी इरफान खां पुत्र उस्मान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 मार्च की शाम उसके घर में महिलाये थे। इसी दौरान जानवरों को लेकर पडोसी इदरीश पुत्र रजा हुसैन से जानवरों को लेकर कुछ कहासुनी हो गई। जिसके बाद इदरीश, शकील, युनुस खां, शब्बू महिलाओं के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके भाई की पत्नी आसमुन निशा, शन्नो पत्नी राशिद अली, नगमा नाज, शम्मो पुत्री उस्मान, जूही खांन व शीबा खान पुत्री इरफान की लाठी डन्डो से पिटाई कर दी। जिसमें सभी को गंभीर चोटे आ गई।

जमीन पर कब्जा करने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में एक आवासीय भूमि पर कब्जे का आरोप लगाते हुए कब्जा छुड़ाने की गुहार लगाई गई है। शहर निवासी विजय मिश्र का कहना है कि शहर में उनकी आवासीय जमीन है। जिस पर दबँगो ने कब्जा कर लिया है। कब्जा छुड़ाने के लिए पुलिस से लेकर तमाम अधिकारियों से गुहार लगाई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। तब पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी से गुहार लगाई है। कहा गया है कि जमीन नगर पालिका अभिलेखों में उनके और उनके भाई के नाम दर्ज है। जमीन के पड़ोसी बल पूर्वक कब्जा करके उसे हथियाना चाहते हैं। कोर्ट द्वारा एथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। फिर भी उसकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

राम मनोहर लोहिया की जयंती पर हुए कार्यक्रम

शाहजहांपुर/ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी के महान चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया जी की जयंती जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जयंती कार्यक्रम के उपलक्ष में गोष्टी का आयोजन गया जहां सपा नेताओं ने राम मनोहर लोहिया के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में डॉ राम मनोहर लोहिया जी के सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा की पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक राजेश यादव, सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा के प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर नवनीत यादव, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, लल्ला सिंह यादव, सरताज खान, डॉ, सूचि कश्यप, नरवीर फौजी, शारदा राज पासी, नरवीर फौजी, धर्मवीर यादव, गोपाल अग्निहोत्री, डॉ शोएब खान उर्फ मुन्ना कॉट, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे...!

राजकीय संप्रेक्षण गृह में हुआ शहीद दिवस का आयोजन

शाहजहांपुर/मेरा युवा भारत अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर के तत्वावधान में जनपद के पिपरौला स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में शहीद दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, समाजसेवी मुकेश परिहार, नमामि गंगे डी पी ओ डॉ विनय सक्सेना, मनोज, विवेक कुमार व अन्यजनों द्वारा देश के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने सभी से आग्रह किया कि जिस प्रकार देश के अमर बलिदानियों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया व अपने अदम्य साहस के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाकर देश को आजादी दिलाई, उसी प्रकार आज के युग में युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए सकारात्मक रूप से राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सहभागी बनना चाहिए और सदैव निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। समाजसेवी मुकेश परिहार ने भी युवाओं को समाजसेवा द्वारा राष्ट्र सेवा का संदेश दिया।

कांग्रेसियों ने शहीदों को किया गया नमन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को याद करते हुये श्रद्धांजलि व्यक्त की। भारत भूषण कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में शहीद दिवस मनाया गया। जिसमें सभी ने सरदार भगत सिंह, शहीद ए वतन सुखदेव, शहीदी वतन राजगुरु, वीर सपूतों को उनकी शहादत दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित किए गए और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामकुमार वर्मा, इकबाल अहमद खान, अजीत जैन, राकेश विश्वकर्मा, मनीष वर्मा, राम शंकर पाल, अजय शुक्ला गुड्डू, हरिवंश मौर्य, सगीर अहमद, शेर सिंह पटेल, पंकज पटेल, योगेंद्र विक्रम सिंह, फकीर मोहम्मद, आदि जन उपस्थित रहे। उधर जिला कांग्रेस भवन लखीमपुर खीरी में जिला उपाध्यक्ष संजय गोस्वामी, जिला महासचिव अब्दुल रहीम, जावेद अली खान, मोहित शाक्य, रामपाल शाक्य, राजेंद्र गुप्ता, नीरज वाजपेयी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

हिन्दू महासभा ने किया होली मिलन समारोह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश कार्यकारणी से पधारे प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

शहर के एक गेस्ट हाउस में हुए होली मिलन में एक दूसरे का तिलक वंदन किया गया। फिर सनातन धार्मियों को जात पात से ऊपर उठकर एक साथ संगठित करना रहा। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ने नगर और समस्त ब्लॉक स्तर पर कार्यकारणी का गठन करने के उपरांत घोषणा करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमे डॉ सचिन पाण्डेय को जिला अध्यक्ष, डॉ पियूष शुक्ला को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवनीश मिश्रा को उपाध्यक्ष, अभिषेक शुक्ला को जिला महामंत्री, आरती सिंह को महिला नगर अध्यक्ष, सचिन सिंह को नगर अध्यक्ष गोला, आयुष शुक्ला को वरिष्ठ नगर अध्यक्ष, राजेश कुमार वर्मा को नगर महामंत्री गोला, कुलदीप कुमार गौर को युवा नगर अध्यक्ष लखीमपुर, सूरज गुप्ता को नगर अध्यक्ष मोहम्मदी, हिमांशु मिश्रा को युवा नगर अध्यक्ष मोहम्मदी, अमित गुप्ता को नगर अध्यक्ष भीरा, आशीष श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष लखीमपुर, रुपेश श्रीवास्तव को नगर उपाध्यक्ष लखीमपुर, श्याम मोहन को नगर महामंत्री लखीमपुर बनाया गया। संचालन डॉ. पियूष शुक्ला और डॉ सचिन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया।

गिरफ्तारी के विरोध में लामबंद एपीओ ने सीएम को संबोधित ज्ञापन दिया

लखीमपुर खीरी। 50 हजार रुपए कुंभी गोला ब्लाक में तैनात एपीओ मधुर गुप्ता द्वारा रिश्वत के आरोप में एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को दोपहर लगभग 2 बजे कुंभी गोला ब्लॉक परिसर से मधुर गुप्ता एपीओ को गिरफ्तार कर लिया।

एंटी करप्शन टीम एपीओ को थाना फरधान लेकर चली गई। शनिवार को एंटी करप्शन टीम का एपीओ को ले जाते हुए जैसे ही वीडियो वायरल हुआ पूरे जिले में हड़कंप मच गया। यह जानकारी जैसे ही अन्य ब्लॉकों में मनरेगा योजना के अंतर्गत तैनात किए गए एपीओ एवं रोजगार सेवक कंप्यूटर ऑपरेटर को हुई वह भड़क उठे। रात में ही फरधान थाने पर पहुंच गए। समस्त एपीओ ने डीएम सीडीओ से निष्पक्ष जांच की मांग की। हालांकि एंटी करप्शन टीम ने मुकदमा दर्ज करवाकर रविवार के दिन माधुर गुप्ता को अपने साथ लेकर लखनऊ चली गई। रविवार को विभिन्न ब्लॉकों के एपीओ रोजगार सेवक तकनीकी सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को देने विलोबी पहुंच गए। जनपद से आए समस्त एपीओ ने संयुक्त रूप से कहा कुंभी गोला ब्लॉक में तैनात एपीओ माधुर गुप्ता को एंटी करप्शन टीम द्वारा 22 मार्च 2025 को जबरन गिरफ्तार किया जाना अति गंभीर प्रकरण है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए। एपीओ माधुरी गुप्ता को कुंभी गोला विकास खंड परिसर में स्थित कंप्यूटर ऑपरेटर के निवास स्थान से एंटी करप्शन टीम द्वारा गलत तरीके से जबरन गिरफ्तार किया गया। एंटी करप्शन टीम द्वारा एपीओ के पास बरामद नहीं किया गया एंटी करप्शन टीम द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के निवास स्थान से उक्त रुपया बरामद किया गया है। उन रुपए से एपीओ गोला का कोई लेना-देना नहीं है। बिना रुपए बरामद हुए गिरफ्तारी करना विधि विरुद्ध है। पूरी प्रकरण की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग जनपद के समस्त एपीओ एवं मनरेगा कर्मचारियों ने की है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में एपीओ ललित कुमार वर्मा, सुमित कुमार पाल, राजकुमार सिंह, अंशुल पांडे, ज्ञान प्रकाश, उमेश पांडे सहित आदि मौजूद रहे।

क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तहसील कार्यकारिणी का गठन

यूपी हेड सलामत अली
8737803692

निघासन-खीरी। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की निघासन तहसील की कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष सहित जिले के पदाधिकारियों ने चयन कर दायित्व सौंपा।

रविवार को प्रीतम पुरवा रोड पर स्थित पत्रकार कार्यालय पर क्रन्तिकारी प्रमुख अनिल दुवे आजाद के निर्देशन में पहुंचे क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष इरफान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष सोनू पटेल, मोहम्मद इरफान गाजी, नसीरुद्दीन अंसारी सहित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से राजू गिरि को तहसील अध्यक्ष, संगठनमंत्री अभिषेक गुप्ता, उपाध्यक्ष अफजल अली, राजेश राजपूत, संदीप शाक्य, महासचिव दिवाकर त्रिपाठी, तहसील सचिव सतीश कुमार, सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, तहसील प्रभारी आंनद विनोद गुप्ता, संरक्षक शिवआसरे गुप्ता, श्रवण सिंह, उद्देश्य गिरि को नियुक्त किया और सभी को बधाई देते हुए पत्रकार हित के कार्य करने के लिए कहा कि पत्रकारो को अपनी कलम की ताकत को पहचानना होगा पत्रकार की कलम ही उसकी ताकत और पहचान होती है। वही तहसील अध्यक्ष राजू गिरि ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार अपनी कलम की ताकत के साथ-साथ संगठन को मजबूत बनाये और एकजुट रहे। इस दौरान तमाम क्रांतिकारी पत्रकार मोजूद रहे।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र स्वास्तिक का नवाचार अव्वल

IN THE MEMORY OF LATE SHREE KRISHNA GUPTA
CHILDREN'S ACADEMY
AFFILIATED TO C.B.S.E., NEW DELHI
CHILDREN'S ACADEMY
Gola Gokaran Nath - Kheri
GOLA GOKARAN NA

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) जिला विज्ञान क्लब लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित विज्ञान एवं नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में चिल्ड्रेंस एकेडमी के छात्र स्वास्तिक त्रिपाठी का नवाचार सराहा गया है। जिसे लखीमपुर में दो हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता ने पांच हजार रुपये, प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है।

जिला विज्ञान क्लब द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज लखीमपुर खीरी में यह प्रदर्शनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित करवाई गई। यह प्रदर्शनी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला विज्ञान क्लब संयोजक सुनील कुमार मिश्रा के संरक्षण में आहूत की गई। प्रदर्शनी में तकनीकी विज्ञान, दवा, खेती, पर्यावरण आदि विषयों में नवीनतम विचार एवं प्रयोग को सम्मिलित किया गया। प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं प्रबुद्ध तकनीकी व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। इसमें चिल्डेज्स एकेडमी गोला के कक्षा 8 के छात्र स्वास्तिक त्रिपाठी के द्वारा एवं विज्ञान संकाय के शिक्षक आगाज बेग के सहयोग से हर्बल इनसोल का आम जनमानस की सामान्य दैनिक जीवनचर्या को स्वस्थ रखने हेतु अभूतपूर्व प्रयोग किया, जिसमें करेला, नीम एवं अन्य प्राकृतिक औषधियों को मोजे एवं जूते में पहनने से डायबिटीज, जौंडिस एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों के निराकरण हेतु नया प्रयोग किया गया था, जिसकी सभी ने खूब प्रशंसा की। इस मॉडल को 2000 की पुरस्कार राशि भी प्रदत्त हुई। हर्बल इनसोल प्रयोग को पेटेंट करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है जिससे कि यह नवाचार समस्त जनमानस को उपलब्ध हो सके। इस नवाचार के लिए विद्यालय के एमडी सतीश गुप्ता, सविता गुप्ता ने छात्र को 5000 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये हैं।

ग्राम प्रधान ने किया दीपिका विश्वकर्मा को सम्मानित

जौनपुर। मुफ्तीगंज ब्लॉक के तारा कंपोजिट विद्यालय की छात्रा दीपिका विश्वकर्मा को पौनी हसनपुर के ग्राम प्रधान राजेन्द्र कनौजिया ने सम्मानित किया।

विगत दिनों जौनपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष कम्पोजिट विद्यालय तारा, उमरी मुफ्तीगंज की कक्षा पांच की बच्ची दीपिका विश्वकर्मा ने जिस द्दढता व आत्मविश्वास के साथ रामधारी सिंह दिनकर की रचना रश्मिरथी के तृतीय सर्ग का लयबद्ध वाचन किया उससे मुख्यमंत्री अत्यधिक प्रभावित हुए थे और बेटी की मेधा के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में चल रहे उत्कृष्ट शिक्षण कार्य की प्रशंसा की थी। इसके पूर्व जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र सिंह द्वारा विगत 8 मार्च को महिला दिवस पर दीपिका को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया गया, उसको उस दिन के कार्यक्रम का मुख्य आतिथि बनाने के साथ ही उसके नाम 11000 की एफडी खुलवाया था। इसी कड़ी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने बच्चों की प्रतिभा से प्रसन्न होकर उसे 5100 नकद पुरस्कार दिया था तथा एक दिन का प्रतीकात्मक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी घोषित किया था। प्रधान ने कहा क्योंकि यह बेटी हमारे ग्रामसभा की है और इसने अपने मेधा से पूरे ग्रामसभा का नाम रौशन किया है।

प्रमुख सचिव ने ली प्रगति की जानकारी

मीरजापुर। प्रमुख सचिव, कर एवं निबन्धन विभाग, उ0प्र0 शासन डा0 अमित गुप्ता ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में मण्डलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

बैठक में उप महानिरीक्षक निबन्धन, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्जल, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, उप निबन्धक सदर, चुनार तथा उप निबन्धक ज्ञानपुर, भदोही एवं औराई उपस्थित रहे। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी यथा भवन निर्माण में प्रमुख सचिव, द्वारा जनपद मीरजापुर में कार्यालय उप निबन्धक सदर, मड़िहान एवं लालगंज के भवन के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए उप निबन्धक कार्यालय हेतु जमींन आवंटन के सम्बन्ध में कहा गया जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मौजा चन्दईपुर में कार्यालय उप निबन्धक, सदर के भवन निर्माण हेतु जमीन आवंटन हेतु स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है साथ ही कार्यालय उप निबन्धक मड़िहान एवं लालगंज के भवन निर्माण हेतु जमीन आवण्टन की भी बात कही गयी। स्टाम्प वादों की समाधान योजना में प्रमुख सचिव द्वारा माह मार्च, 2025 में समाधान योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक स्टाम्प वादों को निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही 05 वर्ष से अधिक पुराने लम्बित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्धारित मानक से अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैंक गारण्टी द्वारा कार्यालय में जब्त बैंक गारण्टी का समयबद्ध ढंग से अवमुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मूल्यांकन सूची में प्रमुख सचिव द्वारा मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी जिसमें सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, मीरजापुर द्वारा अवगत कराया गया कि मूल्यांकन सूची को पुनरीक्षित करते हुए दिनांक 10 मार्च, 2025 से लागू करा दिया गया है। समीक्षा बैठक सम्पन्न होने के उपरान्त प्रमुख सचिव द्वारा कार्यालय उप निबन्धक सदर, मीरजापुर एवं कार्यालय उप निबन्धक औराई के कार्यालय का निरीक्षण किया गया साथ ही वहां पर उपस्थित जनता एवं विद्वान अधिवक्ताओं से लेखपत्र पंजीकरण में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी।

संक्षेप

पिकअप से अज्ञात वाहन की टक्कर चार घायल

आजमगढ़। जनपद के अहरौला क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 210 पॉइंट पर गलत साइड पर जा रही पिकअप को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पिकअप पर चालक सहित चार लोग घायल हो गए। हादसे में पिकअप चालक दुर्घटना के बाद सीट पर फंस गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सीतापुर के सिधौली गांव निवासी मोहित (32) अपने तीन अन्य साथियों के साथ सुल्तानपुर के कादीपुर से पिकअप से मछली खरीदने मार्केट के लिए निकले थे। वह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अहरौला थाना क्षेत्र के पश्चिमपट्टी गांव के पास 210 पर पहुंचे थे। पिकअप गलत साइड में चली गई। उसी समय तेज गति से किसी वाहन ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप चालक 32 वर्षीय मोहित की मौके पर मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार अहमद अली (40), महेंद्र मौर्य (45) और अमन गिरि (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल हुए तीन लोगों को यूपीडा की एंबुलेंस से सीएचसी अहरौला में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दो लोगों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीनों लोग सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर थाना क्षेत्र के कतना गांव के निवासी हैं।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर । नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मुहल्ला रिजवी खा में एक युवक ने फांसी लगाकर अपननी जीवनलीला समाप्त कर लिया। बताया गया कि उक्त मोहल्ले का मोहम्मद रफीक का 26 वर्षीय पुत्र मेराज अहमद शनिवार को आधी रात संदिग्ध परिस्थितयों में अपने घर के एक कमरे में गमछा के सहारे पंखे में फांसी लगाकर झूल गया जिसकी जानकारी परिजनों को मिली तो मौके पर आए परिजन जिसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी मौके पर आई पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दीया शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ।मिली जानकारी के अनुसार युवक पटाखे का कारोबारी था।

सियार के हमले में राष्ट्रीय पक्षी घायल

जौनपुर। शाहगंज के औद्योगिक क्षेत्र के पास ताखा पश्चिम गांव में रविवार सुबह सियार ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला कर दिया। उधर से गुजर रहे युवक जब तक उसे भगाने के लिए दौडे तब तक उस हमले में मोर घायल हो गया। सियार को भगाते हुए उक्त युवक घायलावस्था में उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां उपचार के बाद उसे वन विभाग के हवाले कर दिया गया। राष्ट्रीय पक्षी मोर सुबह उक्त गांव में टहल रहा था कि तभी अचानक एक सियार उस पर हमला कर दिया। उधर से गुजर रहे गांव के युवक रोहित विश्वकर्मा, आदर्श सिंह, अतुल और सुरेंद्र सिंह सियार को भगाने के लिए दौडे तब तक उस हमले में मोर घायल हो गया ।चोट उसके गर्दन पर आना बताया जा रहा। बहरहाल युवक घायलावस्था में उसे शाहगंज स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सक के अभाव में उन्हें वापस होना पडा ।इसी बीच किसी से जानकारी होने पर वे सेण्ट थामस रोड स्थित पालीवाल पेट्स क्लीनिक एण्ड सर्जिकल सेण्टर पहुंचे। जहां पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल ने उपचार करते हुए युवकों के इस कार्यशैली की सराहना की, वहीं वन विभाग को सूचित कर उसे वन विभाग के हवाले करा दिया।

किराने की दुकान से चोरी

शाहगंज (सोनभद्र) ।स्थानीय कस्बा में स्थित एक किराने की दुकान से चोरों ने हजारों रुपए के समान पर अपना हाथ साफ कर लिया है। दुकानदार एवं व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजकुमार केसरी ने बताया कि बीती रात को उनके दुकान का शटर चार्ट कर उसमें रखे कंप्यूटर का मॉनिटर, सीपीयू सहित किराने की समान चोर ले गए। इसकी सूचना संबंधित पुलिस को दे दी गई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद लोक सभा क्षेत्र राबर्ट्सगंज छोटेलाल खरवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर सांसद छोटेलाल खरवार ने अधिकारीगण को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारीगण अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों और जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित सूचना जन प्रतिनिधियों के साथ ही जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के सदस्यों को भी अवगत करायें। सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण आपसी ताल-मेल के साथ जरूरी योजनाओं को लोगों तक पहुंचायें। जनमानस के विकास के लिए जो भी योजनाएं चलायी जा रही है, उन योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये, उन्होंने कहा कि समन्वय के साथ विकास कार्यक्रमों व जन कल्याणकारी योजनाओं को अधिकारीगण/कार्यदायी संस्थाएं पारदर्शिता, समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाये। मा0 सांसद ने जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की अध्यक्षता करते हुए महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम के तहत मनरेगा के तहत कराये गये कार्यो की समीक्षा करते हुए स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा रोजगार दिलाने व पूर्व में मनरेगा के तहत कराये गये कार्यो के बकाये पारिश्रमिक का भुगतान कराने के निर्देश दिये, उन्होंने शहरी व ग्रामीण आवास योजना, मनरेगा, दीन दयाल अन्त्योदय योजना, एनआएलएम, कौशल विकास योजना, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जननी सुरक्षा योजना, बच्चों को नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण, कस्तुरबा गॉधी विद्यालय, भवन निर्माण, एकीकृत बाल विकास परियोजना, आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, कृषि विभाग द्वारा संचालित जैविक खेती, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम्य योजना, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, डिजिटल इण्डिया भू-रिकार्ड आधुनीकीकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जो भी योजनाएं संचालित हैं, उन योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य किया जाये।

शहीद दिवस पर 105 लोगों ने किया रक्तदान

रेणुकूट, सोनभद्र। नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स के कैंपेन संवेदना-2 के अंतर्गत हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट और प्रयास एक मुहिम जिंदगी बचाने की रक्तदाता समूह, द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हिण्डाल्को मनोरंजनालयहॉल में किया गया।

संवेदना-2 के अंतर्गत पूरे भारतवर्ष में 16 से 30 मार्च तक शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 94 वें शहादत दिवस पर 2400 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 150000 यूनिट्स ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है और इस कैंपेन का राष्ट्रीय प्रोजेक्ट डायरेक्टर हिंडालको में कार्यरत दिलीप दुबे को बनाया गया है। हिण्डाल्को में आयोजित रक्तदान शिविर में 105 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया वहीं 138 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस रक्तदान शिविर में वनिता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ संस्थान के मुखिया समीर नायक, क्लस्टर एच आर हेड जसबीर सिंह, ईआर हेड अजय सिन्हा, सिक्योरिटी हेड कर्नल रोहित कुमार शर्मा (सेनि.), हिण्डाल्को हॉस्पिटल की सीएमओ डॉ नीलम त्रिपाठीने संयुक्त रूप से फीता काटकर व शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरान्त समीर नायक, कर्नल रोहित शर्मा(सेनि.), रोहित गुरिजाला, आदित्य बर्मन, संजीव कुमार, संजय सिंह, शिवम लहरी, अलिंद तिवारी, वही प्रयास फाउंडेशन के संस्थापक दिलीप दुबे ने 59 वी बार रक्तदान कर मिशाल पेश की। वहीं कपल रक्तदान करने वालों में सुनीता, अमित शर्मा, प्रियदर्शनी सुभाशीष चक्रवर्ती, शिखा बिपिन सिंह, सुशीला पारस नाथ, नीलम उमेश मौर्या, अर्चना संजीव अग्रवाल, बबिता-बृजेश चौहान, रेखा जय प्रकाश कुशवाहा, सुशीला नवीन सैनी रहे।

एकजुट होकर सनातन को करना होगा और मजबूतः ध्रुव सिंह

- महाराणा प्रताप सेना के होली मिलन समारोह में हुई गुलाब की होली, भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। महाराणा प्रताप सेना की ओर से आयोजित होली मिलन एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन गरुड़ होटल के सभागार में रविवार को किया गया। सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। महाराणा प्रताप सेना परिवार की तरफ से भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह को अंगवस्त्रम, महाराणा प्रताप की प्रतिमा प्रदान कर राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने जोरदार स्वागत और अभिनन्दन किया। इसके बाद गुलाब की होली के बीच एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक, होली गीत प्रस्तुत कर कलाकार किरण तिवारी, राजेश रंजन आदि ने सुनाकर सभी में नई उमंग का संचार किया।

अपने स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता के साथ-साथ सनातन परंपरा की वह धरोहर है जिससे भक्ति प्रेम, आनंद और सद्भावना के सभी रंग मिले हुए है। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सनातन को सुरक्षित करने में लगे हुए है उनके हाथों को मजबूत करने के लिए 2027 की तैयारी में अभी से जुट जाए। होली मिलन के आयोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह बधाई के पात्र है। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख सौरभ सिंह बीनु ने कहा कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह को दूसरी बार भाजपा प्रदेश इकाई ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है इन्हें मजबूत करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास को गति देना होगा। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने कहाकि पर्व हमें नई ऊर्जा प्रदान करते है, इसी नई ऊर्जा के बीच नवागत जिलाध्यक्ष का भी होना बड़ा अनोखा संगम है। अन्य वक्ताओं में सेना के प.बंगाल प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह प्रधान, रामबचन सिंह, फौजदार सिंह आदि शामिल रहे.अध्यक्षता प्रभु नारायण प्रेमी एवं संचालन प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह प्रधान, वीरभद्र सिंह, भागवत तिवारी, राजेश सिंह, प्रवीण सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश खंडेलिया आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सामाजिक संस्था उम्मीद को मिला नेशनल एक्सीलेंस अवाड्र्स

सोनभद्र। सामाजिक संस्था उम्मीद द्वारा सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान एवं भिक्षावृति से जुड़े हुए लोगो के पुनर्वासन के दिशा के लिए जा रहे सराहनीय कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाने लगा है ।गत दिवस साउथ अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स द्वारा देश की राजधानी दिल्ली के रेडिसन होटल में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था उम्मीद को नेशनल एक्सीलेंस अवाड्र्स 2025 से सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेशनल एक्सीलेंस अवॉड्र्स 2025 सम्मान को संस्था के संस्थापक बलबीर सिंह मान एवं अध्यक्षा आराधना सिंह द्वारा ग्रहण किया गया। प्रतिष्ठित नेशनल एक्सीलेंस अवाड्र्स प्राप्त करने के बाद संस्था के संस्थापक बलबीर सिंह मान ने कहा कि सम्मान हमें और उर्जा और शक्ति के साथ कार्य के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्था को मिला यह सम्मान सिर्फ संस्था का सम्मान नहीं बल्कि उन तमाम सहयोगियों व शुभचिंतकों का सम्मान है ।जिनके सहयोग और प्रेरणा से हम कार्य कर पाए उन्होंने कहा कि यह अभियान अवगत जारी रहेगा। और आने वाले समय में हम अन्य क्षेत्रों में भी जनहित से जुड़े कार्यों को कर के लोगों की समस्याओं और परेशानियों को कम करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

जश्ने साझी विरासत फूलों की होली

जौनपुर। आजाद शिक्षा केंद्र कार्यालय बदरू का हाता खेतासराय में इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेमोक्रेसी का कार्यक्रम मनाया गया ।कुशाग्री श्रीवास्तव और आफताब आलम द्वारा आए हुए सभी लोगों को होली की प्रमुख मिठाई गुझिया खिलाकर रजिस्ट्रेशन कराया गया ।महिलाओं द्वारा होली गीत पारंपरिक नृत्य और फगुआ गीत का गायन किया गया। फील्ड कोऑर्डिनेटर ने कहा कि भारत की खुशबू की सुगंध और खेतासराय के फूलों की फुहार आईएसडी की उम्मीद और हमारा प्यार मुबारक हो सभी को होली का त्यौहार। प्यारे मोहन श्रीवास्तव ने दहेज मुक्त शादी के लिए एक दहेज गीत प्रस्तुत किया जिसमें दहेज के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संदेश था तत्पश्चात फगुआ गीत गाया गया जिससे माहौल में उल्लास फैल गया। फगुआ गीत, और नृत्य के साथ ही फूलों की होली खेली गई जिसमें महिलाएं युवा और स्टाफ सभी शामिल थे। संचालन ज्योतिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

चढ़ावे में हो रहे बंदरबाट से नाराज दिखे शिवभक्त

आजमगढ़। शहर के समीप आस्था के केंद्र भंवरनाथ मंदिर में चढ़ावा के धन की बंदरबांट का मामला गमार्ता जा रहा है। रविवार को भारी संख्या में नगरवासी एसडीएम के बुलावे पर सदर तहसील पहुंचे। हालांकि एसडीएम के किसी अन्य विभागीय कार्य की व्यस्तता के चलते नहीं आने के कारण सोमवार को दोनों पक्षों को एक बार फिर बुलाया गया है।

रविवार को अवकाश होने के चलते एकजुट लोग इस मुद्दे को लेकर यहां बहुत देर तक मौजूद रहे। देवखरी ग्राम प्रधान रुपेश सिंह का आरोप था कि बीते सोमवार को स्थानीय मनबढ़ लोगों के द्वारा मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था। पिछले 15 वर्षों से यहां पर प्रत्येक सोमवार को भगवान भोले नाथ का श्रृंगार होते आ रहा था। लेकिन इस परंपरा को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि आधी रात को दान पेटिका को खोल कर चढ़ावा भी निकाल लिया जाता है। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी है। जिसका विडियो भी वायरल हो रहा है। इस दौरान जयप्रकाश दूबे दीपू ने भी कहा कि मंदिर में पिछले कई दिनों से कुछ स्थानीय मनबढ़ किस्म के लोग यहां के चढ़ावा के लालच में दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अन्य लोगों ने भी बताया कि एसी व नॉन एसी कमरों की बुकिंग के नाम पर भी जमकर धनउगाही की जा रही है। कई बार यहां के मनबढ़ों की करतूतों की शिकायत पुलिस से भी की जा चुकी है लेकिन वह असमर्थ साबित हो रही है। इन मनबढ़ों की करतूत पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई गई है।

सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे, होंगे विविध कार्यक्रम

मीरजापुर ।प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व नीतियों को जन सामान्य का अवगत कराने के दृष्टिगत आगामी 25, 26, 27 मार्च 2025 को जनपद मुख्यालय बी0एल0जे0 ग्राउंड महुवरिया में भव्य आयोजन किया जा रहा हैं।

तैयारियों के सम्बन्ध में आज जनपद के नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश शासन पिंकी जोवेल ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ वार्ता कर तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी अधिकारियों के साथ तैयारियो के सम्बन्ध में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके पूर्व जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बी0एल0जे0 ग्राउंड महुवरिया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया गया ।जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा वर्तमान सरकार के 08 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित वृहद चित्र प्रदर्शनी का आयोजन लगाई। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम व एल0ई0डी0 प्रचार वाहन की व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी विभागो में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल लगाकर लोगो को योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर एलोपैथ के अलावा होम्योपैथ एवं आयुर्वेदिक चिकित्सको के कैम्प लगाए जाए तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित स्टाल भी लगाया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, दिव्यांग कल्याण विभाग के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन के पात्र लाभार्थियो को वही पर आवेदन कराकर फार्म भराया जाए ताकि उनका चयन कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें।

सीबीआईपी पुरस्कार से एनटीपीसी विंध्याचल सम्मानित

Chief Guest
Dr RAJ BHUSHAN CHOUDHARY
Minister of State for Jal Shakti,
Govt. of India

सोनभद्र। सतत जल प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, एनटीपीसी विंध्याचल को 2024 के केंद्रीय सिंचाई और शक्ति बोर्ड (ब्ठप्च्) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जल पुनः उपयोग परियोजना-जल आपूर्ति/ स्वच्छता/ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत उनकी जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (स्क) और वर्षा जल संचयन प्रणाली परियोजना के लिए प्रदान किया गया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 21 मार्च,2025 को नई दिल्ली स्थित एससीओपीई परिसर में प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्टेशन की जल संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव पहलों को मान्यता दी गई। इस अवसर पर संजय प्रकाश यादव, अपर महाप्रबन्धक(ईएमजी) और राहुल वर्मा, अपर महाप्रबंधक (एयूडी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया ।एनटीपीसी विंध्याचल की जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (स्क) पहल के माध्यम से, यह सुनिश्चित किया जाता है कि अपशिष्ट जल को उपचारित कर पुनरू उपयोग किया जाए, जिससे पर्यावरण में किसी भी प्रकार का जल निर्वहन नहीं होता। इसके अतिरिक्त, स्टेशन की वर्षा जल संचयन प्रणाली भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देती है, जिससे जल स्थिरता को प्रोत्साहन मिलता है। ये पहलें एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय जिम्मेदारी और संसाधन अनुकूलन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं और विद्युत क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए नए मानक स्थापित करती हैं।

मुठभेड़ में 6 करोड़ की हीरोइन संग तीन बदमाश गिरफ्तार , एक आरक्षी घायल

मीरजापुर। थाना कटरा कोतवाली व राजगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साढ़े छह करोड़ की हेरोइन के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है ।इसमें एक आरोपी को मुठभेड़ में गोली लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया ।जानकारी के अनुसार, कटरा कोतवाली पुलिस ने बीती रात तुलसी चौक स्थित मोहल्ले में दबिश देकर हेरोइन तस्कर नन्हे कसेरा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उसके पास से साढ़े छह करोड़ की हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तारी के बाद तस्कर नन्हे कसेरा ने पुलिस को और मादक पदार्थ बरामदगी के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस उसे लेकर उसके बताए गए स्थान पर यानी राजगढ़ ले गए। वहां मादक पदार्थ तो नहीं मिला। मादक पदार्थ के स्थान पर नन्हे कसेरा असलहा छुपा कर रखा था। उसने असलहे से फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसमें एक आरक्षी घायल हो गया। पुलिस टीम में जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस ने दो अन्य बदमाश को भी गिरफ्तार किया।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

मीरजापुर ।मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलीय अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यकम लेखा प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकरी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला कार्यकम अधिकारी, आई0 सी0 डी0 एस0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक का

आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, एच0 एम0 आई0 एस0 कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा, क्वालिटी एश्योरेंश कार्यकम, राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यकम, एन0सी0डी0, संचारी रोग अभियान एवं 100 दिवस टी0बी0 अभियान के उपलब्धियों की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ, डब्लू0 एच0 ओ0 एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए, कम प्रगति वाले बिन्दुओं पर अप्रसन्नता करते हुए, 15 दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मण्डलायुक्त द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि हीटवेब के दृष्टिगत समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, उपकरणों आदि की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता तथा अन्य व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया।

सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार

शाहगंज, सोनभद्र। स्थानीय कस्बा पुलिस चौकी में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने अलविदा जुमा, ईद तथा चैत्र नवरात्र को सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील किया। उन्होंने सभी धर्मो के लोगों से कहा कि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। इसमें किसी तरह की दखलनदाजी ठीक नही होगी। इस मौके पर जलील खान, इरशान खान, अमर बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, राजकुमार केसरी, सेराज, प्रफुल पांडे, अमरनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

52 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को दिया श्रद्धांजलि



जौनपुर। लायन्स क्लब द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 94वे शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को शिवांश ब्लड बैंक कुत्तुपुर तिराहा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगो ने रक्तदान कर अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर की गई। मण्डल वाइस चेयरमैन ब्लड डोनेशन डा संदीप मौर्य ने कहा कि जिस तरह से इस देश के लिए शहीदों ने अपना खून बहाया है, उसी तरह हमें भी इस देश के लिए अपना खून दान करना चाहिए, जिससे किसी की जान बचाई जा सके. क्योकि एक व्यक्ति के रक्तदान करने से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है। कुल 52 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदीप श्रीवास्तव, डा संजीव मौर्य, सुरेश चन्द्र गुप्ता, संजय जायसवाल, अरविन्द, राजेन्द्र, अमन, विशाल, सोनू, दिव्यम, ताजिक, बृजेश, राजू, प्रियांशु सिंह, विजय, नीरज करन, विक्की, नवनीत आदि ने रक्तदान किया।

भूमि विभाग सुलझाने गये एडीएम को नहीं मिली सफलता

मीरजापुर ।थाना ड्रमंडगंज क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम नमामि गंगे धीरेन्द्र प्रताप सिंह एसडीएम लालगंज युगांतर त्रिपाठी ने वनविभाग और राजस्व विभाग के भूमि विवाद को सुलझाने के लिए वनविभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा ग्रामीणों के साथ बैठक की ।दो घंटे तक चली बैठक में मामले का समाधान नही हो सका। वनविभाग द्वारा बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में ग्रामीणों द्वारा वन भूमि पर खेती किए जाने का आरोप है तो ग्रामीण उसे राजस्व की भूमि बताकर खेती करने का दावा करते हैं। एडीएम और एसडीएम को बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने वर्ष 1975 में शासन द्वारा पट्टा आवंटित किए जाने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा हम लोग उक्त भूमि पर बाप दादा के जमाने से खेती करते हुए चले आ रहे हैं। यदि वनविभाग की भूमि थी तो वनविभाग को इसे पहले से अपने कब्जे में लेना चाहिए था। एडीएम नमामि गंगे ने मौके पर मौजूद रेंजर से विवादित भूमि के कागजात की मांग की तो वह नही दिखा सके। रेंजर ने एडीएम नमामि गंगे से कहा कि संबंधित कागजात कार्यालय पर है ।वनविभाग के नक्शे जो भूमि दर्ज है उस भूमि जबरन ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर खेती की जा रही है। ग्रामीण अवधेश सिंह, बब्बू पाल हरिशंकर , हिंछलाल ने अधिकारियों को बताया कि उक्त भूमि पर आजादी से पहले हमारे पूर्वज खेती करते थे जिसपर हम लोग भी खेती करते चले आ रहे हैं। एडीएम नमामि गंगे ने ग्रामीणों के पट्टे व राजस्व विभाग के कागजात को देखने के बाद वनविभाग द्वारा कागजात नही दिखाने पर वनविभाग को विवादित भूमि का कागजात दिखाने का निर्देश दिया ।दो घंटे तक चली बैठक में कोई निर्णय नही हो सका। इस संबंध में एडीएम नमामि गंगे धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में भूमि विवाद के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की जांच शुरू की गई है। वनविभाग राजस्व विभाग और ग्रामीणों के साथ मिलकर बैठक की गई जिसमें भूमि विवाद को लेकर सभी की बातों को सुना गया।

पलटी बोलेरो , चालक घायल

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सखोई गांव के पास रविवार दोपहर एक बोलेरो भैंस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। केराकत से जफराबाद की ओर जा रही बोलेरो को सखोई गांव के पास अचानक सडक पर एक भैंस आ गई। चालक ने भैंस से बचने का प्रयास किया। इस दौरान गाडी अनियंत्रित होकर 4-5 बार पलटी। स्थानीय लोगों के अनुसार, गाडी तेज रफ्तार में थी ।हादसे में गाडी में अकेले सवार चालक घायल हो गया। वह केराकत थाना क्षेत्र के कटका गांव का रहने वाला है। स्थानीय लोगों ने घायल चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

संक्षेप

गेहूं की फसल में हार्वेस्टर चलाकर बर्बाद करने का आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले यशपाल सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी पैतृक भूमि ग्राम सतरवांस व भैंसाई में स्थित है, जिस पर उसने गेंहू की फसल बोई है और उसकी देखभाल भी कर रहा है।पानी से लेकर दवाई तक उसने फसल में डाली है। बताया कि शनिवार की सुबह करीब 11.30 बजे ग्राम सतरवांस में रहने वाले सुरेन्द्र सिंह पुत्र बलराम सिंह, राजपाल सिंह व बलराम सिंह पुत्रगण पूरन सिंह, रिंकू राजा पुत्र बलराम सिंह, मंगल सिंह पुत्र दलीप सिंह, जयदेव पुत्र प्रमोद एवं चार-पांच अज्ञात लोग एकराय होकर आये और उसके भैंसाई स्थित खेत में निदानबाई में खड़ी गेंहू की फसल हारवेस्टर से काटने लगे।फसल काटने से रोकने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये और जान से मारने की नीयत से आयशर ट्रैक्टर जो कि मंगल सिंह का है को चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे वह बाल-बाल बच गया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।यशपाल ने बताया कि उसके खेत में खड़ी गेंहू की फसल को उक्त लोग नुकसान पहुंचा गये। पीड़ित ने खेत में खड़ी गेंहू की फसल के साथ-साथ जानमाल की सुरक्षा कराये जाने की मांग उठायी है।यशपाल सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (1), 352, 131, 324 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मारपीट की रिपोर्ट

अयोध्या। कैंट थाना क्षेत्र के मऊयदुवंशपुर में हुए विवाद और मारपीट के मामले में कैंट पुलिस ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत में सोनी पत्नी सोनू निवासी ग्राम दीपापुर,मऊयदुवंशपुर का कहना है कि गुरुवार की शाम लगभग 6.15 बजे गांव के ही निवासी सूर्या पुत्र गौरीशंकर के गाली-गलौज का विरोध किया तो उसने फावड़ा से हमला बोल दिया। जिसमें उसको व पुत्री प्रिया (16) तथा पति सोनू को गंभीर चोट आयी।

बदमाशों ने ड्राइवर सहित ट्रक को किया हाईजैक, लूट की वारदात को दिया अंजाम

- कसया नगर मे एक व्यक्ति के घर आठ घंटे तक चालक को बदमाशों ने बंधक बनाकर रखा
- ट्रक मे लदे सामन लूटने के बाद सुनसान सड़क पर चालक और ट्रक को छोड़ा

कुशीनगर। मुख्यमंत्री के गृह शहर गोरखपुर से एक ट्रक ड्राइवर को अपहरण कर कुशीनगर में लूटपाट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अपराधियों ने खुद को सेल टैक्स अधिकारी बताकर पहले ट्रक को रोका फिर चालक सहित ट्रक को हाईजैक कर कसया पहुचें जहां चालक को आठ घंटे तक बंधक बनाने के बाद लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाशों ने ड्राइवर को मुक्त कर खाली ट्रक सुनसान सडक पर छोडकर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक लुटेरों ने गोरखपुर मे पहले ट्रक रुकवाकर ट्रक चालक सहित ट्रक को हाईजैक कर लिया। इसके बाव अपराधियों ने चालक सहित ट्रक को कसया लेकर पहुंचे जहां नगर मे एक व्यक्ति के घर मे चालक को तकरीबन आठ घंटे तक बंधक बनाकर रखा। बताया जाता है कि इस दौरान बदमाशों ने ट्रक में लदे सामान को उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद ड्राइवर को धमकाकर ट्रक को एक सुनसान स्थान पर छोड़कर फरार हो गए।बदमाशों के चंगुल से छुटने के बाद ट्रक ड्राइवर ने अपने मालिक को घटना की पूरी जानकारी देते हुए कसया थाने में जाकर तहरीर दी।चालक का आरोप है कि 48 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया।चालक का कहना है कि पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पकड थाने लेकर आयी थी लेकिन उनके विरुद्ध बिना कोई कानूनी कार्रवाई किये छोड दिया गया।पीड़ित ट्रक ड्राइवर का आरोप है कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए संदिग्धों को पैसा लेकर छोड़ दी है और सिर्फ कार्रवाई करने का आश्वासन दे रही है। इस मामले में कसया पुलिस की निष्क्रियता और संदिग्ध भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त की है और न्याय की मांग करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस समय रहते उचित कदम उठाती, तो अपराधियों को पकड़ा जा सकता था।इस मामले में अब तक न तो कोई गिरफ्तारी हुई है और न ही लूटे गए सामान की बरामदगी हुई है पीड़ित ट्रक मालिक और ड्राइवर ने पुलिस के आला अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ऐसी चर्चा है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो स्थानीय व्यापारी और ट्रक यूनियन द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की संभावना है।

विधि संगत कार्रवाई होगी :एसएचओ

इस संबंध में एसएचओ ओमप्रकाश तिवारी का कहना है कि गिड़ा पर स्क्रैप लड़कर सिवान जा रहा था, घटना गोरखपुर की है, जांच की जा रही है।यह पूछे जाने पर कि चालक को आठ घंटे कसया नगर के किसी व्यक्ति के घर बंधक बनाए जानेबके बाद ट्रक लूटी गई है, इसपर एसएचओ ने कहा कि हर पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है, नियम संगत तरीके से जो भी कार्रवाई होगी की जाएगी।

बाइक की जोरदार टक्कर से युवक घायल, मामला दर्ज

ललितपुर। महरौनी क्षेत्र के ग्राम पचौड़ा में रहने वाले रविन्द्र कुमार पुत्र रमेश नाथ ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका छोटा भाई राघवेन्द्र अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए13 7041 से महरौनी आ रहा था।उसका भाई पचौड़ा रोड स्थित जगन्नाथ पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 एम.ई. 3840 के चालक ग्राम पठाविजैपुरा निवासी देशराज पुत्र किशन ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों की मदद से उसके भाई राघवेन्द्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां अब उसका उपचार चल रहा है। बाइक चालक देशराज के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

दो घर जल कर राख

कुशीनगर। जिले के हनुमानगंज थाना क्षेत्र के गांव तिनबर्दहा में अज्ञात कारणों से लगी आग में दो घर जल कर राख हो गया। आग के बीच बकरियों को ? बचाने गयी एक महिला भी झुलस गयी।इस अग्निकाण्ड में चार बकरियों की मरने की सूचना है।सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मी, प्रभारी पशु धन अधिकारी ने मौका मुआयना किया। जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर करीब एक बजे अज्ञात कारणों से खुर्शेद आलम के घर से धुआ व आग की ? लपटे निकलने लगा। जो देखते ही देखते सटे जुम्मन के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटों को देख ग्रामीणों ने बाल्टी अन्य साधन से आग पर काबू करने में जुट गये, तो वही फायर सर्विस की गाड़ी भी ? पहुँच गया। जिससे आग पर काबू पाई जा सकी। बताया जा रहा है कि आग में झुलसकर जुम्मन की ? चार बकरियां जल ?कर मर गयी।इसी दौरान जुम्मन की पत्नी असगरी 58 वर्षीय ने घर में बन्धी बकरियों को बचाने गई तो झुलस गयी। परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी तुर्कहा ले गये। जहां उनका उपचार चल रहा है। आग की घटना के बाद पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि औरंगजेब अंसारी ने पिडित स्वजनों को आहेतुक सहायता कर सरकारी सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया।प्रभारी प्रशु धन अधिकारी बी के वर्मा ने मरी बकरियों का पंचनामा कर बकरियों की शव का पोस्टमार्टम किया।

शिविर में 810 दिव्यांगजन निःशुल्क उपकरण के लिए चिन्हित

5

6

- 02 दिव्यांगजनों का आधार प्रमाणीकरण बैंकों द्वारा किया गया, पुनः चालू हुई पेंशन
- विधायक रुद्रपुर श्री जयप्रकाश निषाद ने लिया शिविर का जायजा
- 406 दिव्यांगजनों के बने दिव्यांगता प्रमाणपत्र

देवरिया। देवरिया के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित विशेष चिन्हांकन शिविर दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की निगरानी में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और सहायक उपकरण चिन्हीकरण की प्रक्रिया पूरी की।

शिविर के दूसरे दिन 810 दिव्यांगजन विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। ये सभी उपकरण एलिम्को द्वारा निःशुल्क वितरित किए जाएंगे, जिसके लिए बाद में ब्लॉक स्तर पर वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा, 406 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए गए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। 102 दिव्यांगजनों का आधार प्रमाणीकरण भी किया गया, जिससे उनकी पेंशन पुनः प्रारंभ हो सकी।दो दिवसीय शिविर में कुल 1599 दिव्यांगजन विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किए गए, जिन्हें 2.44 करोड़ रुपये मूल्य के उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान प्रशासन ने 718 दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र जारी किए, जबकि 352 दिव्यांगजनों की पेंशन आधार प्रमाणीकरण के बाद पुनः शुरू की गई। चिन्हांकन प्रक्रिया के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, सामान्य ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट छड़ी, श्रवण यंत्र सहित कई सहायक उपकरणों के लिए पात्र दिव्यांगों को चिह्नित किया गया।माननीय विधायक रुद्रपुर श्री जयप्रकाश निषाद ने शिविर का निरीक्षण कर इसकी सराहना की। जिलाधिकारी स्वयं पूरे आयोजन की निगरानी करती रहीं, जिससे शिविर की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हुईं।

आयोजन स्थल पर आधार प्रमाणीकरण, एनपीसीआई पंजीकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा और बैंक खाता खोलने की व्यवस्था भी की गई, जिससे दिव्यांगजनों को आवश्यक सरकारी सेवाओं का सीधा लाभ मिल सके।इस अवसर पर लाभान्वित दिव्यांगजनों ने प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शिविर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता करेगा।बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों की उपस्थिति ने इस शिविर की सफलता को प्रमाणित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन इस लाभ से वंचित न रहे। चिन्हांकित लाभार्थियों की सूची एलिम्को, कानपुर को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर जल्द ही उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे और ब्लॉक स्तर पर वितरित किए जाएंगे।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/सदर एसडीएम श्रुति शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आपसी मेल मिलाप ,स्नेह का प्रतीक है होली मिलन

4

देवरिया । राग, रंग, ताल, ढोलक व झाल के साथ शुभ बैंकट हाल कसया रोड देवरिया पर सम्पन्न हुआ होली मिलन ।उपस्थिति लोगो ने एक स्वर में कहा कि समाज में बदलाव के लिए, मानवता के सेवा के लिए संगठित प्रयास और छोटी मदद कि जा सकती हैं। क्योंकि₹हमलोग₹ एक सेवा संकल्प का संगठन है जो समाज मानवता और सभ्यता से जुड़े मुद्दे पर सेवा व समर्पणके साथ असहायों, निराश्रितों के लिए, सामाजिक एकता, सद्भावना और समरसता के लिए सहमति और सहभागिता के साथ कुछ करने यानी कि सामाजिक एकजुटता के माध्यम से लोगों को संकट से उबारना के लिए कार्य करता हैं। ₹स्वरंग₹ अपनों के संग होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में उपस्थितअखिलेंद्र शाही, राकेश धर द्विवेदी, जावेद अहमद,सतिश चंद्र त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी,भानु प्रताप सिंह,सनत पाण्डेय, डॉ राजीव राय, डॉ एसके पाठक, डॉ दिनेश मिश्र, आनन्द श्रीवास्तव, सोनू, सच्चिदा सिंह राना, संजीव कुमार मिश्र,एडवोकेट अरुण राव, एडवोकेट अविनाश सिंह, एडवोकेट राकेश पाठक, प्रो. रामकुमार तिवारी, पूर्व सैनिक मारकंडे पति तिवारी, संजय राय, विवेक कमानी, डॉ राधेश्याम शुक्ला, अविनाश गुप्ता, सत्यप्रकाश मणि, अरूण मिश्रा, विनोद जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, चंदन वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन और सरकार प्रयासरतः एडीएम

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन
पत्रकार सम्मेलन व विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह
विषय- वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता की चुनौतियां

बरहज (देवरिया) । भलुअनी नगर पंचायत के सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई बरहज पत्रकार सम्मेलन/पत्रकार गोष्ठी एवम सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीपक कुमार मिश्रा शाका ने वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता विषयक गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के समक्ष तमाम चुनौतियां हैं लेकिन यह चुनौतियां ही पत्रकार को ऊर्जा और ताकत प्रदान करती है।फिर भी पत्रकार की लेखनी में पीड़ितों एवं परेशान लोगों की आवाज उठाती है तो कोई आपका बाल बांका नहीं कर सकता। समाचार पत्रों की विश्वासनीयता अभी कायम है पारदर्शिता आपकी पहचान है।समाज की स्वीकार्यता आपको चुनौतियों को से लड़ने में ताकत देती है। सूचना का व्यापार पत्रकारिता धर्म में नहीं है।श्री मिश्र ने पत्रकारों के लिए एक कार्यालय भवन बनवाने का आश्वासन भी दिया।

विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार राय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने अपने उद्बोधन में कहा की पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं इसके लिए पत्रकार हित की रक्षा सुरक्षा के लिए सरकार और प्रशासन प्रयासरत है। अखबारों की सूचना से प्रशासन को मदद मिलती है ।प्रशासन हमेशा पत्रकारों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर रहता है ।जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय ,प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह ने चुनौती के इस दौर में पत्रकार संगठन के मजबूत होने को आवश्यक बताया और पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।इस अवसर पर

संगठन एवम पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार प्रेमचंद मिश्र,राजेंद्र सिंह,जगदीश जायसवाल,गंगा शरण पांडे,सहित खेल जगत में विवेकनन्द इंटर कालेज की करायलशुक्ल की क्रिकेट की राष्ट्रीय खिलाड़ी छात्रा तन्नू चतुवेर्दी को सम्मानित किया गया । विनोद सिंह,प्रमोद राय,सुशील यादव,उमेश चंद्र,ओमप्रकाश अकेला,आदित्य कुमार मिश्र,सिंहासन यादव ,पवन कुमार सिंह एवम स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज करायल शुक्ल के बारहवीं की छात्रा क्रिकेट के क्षेत्र में राष्ट्रीय बालिका क्रिकेट खिलाड़ी तन्नू चतुर्वेदी को भी सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम द्वीप प्रज्वलन कर किया गया ।सरस्वती बंदना एवम स्वागत गीत शांडिल्य मिशन की छात्रा रागनी एवम खुशी मौर्य ने किया ।गोष्ठी को सुरेन्द्रदेव मिश्र प्रेमचन्द्र मिश्र , डॉ हरिश्चंद्र मिश्र,प्रमोद राय परमेश्वर दयाल मिश्र ,ब्लॉक प्रमुख छद्दू यादव,नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश कुमार आदि करते हुए अपने विचार रखे । इसके पूर्व आयोजक मंडल द्वारा मुख्य अतिथि सहित अतिथियों को अतिथियों का माल्यार्पण एवं वस्तु तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह ,मणीन्द्र उर्फ

मोनू सिंह तहसील मंत्री प्रेम कुमार आदित्य कुमार मिश्रा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोंगों को सम्मानित किया गया। जिला मंत्री श्रवण कुमार गुप्त, सहित पवन कुमार पाठक,सुरेश पांडे,ओमप्रकाश मिश्र,जितेंद्र यादव,आदित्य कुमार मिश्र,विनोद सिंह गुड्डू, ने संबोधित किया।

विश्व जल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

ललितपुर। विश्व जल दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जल शपथ का आयोजन व जन-जागरुकता रथ रवाना किया गया। विश्व जल दिवस पर सीडीओ की अध्यक्षता में भूगर्भ जल विभाग द्वारा जल शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीडीओ ने उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को जल के समुचित उपयोग हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्व रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक भूभौतिकविद् सह नोडल अधिकारी, अटल भूजल योजना/भूगर्भ जल विभाग, खण्ड विकास अधिकारी, तालबेहट के साथ अटल भूजल योजना के आईईसी व कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहे।इस दौरान जनपद में भूगर्भ जल अधिनियम-2019 अंतर्गत कूप/बोरिंग का पंजीकरण अथवा अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने व जल के संबंध में जनजागरुकता हेतु जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त, श्रमरोजगार व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ रवाना किया गया। रथ के माध्यम से जनपद के विभिन्न चौराहों, रेलवे स्टेशन, चौक, औद्योगिक क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा भूजल दोहन करने वालों को भूगर्भ जल अधिनियम-2019 के अंतर्गत कूपों का पंजीकरण व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु जागरुक किया गया ।ग्राम पंचायत में जागरुकता रैली का आयोजनविश्व जल दिवस के इस अवसर पर अटल भूजल योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जमालपुर में महिला बाल विकास सेवा संस्थान व कड़ेसराकला में नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेण्ट एण्ड कामन वेल्थ संस्थान द्वारा जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं के साथ नीरज, प्रीती, दीप्ती राजा, अविजित परमार के साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

दो सगी चचेरी-तहेरी बहनों का अपहरण, पांच आरोपियों पर मुकदमा, पुलिस तलाश में जुटी

शीशगढ़-बरेली। थाना क्षेत्र में दो चचेरी-तहेरी बहनों के अपहरण का मामला सामने आया है। गांव के ही दो सगे भाइयों ने अपने तीन साथियों की मदद से दोनों किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगा लिया। परिजनों का आरोप है कि किशोरियां अपने साथ घर से जेवर और नकदी भी ले गईं।

नकदी और जेवर भी ले गईं किशोरियां शीशगढ़ क्षेत्र के रहने वाले नवी अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गुरुवार दोपहर गांव के गुड्डू और शहजिल ने शाही के गांव फिरोजपुर निवासी अमीर अहमद, फरीद और फईम की मदद से उनकी (17) वर्षीय बेटियों को बहला-फुसलाकर भगा लिया। परिजनों के अनुसार किशोरियां अपने साथ सोने के जेवर और 33 हजार रुपये भी ले गईं। इन पर आरोपियों पर एफआईआर दर्ज पुलिस ने मामले में गुड्डू, शहजिल, अमीर अहमद, फरीद और फईम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरियों को बरामद कर लिया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुस्कुराते हुए फांसी पर चढ़ गये थे वीर क्रांतिकारी

देवरिया । भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस के अवसर पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने नई कालोनी स्थित शहीद भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि करके अमर शहीदों को नमन किया ।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के नायक क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अंग्रेजी हुकूमत ने 23 मार्च 1931 को फाँसी दे दिया, अमर बलिदानियों के शहादत के इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देशवासी उनके बलिदान को याद कर सकें और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकेंउन्होंने कहा कि फांसी के वक्त ये तीनो वीर क्रांतिकारी मुस्कुरा रहे थे, उन्होंने अपने बलिदान से यह साबित कर दिया कि देश के लिए मर मिटने का जज्बा किसी भी डर से बड़ा होता हैअम्बिकेश पाण्डेय ने कहा किदेश की आजादी के लिये शहीद हुए वीर क्रांतिकारियों की शहादत देश के युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित करती रहेगी ।इनका बलिदान युगों-युगों तक देश के लोगों को याद रहेगा ।इस अवसर पर डॉ विनोद पाण्डेय, वीरेंद्र पाठक, शुभम त्रिपाठी, विजय कुशवाहा, मनोज सिंह, राजू मिश्रा, आकाश, अरुण मिश्र आदि उपस्थित रहे।

न हुआ विद्यालय डिबार , न हुई डीआईओएस पर कोई कार्रवाई

बोर्ड परीक्षा में डीआईओएस का लापरवाही, मनमानी और गैरजिम्मेदाराना कार्य प्रणाली के साथ गाइडलाइन की जमकर धज्जियां उड़ाने का मामला

जिला संवाददाता

- डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त को कौन बचा रहा है

कुशीनगर। मुख्यमंत्री जी. ! उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा मे रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में अब तक न तो स्कूल डिबार हुआ और न ही इस मामले को पचाने की कोशिश करने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के खिलाफ कोई कार्रवाई की गयी है।नतीजतन साहब के हौसले इस कदर बुलंद कि बिना परीक्षण कराये दस फीसदी कमीशन पर पुराने एरियर का भुगतान शुरू कर दिया है, जो विभागीय गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि बोर्ड परीक्षा को सुव्यवस्थित तरीके से सकुशल संपन्न कराने मे पुरी तरह से फ्लोर, लापरवाह और गैरजिम्मेदार साबित हुए डीआईओएस के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है ऐसा विभाग से जुडे लोगो का दावा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज पर जुमार्ना व डिबार की कार्रवाई के साथ साथ डीआईओएस को कब निलंबित किया जाता हैकाबिलेजिक्र है कि बीते दिनों जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के लापरवाही व गैरजिम्मेदाराना की भेंट चढी बोर्ड परीक्षा को लेकर कुशीनगर जनपद का शासन-सत्ता के गलियारों में खूब छिछालेदर हुआ।इस छिछालेदर का वजह भी खुद यहां के डीआईओएस है जिन्होंने 2 मार्च को फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में रिजर्व में रखे गये पेपर से परीक्षा कराने के मामले में विद्यालय व विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय संगीन मामले को पचाने व घटना को झुठलाने मे लगे रहे। लेकिन लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्रों ने डीआईओएस के झूठ की कलई खोल घटना से पर्दा उठा दिया। नतीजतन डीआईओएस व अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज की करतूत को लेकर बोर्ड परिषद से लगायत शासन की गलियारों मे खूब थू-थू हुआ।

केस संख्या-02

कहना न होगा कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज द्वारा रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला अभी शान्त भी नही हुआ था कि सोहसा मठिया में उत्तरपुस्तिका गायब होने के मामले मे डीआईओएस ने अपनी लापरवाही व कंट्रोल रूम की कमियों को छिपाने के लिए देर रात तक केन्द्र व्यवस्थापक व संकलन केन्द्र प्रभारी को कार्यालय मे बैठाकर उत्तर पुस्तिका ढुढवाते रहे और देर रात संकलन केन्द्र प्रभारी को अपना शिकार बनाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया जबकि केन्द्र व्यवस्थापक व संकलन केन्द्र प्रभारी ने उत्तर पुस्तिका गायब होने की सूचना डीआईओएस को अपरान्ह ढाई बजे ही दे दिया था। नतीजतन डीआईओएस के इस कार्यप्रणाली को लेकर भी खूब चर्चा हुआ।

केस संख्या-03

रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने व उत्तरपुस्तिका गायब होने के मामले मे डीआईओएस के कारगुजारी को लेकर जिले में बमचिक मचा ही हुआ था कि 24 फरवरी को जिले के खड्डा स्थित किलानी देवी इंटरमीडिएट कालेज मे संपन्न हुई इंटरमीडिएट के हिन्दी (कोड संख्या 301) व सामान्य हिन्दी (कोड संख्या 302) विषय की परीक्षा का उत्तरपुस्तिका केन्द्र व्यवस्थापक के लापरवाही के कारण एक ही बण्डल में बाधकर पडरौना स्थित उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज में बने संकलन केन्द्र पर जमा कराने का मामला जब डीआईओएस के संज्ञान में आया तो उन्होने जिलाधिकारी व सचिव बोर्ड गोरखपुर को इसकी जानकारी दिये बगैर, बिना किसी उच्चाधिकारियों के अनुमति से संकलन केन्द्र पहुंचकर एक ही बण्डल मे बाधकर रखे गये हिन्दी 301 व सामान्य हिन्दी 302 का उत्तरपुस्तिका अलग अलग बण्डलो में कराकर जमा कराया, जो नियम विरुद्ध है। डीआईओएस का यह कारगुजारी भी संकलन केन्द्र पर लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद है जैसा कि सूत्रो का दावा है। ऐसे मे सवाल यह उठता है बोर्ड परीक्षा की सुचिता और पारदर्शिता को पूरी तरह तार तार व बोर्ड परीक्षा की गाइड लाइन की धज्जियाँ उडाकर सरकार की छवि को धूमिल करने वाले डीआईओएस पर योगी सरकार कब करेगी कार्रवाई.?

परीक्षा इंचार्ज भी रहे गैरजिम्मेदार

कहना ना होगा कि बोर्ड परीक्षा में परीक्षा इंचार्ज की भूमिका परीक्षा के सुचारू संचालन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होती है। जानकार बताते है कि परीक्षा इंचार्ज परीक्षा केंद्र के व्यवस्था पर पैनी नजर जमाये रखते हैं, नकल रोकने के लिए निगरानी करते हैं, और छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हैं। इसके अलावा केन्द्र पर परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखना और किसी भी अनुचित गतिविधि को रोकना,छात्रों की परीक्षा से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान करना,परीक्षा सामग्री (जैसे प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका, आदि) का वितरण और संग्रहण करना है।

जल्द शुरू होगा अगरास से मढ़ोली पुलिया और पक्का मार्ग का निर्माण कार्य

फतेहगंज पश्चिमी, बरेली। क्षेत्रीय विधायक डीसी वर्मा के आवाहन पर अगरास से मढ़ोली को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर बहुत जल्द निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है।प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने इस कार्य योजना को शासन को भेज दिया है और स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। वर्तमान में अगरास से मढ़ोली तक कच्चा मार्ग है। जिस पर बरसात के मौसम में आवाजाही पूरी तरह से बंद हो जाती है।इस मार्ग पर कई स्थानों पर पुलिया निर्माण भी आवश्यक है। मार्ग की खस्ता हालत और बरसात में होने वाली दिक्कतों के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी होती है।क्षेत्रीय विधायक को इस कच्चे मार्ग की समस्या के बारे में ग्रामीणों ने बीती 10 जनवरी को अवगत कराया था।

इसके बाद विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर पुलिया और पक्के मार्ग निर्माण के लिए तुरंत कार्रवाई करने की मांग की थी।6 मार्च 2025 को विभागीय अधिकारियों ने विधायक को आख्या दी, जिसमें बताया गया कि कार्य योजना में पुलिया और पक्का मार्ग निर्माण को जोड़ लिया गया है। और स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में आसानी होगी और यात्रा में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी।क्षेत्रीय विधायक की इस पहल से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।

संक्षेप

आग लगने से अनाज व सामान जलकर खाक

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला गांधी नगर में रविवार को अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई। जिससे अनाज सिलाई मशीन छप्पर साइकिल कपड़े आदि समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।आसपास के लोगों ने आग पर निजी संसाधनों से काबू पाया। मोहल्ला निवासी राजेश के यहां अचानक आग लग गई। जिससे छप्पर व गृहस्थी का सामान जल गया।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने फांसी लगा जान दी

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली के गांव वादी खेड़ा निवासी किसान देशराज लोधी का 26 वर्षीय राजेन्द्र का कानपुर में नमकीन कम्पनी में काम करता है। मां मायावती ने बताया कि होली त्योहार 13 मार्च बहू सुनीता को भाई लिवा कर मायके घसना खेडा ले गया था। बहू साथ में जेवरात ले गयी थी। 14 मार्च को पुत्र राजेन्द्र बाइक से ससुराल पहुंचा जहां जेवरात लाने को लेकर आपस में विवाद होने पर पुत्र राजेन्द्र घर लौट आया था। रविवार को मां कमरे के बाहर काम कर रही थी और पुत्र राजेन्द्र कमरे के अंदर अकेले लेटा था। जहां काफी देर से कोई आवाज न मिलने पर मां ने कमरे में जाकर देखा तो युवक कमरे में लगे पंखे में साडी के फदे से लटका हुआ था। यह देखने के बाद मां मायावती जोर से रोने लगी। उसकी आवाज सुनकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मां ने कहा बहु व पुत्र में मोबाइल पर आपस में वाद विवाद होने के बाद पुत्र राजेन्द्र ने ये कदम उठाया। गांव के युवक अर्पित शुक्ला से पुलिस को मिली सूचना पर उपनिरीक्षक शिवपाल मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मौत से मां मायावती व पिता देशराज व बड़ा भाई वीरेंद्र का रो रोकर बेहाल है। उपनिरीक्षक शिवपाल ने बताया कि जांच की जा रही है।

कार सहित जानवर बरामद, आरोपी फरार

पुरवा उन्नाव। कस्बे के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी रविंद्र कुमार सोनकर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार रात समय लगभग 2 बजे जब उसका भाई बेचन लघु शंका करने के लिए उठा तो देखा कि लाल रंग की कार में सवार लोग उसके सूकर बाड़े से चोरी कर कार की डिग्गी में बंद कर रहे थे। जिसपर उसने मोहल्ले के अन्य लोगों को अवगत कराया तो मोहल्ले वासियों को आता देख अपनी कार छोड़कर भाग गए। जिसके बाद वह लोग गाड़ी के पास पहुंचे और उसमें देखा की गाड़ी के अंदर तीन बड़े-बड़े सूअर तथा सूकर पकड़ने के औजार के साथ एक केमिकल पॉउडर का डब्बा रखा हुआ है। जिसके बाद उन लोगों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया की गाड़ी में बरामद सूकरों को उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया है। गाड़ी में फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। जांच की जा रही है।

पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम किनौटी निवासी 35 वर्षीय दधीचि का शव आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक सुबह घर से निकला था। घटना की जानकारी खेत जा रहे लोगों ने दी। उन्होंने देखा कि गांव के पूर्वी छोर पर स्थित बाग में एक व्यक्ति का शव मफलर के सहारे पेड़ से लटक रहा है। उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचित किया। स्थानीय लोगों और परिजनों के अनुसार, मृतक पारिवारिक विवाद से परेशान था। हालांकि, परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। रामकोट थाना प्रभारी जंग बहादुर पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

समारोह में फूलों की होली के साथ जमकर उड़ा गुलाल

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। होली पर बीत चुका है, लेकिन होली का उत्साह, उमंग और उल्लास अब तक लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। होली की हंसी-ठिठोली के बीच स्वाद का चटकारा लेते हुए हर कोई रंगों के फुहार में सराबोर दिखाई दे रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा रविवार को विकासखण्ड कसमण्डा के ग्राम ककैयापारा में समाजिक संस्था समर्द्धि फाउंडेशनद्रारा आयोजित होली मिलन समारोह में देखा गया। जहां सखियों संग मिलकर महिलाओं ने होली मनाई, तो वहीं पुरुष भी होली की मस्ती करने में पीछे नहीं रहे। बड़ों के साथ बच्चों ने भी खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम मे फूलों की होली के साथ जमकर गुलाल उड़ा।

उत्सव की शुरूआत तत्सत सेवा संस्थान सीतापुर के बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। सम्रद्धि फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में सीतापुर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने लोगों से भाईचारे के इस पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। तत्सत सेवा संस्थान सीतापुर के अनूप निषाद आराधना सिंह आरती राठौर अग्रिम शुक्ला अम्बर श्रीवास्तव यश्वी चैरसिया इस्ता भटनागर सुशील शुक्ला विवेक निषाद के गीतो पर श्रोता झूमने को विवश हो गए। फाउंडेशन की अध्यक्ष अपर्णा मिश्रा ने बताया हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कसमण्डा भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, भाजपा नेता सतेन्द्र पाल सिंह,रवि तिवारी ,डां सुशांत विश्वास , जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रमोद जयसवालगुप्ता, जयसवाल, रामप्रसाद शुक्ला सत्यदेव शुक्ला डी के शुक्ला,जगदीप शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

समाज का प्रबुद्ध वर्ग होली मिलन समारोह में हुआ सम्मानित

सीतापुर। बिसवां के सौभाग्यम रिसोर्ट में सेवा भारती व लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के प्रबुद्ध वर्ग से आने वाले पत्रकार,लेखक,वकील व्यवसायी,सरकारी सेवा और राजनीति से जुड़े लोगों का समागम हुआ। सुंदर कांड के संगीतमयी पाठ के उपरांत महिलाओं ने होली के गीतों पर जमकर फूलों की होली खेली।

मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने होली मिलन समारोह में आए गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि होली का पावन पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और यह एक ऐसा अवसर है जब लोग आपसी दोष और नकारात्मकता को त्याग कर सकारात्मक रिशतो की नई शुरूआत करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सरसंघचालक राजाराम ने कहा कि होली का त्यौहार हमें एकता का संदेश देता है। जिस तरह से हम सब मिलकर एक साथ रंग खेलते हैं इसी तरह हम सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद आराध्य शुक्ल ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार व व्यवसाई मोहित जायसवाल,मनीष जायसवाल,पीयूष बाजपेई,संदीप मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा,कृत्रिन जायसवाल,प्रवीण श्रीवास्तव,अभिषेक मिश्रा,अमित जायसवाल,संतोष मिश्रा,प्रताप भार्गव, राधाकृष्ण दीक्षित, शिवकुमार गुप्ता,आर एन सिंह,मनोज वर्मा,अशोक पुष्प,आशीष गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, राजकुमार जैन,लकी श्रीवास्तव,शिवकुमार पप्पू सिंह चांद मियां जुबेर खान किशन पाल हरीश वर्मा विवेक रस्तोगी, सुनील वर्मा इरफान खान, रसीद खान, शुभम सोनी, सुनीता गौतम शिवकुमार जायसवाल मिश्री लाल गौतम विसपाल राजकुमार आनंद मिश्रा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर मनी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती

सीतापुर। रविवार समय 11 बजे जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय टाउन हाल सीतापुर में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिन्तक डॉ. राम मनोहर लोहिया की 115वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका संचालन जिला महासचिव इकबाल हुसैन अंसारी ने किया।

गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुये छत्रपाल सिंह यादव ने स्व0 डॉ राम मनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। उसके पश्चात उपस्थित सपा पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित किये। गोष्ठी को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि आज समाजवादी पार्टी का जो व्यापक रूप है। उसे बनाने में स्व राम मनोहर लोहिया ने अपनी कुबार्नी दी। लोहिया जी ने समाज के गरीबों, किसानों, अल्पसंख्यकों, दलितों, मजदूरों शोषितों छात्रों को न्याय ० सम्मान दिलाने के लिए एक-एक रूपया चंदा लेकर एक संघठन खड़ा किया था। जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए संघर्ष करते हुए धरना प्रदर्शन किया पदयात्रा की। जिससे पुलिस की लाठिया भी खानी पड़ी। लेकिन वह अपने कर्तव्य मार्ग पर अडिग रहे। आगे बढ़ते रहे, लोग जुड़ते गये कारवा बनता गया। इन सब कार्यों के लिए उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उनके इस संघर्ष पूर्ण कार्यों में हमारे संरक्षक मुलायम सिंह यादव कंधे से कन्धा मिलाकर साथ दिया। इनकी विचारधारा से प्रभावित होकर स्व0 जयप्रकाश नारायण, स्व जनेश्वर मिश्र, स्व0 चंद्रशेखर ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी बनाई। जो आज देश के सबसे बड़े प्रदेश की सबसे लोकप्रिय पार्टी बन गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में लोहिया के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संघर्ष करके उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव, विधायक अनिल वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, दिग्विजय सिंह देव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां, चंद्रशेखर यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष संदीप कश्यप, छात्रसभा जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष मेराज अहमद, मनोज राठौर, राकेश जोशी, योगेन्द्र तिवारी, जयकरन राजवंशी, श्याम किशोर पाल, देवेंद्र यादव, राजकिशोर गौतम, रजनीश राठौर, सुनील राठौर, विधानसभा अध्यक्ष सुनील यादव, मो0 फुरकान खां, ब्रह्मप्रकाश, आलम सिद्दकी, पप्पू राजवंशी, अनस खान, अनूप कनौजिया, अतुल कुमार, संजय, अजय कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

सीएचसी का सीएमओ ने निरीक्षण कर अधीक्षक को दिए निर्देश

महोली/सीतापुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई न होने से नाराजगी जताई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम, इमरजेंसी, केएमसी वार्ड, एनबीएसयू वार्ड का निरीक्षण किया।

उन्होंने उपस्थिति पंजिका व मूवमेंट रजिस्टर का अवलोकन किया। मूवमेंट रजिस्टर पर दर्ज भ्रमण के दौरान वापसी टाइम न पड़ने पर टाइम डालने का निर्देश दिया। गंदगी देखकर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीक्षक डॉक्टर सुधीर पांडेय को एक हफ्ते में सुधार लाने का निर्देश दिया। इमरजेंसी ने पड़ी गंदी बेडशीट देखकर सुधार लाने के लिए कहा। सीएमओ ने बताया कि 25 से 27 मार्च के बीच सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी विधायक शशांक त्रिवेदी के आवास गए जहां पर विधायक ने संचारी रोग नियंत्रण व मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी पर चर्चा कर इसका समाधान करने के लिए कहा।

जंगली जानवर ने किसान पर किया हमला

- किसान ने बांका मारकर बाघ से खुद को बचाया
- वन दरोगा ने बताया कि बाघ के नहीं भेडिया या लकड़बग्घे के हो सकते हैं पगचिन्ह

सीतापुर। विकासखंड गोंदलामऊ क्षेत्र में एक किसान पर जंगली जानवर के हमले की घटना सामने आई है। शनिवार की देर रात हुए इस हमले के बाद वन विभाग की टीम रविवार को गोपालपुर तेरवा गांव पहुंची।

वन विभाग की टीम ने चार घंटे तक क्षेत्र में कॉम्बिंग की। उप वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में वन दरोगा ऋषभ सिंह तोमर और अनिल यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने पगचिह्नों की गहन जांच की और पीड़ित किसान कल्लू से घटना का विवरण लिया। वन दरोगा ऋषभ सिंह तोमर के अनुसार, पगचिह्नों की माप 8 सेंटीमीटर है। उनका कहना है कि ये निशान बाघ के नहीं हो सकते। ये भेड़िया या लकड़बग्घे के हो सकते हैं। हालांकि, पीड़ित किसान का दावा है कि उस पर बाघ ने हमला किया। किसान ने बांका मारकर बाघ से खुद को बचाया था। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीण घरों में दुबके हुए हैं। खेतों में काम न हो पाने से फसलों को नुकसान की आशंका है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्हें खेतों में अकेले न जाकर समूह में जाने को कहा गया है।

सांप्रदायिक विवाद की सूचना पर तत्काल करें कार्रवाई

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा 23 मार्च को जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी के साथ गोष्ठी आहूत की गयी। गोष्ठी के दौरान नवागत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान उनके द्वारा प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए निम्न दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने निर्देशित किया कि आगामी प्रचलित त्यौहारो के संबंध में की गयी तैयारियों की समीक्षा कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सांप्रदायिक विवाद की सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर यथोचित शीघ्र निस्तारण करें। लाउडस्पीकर, मानक सीमा से अधिक आवाज में न चलाये जायें। त्यौहारों के समय निकाले जाने वाले जुलूस के रूट चेक कर आवश्यकतानुसार व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। कोई भी गैर परंपरागत जुलूस नहीं निकलने दे एवं बिना अनुमति कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं होने दे। परंपरागत जुलूसों में पुलिस बल तैनाती की तैयारियां अभी से सुनिश्चित करें एवं हिंदू नववर्ष पर विशेष ड्यूटी लगायी जाये। सीसीटीवी कैमरों के संचालन को जांच ले एवम् चालू स्थिति में करायें। थानावार लंबित विवेचना लंबित एसआर केस की समीक्षा कर विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। संवेदनशील स्थलों पर पी.आर.वी. आदि अन्य पुलिस बल के माध्यम से गश्त बढ़ायी जाये।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृति में लगे द्वार लोकार्पण

उन्नाव। लोक अदालत के जनक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व० शिवदयाल चौरसिया के स्मृति द्वार का लोकार्पण सदर विधायक पंकज गुप्ता व भारतीय चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय चौरसिया व जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान संगठन के पदाधिकारी व सैकड़ों स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।गदनखेड़ा बाइपास रायबरेली मार्ग पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अपनी विधायक निधि से बनवाए गए लोक अदालत के जनक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व० शिवदयाल चौरसिया का स्मृति द्वार लोकार्पण फीता काटकर किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व० शिवदयाल चौरसिया केवल चौरसिया समाज के महापुरुष नहीं बल्कि पूरे देशवासियों के महापुरुष हैं। उन्होंने शोषित वंचित तबके को निःशुल्क न्याय दिलाने के लिए लोक अदालत के गठन में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय चौरसिया ने कहा कि समाज की महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने भी सदर विधायक को धन्यवाद प्रेषित कर सम्मानित किया। चंदौली की धरती से पधारे प्रदेश अध्यक्ष पारसनाथ चौरसिया ने कहा कि उन्नाव की जिला इकाई के प्रयास से विधायक ने हमारे महापुरुष का स्मारक द्वार बनाकर उपकार किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने भी चौरसिया समाज को बधाई दी। प्रदेश मीडिया प्रभारी एडवोकेट रत्नम चौरसिया ने कहा कि चौरसिया महासभा लगातार समाज को एकजुट करके सामाजिक कार्य में योगदान कर रही हैं।

स्व० शिवदयाल चौरसिया के पोते दीपक चौरसिया ने कहा कि हमारे परिवार के मुखिया और लोक अदालत के जनक का स्मृति द्वार हमारी पहचान है। भाजपा नेता अवनीश गुप्ता ने भी भारतीय चौरसिया महासभा को बधाई दी। कार्यक्रम के शुभारंभ में कुल गुरू चौऋषि महाराज, स्व० शिवदयाल चौरसिया, शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु शिवमंगल सिंह सुमन, स्व० प्रेम नारायण चौरसिया, स्व० राम रानी देवी चौरसिया की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिलाध्यक्ष चौरसिया शिवम चौऋषि ने किया और उन्होंने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी श्यामू चौरसिया, दिलीप चौरसिया, दिनेश चौरसिया, आर्यन चौरसिया, अमन चौरसिया, विजय उर्फ बउवा चौरसिया, लवकुश चौरसिया, आशीष चौरसिया, डॉ० आर० के० चौरसिया, एडवोकेट राजकुमार चौरसिया, रमेश चौरसिया, संतराम चौरसिया, नरेंद्र चौरसिया, श्रवण चौरसिया, बैजनाथ चौरसिया, सुनील चौरसिया, बबलू चौरसिया, अनुपम चौरसिया, हरिप्रसाद चौरसिया, विपिन चौरसिया, अवधेश यादव, गौरव शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच की जाये

जौनपुर। प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग, पशुधन, दुग्ध एवं मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश शासन नोडल अधिकारी के0 रविंद्र नायक के द्वारा विकासखंड बदलापुर के अस्थाई गो आश्रय स्थल शाहपुर का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा संरक्षित गोवंश के संबंध में जानकारी ली गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गोआश्रयस्थल में लगभग 265 गोवंश संरक्षित किए गए है। नोडल अधिकारी के द्वारा गोवंश को दिए जाने वाले चारे, पेयजल की उपलब्धता, चारागाह की जमीन, इयर टैगिंग इत्यादि के संबंध में जानकारी लेते हुए सीवीओ को निर्देशित किया गया कि नेपियर घास लगाई जाए तथा गोबर से वर्मिकंपोस्टिंग की जाए। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से गोवंशो के स्वास्थ्य की जांच की जाए। इलाज के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। नोडल अधिकारी के द्वारा विधि विधान से गौमाता की पूजा अर्चना की गईं और उन्हें गुड और केला खिलाया गया।

होली के दिन दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान

सीतापुर। होली के दिन मार्ग दुर्घटना में गंभीररूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में आठवें दिन मौत हो गई। मृतक के भाई ने कोतवाली में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्जकर बाइक व उसके चालक की तलाया तेज कर दी है। सिधौली के पिपरा ऊंचाखेड़ा अजई के राजेश पुत्र टोरी ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया है कि उनका भाई सर्वेश 14 मार्च को बुआ के वहां गया था। वापस आते समय सिधौली मार्ग पर सिरौली पेट्रोल पंप के पास अज्ञात बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में सर्वेश गंभीररूप से घायल हो गया था जिसे सीएचसी महमूदाबाद से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर भेजा गया था जहां उसका इलाज चल रहा था। घटना के आठवें दिन सर्वेश की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। मृतक के भाई राजेश ने रविवार को कोतवाली महमूदाबाद के प्रार्थनापत्र देकर बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर को शामिल करते केस दर्ज कराया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि केस दर्जकर बाइक व उसके चालक की तलाश की जा रही है।

बंदरों का झुंड सामने आ जाने से बाइक से गिरकर व्यक्ति घायल

सीतापुर। बंदरों का झुंड सामने आ जाने से बाइक से गिरकर व्यक्ति घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महमूदाबाद कस्बे के एशिया कालोनी के राजेश मौर्य (55) पुत्र राम स्वरूप पैंतेपुर मार्ग पर रामकुंड चैराहे की ओर बाइक से आ रहे थे तभी बंदरों का झुंड इनके सामने आ गया जिससे इनकी बाइक गिर गई। दुर्घटना में राजेश घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डा. अनवर ने प्राथमिक उपचार के बाद राजेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मुकीमपुर के पास रविवार दोपहर एक 28 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान हरदोई जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम मंझिगवां शिवपुरी निवासी जियाउद्दीन 28 पुत्र निजामुद्दीन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। घटना के दिन जियाउद्दीन बाइक से घर से निकला था। लखनऊ से सीतापुर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में उसका शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मोहल्ला संत नगर चैकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक की बाइक हाईवे पर खड़ी मिली है। माना जा रहा है कि उसने बाइक खड़ी करने के बाद रेलवे ट्रैक की ओर जाकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची सिधौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मानसिक रोगी ने शारदा नहर में लगाई छलांग, नहीं मिला शव

सीतापुर। बिसवां कोतवाली बिसवां के अंतर्गत शारदा नहर में रविवार दोपहर एक युवक ने छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने गोताखोरों की मदद से ढूंढने का काम शुरू कर दिया। मगर खबर लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं लग पाया था। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भोलागंज निवासी 22 वर्षीय नईम पुत्र इसरार ने रविवार को शारदा नहर में पुरैनी पुल के पास अचानक नहर मे छलांग लगा दी। जिसकी सूचना राहगीरों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों के माध्यम से उसे ढूंढने का कार्य प्रारंभ कराया। वहीं परिजनों का कहना है कि युवक मानसिक रोगी है उसकी दवा चल रही थी। मौके पर उसके परिवार के लोग व अन्य गांव के लोग शारदा नहर पर पहुंच गए हैं और सभी की निगाहें उसकी तरफ लगी हुई है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने बताया है कि गोताखोरों के द्वारा शव की तलाश की जा रही है जल्दी शव बरामद कर लिया जाएगा।

देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कथा वाचिका समेत 26 पर केस दर्ज

सीतापुर। हरगांव इलाके के एक गांव में चल रही बौद्ध कथा में वक्ताओं द्वारा हिन्दू धर्म के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर हिंदू धर्म के अनुयाइयों में गहरा रोष व्याप्त है। भीम आर्मी द्वारा आयोजित इस बौद्ध कथा में विवादित टिप्पणी का मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर कथा वाचिका रमा भारती सहित 26 लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव इलाके के ग्राम सरावां के मजरा अयोध्या सिंह पुरवा में विगत 17 मार्च से चल रही बौद्ध कथा में कथा वाचिका रमा भारती द्वारा कहा गया था कि मदिंर में जाने वाले विद्वान वहां से मूर्ख बनकर लौटते हैं। साथ ही उन्होने हिन्दू धर्म, देवी देवताओं व मदिंरों को लेकर कई विवादित टिप्पणी भी की। कथा वाचिका के द्वारा हिंदू समाज में विघटन पैदा करने व देवी देवताओं के विरुद्ध अमर्यादित भाषा को लेकर हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू व कथा वाचिका के मध्य हुई वार्ता का एक ऑडियो वायरल हुआ। जिसमें हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के द्वारा कथा वाचिका को समाज में विघटन ना पैदा करने एवं हिन्दू देवी देवताओं के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करने की चेतावनी देते हुए कह रहे हैं कि यदि आपके द्वारा धर्म का अपमान बंद न किया गया तो आपके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद स्थानीय हिन्दू शेर सेना के कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह ने थाने पर हरदोई के शंकरपुर निवासी कथा वाचिका रमा भारती सहित 26 लोगों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 353(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है।

फोटोग्राफर एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह

सोनभद्र। रावट्र्सगंज नगर के चंडी होटल समीप एक लॉन में सोनभद फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ। अध्यक्षता कर रहे सोनभद फोटोग्राफर एसोसिएशन अध्यक्ष पवन जायसवाल के नेतृत्व में होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि शेखर शाह द्वारा संबोधित करते हुए आज के समय में हर चित्र को एक आकार देने वाले फोटोग्राफर के अस्तित्व सम्मान व सामाजिक दायित्व के संगठन में एकता के साथ एक मजबूती बनाते हुए समाज को एक नया रूप देने का कार्य करता है संगठन जिसमें सभी की सहभागिता अनिवार्य होनी चाहिए वहीं वही अध्यक्ष पवन जायसवाल द्वारा वहां मौजूद मुख्य अतिथि हुआ अतिथियों को आपस में अभी गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी इस मौके पर स्टूडियो परिवार से मनीष कुमार गुप्ता, मोहन जायसवाल, शरद केसरी, संतोष गुप्ता व आदि मौजूद रहे।

सपाइयों ने मनायी डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया जयंती मनाई गई एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। सगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया ऐसे समाजवादी चिंतक थे जो हमेशा गरीबों नौजवानों मजदूर किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया करते थे, उन्होंने कहा करते थे कि हिंदुस्तान और दुनिया में बुराई तब तक दूर नहीं होगी जब तक बूरे को पूरा मानने वाले लोग पैदा नहीं हो जाते जिंदा कौमें 5 साल तक इंतजार नहीं करती। उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं और उनकी लड़ाई लड़ने के लिए सदन तक आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया एक ऐसे समाजवादी नेता थे जिन्होंने हर समाज की लड़ाई लड़ने का काम किया और उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज सदन में हर तपके के लोगों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव अनिल प्रधान नगर अध्यक्ष सरदार पारब्रह्म सिंह सनी पटेल कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे त्रिपुरारी गौड़ जितेंद्र उमर दयाराम मौर्य एवं पदाधिकारी ने संबोधित किया।

संक्षेप

बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

ललितपुर। सदर चौकी अंतर्गत मोहल्ला कटरा बाजार में रहने वाले ओमकार सिंह पुत्र गुरूचरन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है।

बताया कि बीती 8 मार्च को रात करीब 9.30 बजे उसके 70 वर्षीय पिता गुरूचरन सिंह पुत्र हरा सिंह जो कि घण्टाघर कुछ सामान खरीदने के लिए गये हुये थे।

तभी थानेश्वर मंदिर के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनके कूल्हे में फैक्चर हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज

ललितपुर। कोतवाली महरौनी के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। बताया कि बीते शुक्रवार को वह बाजार करने के लिए आया ललितपुर आया हुआ था। सुबह करीब 11 बजे उसके छोटे भाई का उसके पास फोन आया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं है। सूचना मिलने पर वह तत्काल घर पहुंचा और आसपास व गांव में खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

बाद में जानकारी मिली कि गांव में रहने वाला नीलेश पुत्र वंशी उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।

पीड़ित ने बताया कि वह नीलेश के घर पहुंचा और उसके पिता से विरोध किया तो उसके पिता ने मामले को यहीं दबाने की बात कही। पीड़ित ने अगले दिन उसके लड़के से जानकारी की तो वह उसके साथ विवाद करने लगा और कानूनी कार्यवाही करने पर धमकाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

चिट्फण्ड कम्पनी में धोखाधड़ी कर निवेश कराये पचास हजार

ललितपुर। सदर चौकी अंतर्गत मोहल्ला झांसीपुरा अम्बेड़कर पार्क मार्ग निवासी रौशनी अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भेजा है। बताया कि बिरधा के बमरौला निवासी रविशंकर पुत्र पप्पू अहिरवार ने मोहल्ले में एक शिविर लगाकर चिट्फण्ड कम्पनी में निवेश करने की योजना बताते हुये कहा था कि एलयूसीसी कम्पनी विश्वनीय है। बताया कि रविशंकर की बातों में आकर उसने एक-एक पैसा जोड़कर 28 जून 2022 को करीब 50 हजार रुपये की एफ.डी. करा ली।

कुछ समय बाद उसे जब कम्पनी के बारे में पूरी जानकारी हुयी तो पीड़िता ने रवि से संपर्क किया तो उक्त लोगों द्वारा उसका रुपया थोड़े समय में लौटाने की बात कही। इसके बाद जब उसने एलयूसीसी कम्पनी के आलाधिकारियों से सम्पर्क करना चाहा तो उसे जानकारी हुयी कम्पनी के आलाधिकारी जेल में हैं।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि उक्त रवि ने पूर्व नियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर उसके रुपये जमा करा लिये और अब उसके रुपये वापस नहीं मिल रहे हैं।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से रविशंकर के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

सांस्कृतिक महोत्सव, शहनाज अख्तर के भजनों से झूमे श्रोता

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। शहर के जीआईसी मैदान में शनिवार को सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ प्रख्यात कथावाचक प्रेमभूषण राजन महाराज, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, आयुक्त अजीत कुमार और जिलाधिकारी जे0 रीभा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने जिले के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए महोत्सव को लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकारों के लोकगीतों से हुई। नटराज नृत्य संस्थान के कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। जिले का लोकप्रिय दिवारी नृत्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर और भजन गायक सत्यांशु पटेल की प्रस्तुतियां रहीं। शहनाज अख्तर ने ह्यह्यमुझे चढ़ गया भगवा रंगह्लह्ल तथा जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे के साथ ही मोरी मईया की चुनर उड़ी जाए पवन धीरे-धीरे चलो गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके मधुर और भक्तिमय गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा मैदान भक्ति रस में डूबा नजर आया।

कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा एवं कुलदीप सिंह, कुलदीप सिंह चैहान इंडियन आइडल के कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से बेहतर प्रस्तुति दी गयी। दर्शक उत्साह से झूमते नजर आए और पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इंडियन आइडल विजेता कुलदीप चैहान और उनकी टीम ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों की वाहवाही बटोरी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, कला और परंपराओं को बढ़ावा देना है।

बांदा महोत्सव के इस भव्य आयोजन ने नगरवासियों को यादगार संध्या दी और आगामी कार्यक्रमों के लिए भी उत्साहित किया। इस दौरान नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, एमएलसी बाबूलाल तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गरीबों के सच्चे मसीहा थे डॉ. राममनोहर लोहिया

ललितपुर। अमर शहीद राजगुरू, भगत सिंह, सुखदेव के बलिदान को याद करते हुए समाजवाद के प्रणेता, क्रांतिकारी डॉ राम मनोहर लोहिया की जन्म जयंती सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। जहां सपाईयों ने डा. लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया को एक अच्छे समाजवाद के प्रणेता एवं सच्चे देशभक्त हैं , पूंजीवाद के धुर विरोधी व गरीबों के सच्चे मसीहा रहे। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाजवाद को आगे बढ़ाना होगा, तभी समाज का हर तबका सशक्त बनेगा। इस मौके पर जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, महिला सभा जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिला सचिव राजेश यादव, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला सचिव रामनरेश यादव, हरिसिंह यादव, शत्रुघ्न यादव, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, जय सिंह यादव, राममूर्ति तिवारी उपस्थित थे।

आधी रात के बाद चार निरीक्षको के कार्यक्षेत्र भी बदले

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जिले में कानून सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार की देर शाम आदेश जारी करते हुये छह सर्किल ऑफीसरों समेत आधा दर्जन उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया था। वहीं आधी रात के बाद पौने तीन बजे जारी एक और आदेश में चार निरीक्षक, दो उप निरीक्षक समेत दर्जन भर से अधिक पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्रों को बदला गया है।

- एसपी ने छह सीओ समेत ढ़ाई दर्जन पुलिस कर्मियों का किया स्थानान्तरण

पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार एसपी मो.मुश्ताक ने देर रात आदेश जारी करते हुये निरीक्षक जीवाराम को शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी पैरवी सेल, निरीक्षक यंशवत सिंह को प्रभारी पैरवी सेल से थाना कोतवाली ललितपुर, निरीक्षक मुनेश भारती को थाना तालबेहट से थाना कोतवाली ललितपुर, निरीक्षक घनश्याम को थाना पुलिस लाइन से थाना तालबेहट भेजा है। वहीं उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को थाना महरौनी से थाना बानपुर, उप निरीक्षक रामनरेश यादव को थाना नाराहट से थाना बानपुर के अलावा मुख्य आरक्षी दिनेश अवस्थी को थाना कोतवाली से थाना बानपुर, महिला का.आ. मोहिनी को थाना सौजना से थाना मदनपुर, आरक्षी विवेक राठौर को थाना सौजना से थाना कोतवाली, मुख्य आरक्षी परमसुख को थाना कोतवाली से हे.मु.थाना महरौनी, मुख्य आरक्षी बृजभान सिंह सेंगर को थाना बानपुर से अभियोजन कार्यालय, मुख्य आरक्षी विपिन अवस्थी को अभियोजन कार्यालय से थाना महरौनी, म.का. गोमती को क्षेत्राधिकारी कार्यालय तालबेहट से थाना पूराकलां, हे.का.क्षेत्रपाल सिंह को पुलिस लाइन से न्यायिक सम्मन सेल, आ.शिवा मौर्या को थाना कोतवाली से सम्मन सेल, आ. प्रशांत को थाना मदनपुर से गोपनीय कार्यालय, मु.आ. अनिल कुमार को थाना गिरार से थाना सौजना भेजा गया है।

इसके पूर्व शनिवार देर शाम जारी हुयी सूची के अनुसार क्षेत्राधिकारी सदर रहे अभय नारायण राय को सीओ तालबेहट भेजा गया है। उनके स्थान पर तालबेहट के क्षेत्राधिकारी अजय कुमार को सदर का नया प्रभारी बनाया गया है। जिले में स्थानांतरित होकर आए सुनील भारद्वाज को पाली का क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया है। पाली के मौजूदा क्षेत्राधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा को यातायात विभाग का प्रभार सौंपा गया है। सीओ रक्षपाल सिंह को सीओ महरौनी व राजेश कुमार श्रीवास्तव को सीओ मड़ावरा नियुक्त किया गया है। उप निरीक्षक स्तर पर भी कई बदलाव किए गए हैं। थाना बार में तैनात अर्जुन सिंह को राजघाट चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

नई बस्ती चौकी के इंचार्ज प्रशांत राणा को हटाकर कोतवाली सदर भेजा गया है। सर्विलांस सेल प्रभारी आलोक कुमार को नई बस्ती चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कैलागुवां चौकी के प्रभारी महाराज सिंह को हटाकर थाना बानपुर भेजा गया है। बानपुर थाने में तैनात संतकिशोर शुक्ला को कैलागुवां चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक संजय कुमार दुबे को थाना बानपुर में नई जिम्मेदारी दी गई है।

विश्व जल दिवस पर सुम्मेरा तालाब पर चला घाट सफाई अभियान

ललितपुर। जिला गंगा समिति के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद ने विश्व जल दिवस के अवसर पर सुम्मेरा तालाब पर घाट सफाई अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत करते हुए ईओ नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा ने कहा कि दुनिया जहां 70 फीसदी जल से घिरी है। वहीं पीने योग्य ताजा पानी महज 3 फीसदी ही है। हमारे लिए जल एक अमूल्य संसाधन है और हमें इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए हर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी, गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि विश्व जल दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पानी के महत्व को समझाना और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। भविष्य में जल संकट एक विकराल समस्या के रूप में हमारे सामने होगा, जिसका मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन, अनियमित मानसून, पानी का दुरूपयोग और अपर्याप्त जल प्रबंधन है। समय रहते हमें पानी को सहेजना सीखना पड़ेगा तथा लोगों को जागरूक करना पढ़ेगा। जन जागरूकता से ही जल संरक्षण संभव है। इस दौरान डीपीएम दीपक कुमार, सुधीर कुमार, राजेश जैन, अमित, मंजीत करोसिया, रनजीत, राहुल, संगीता, बबीता, राखी, वंदना, रानी आदि उपस्थित रहे।

संचारी रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रूप से सफाई जारी रखेंः डीएम

महात्मा विदुर सभागार बिजनौर

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण 01 से 30 अप्रैल 2025 एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2025 तथा इस संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियत्रण एवं कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्व का निर्धारण करते हुए उपरोक्त अभियान को पूर्व में सफल आयोजित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की भांति उक्त अभियान को भी सफलता पूर्वक आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को निर्धारित माइक्रो प्लान के मुताबिक पूर्ण गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप संचालित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर जिले की प्रगति को प्रभावित न होने दें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी 28 मार्च तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित माइक्रो प्लान संबंधित संस्था को उपलब्ध करा दें ताकि उसकी अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारीयों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रुप से सफाई व्यवस्था को जारी रखें और समय-समय पर नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फोगिंग कार्य भी कराया जाता रहे ताकि मच्छर उत्पन्न न हो सकें। उन्होंने उपरोक्त बैठक की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन कराना सुर्निनिश्चत करें। उन्होंने उक्त अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें जिससे शत प्रतिशत तरिके से अभियान सफलतापूर्वक आयोजित हो सके। उन्होंने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संचारी रोग से बचाव के लिए जो भी कार्य किए जाने हैं उन्हें प्राथमिकता लेते हुए संचालित अभियान को पूर्व अभियानों की भांति शत-प्रतिशत सफल बनाना सुनिश्चित करें।

सनातन के रंग में रंगी दिखीं शहनाज, छलका दर्द

बांदा। बांदा महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर पूरी तरह से सनातन के रंग में रंगी हुई दिखाई पड़ीं। उन्होने भगवा ड्रेस पहन कर साध्वियों की तरह केशों को लटों के रूप में सजा रखा था साथ ही माथे पर त्रिकुंड भी लगाया था। विवादों से शहनाज अख्तर का पुराना नाता रहा है। मुस्लिम होते हुए माता के भजन गाकर शहनाज शुरूआत से ही सुर्खियों में रहीं। वर्ष 2005 से 2008 तक उन्होने कई भजन गाये तथा मंदिरों और पंडालों में अपनी विशेष पहचान बनाई। महोत्सव के दौरान आखिर शहनाज अख्तर का दर्द छलक पड़ा। उन्होने कहा सनातन धर्म अपनाने पर परिवार को पीटा गया। यह कोई और नही बल्कि मेरे ही समुदाय के लोग थे। गणेश मंदिर जाने पर परिवार को बंधक बनाकर पीटकर अधमरा कर दिया गया था तथा पूरा परिवार अस्पताल में भर्ती हो गया था उन्होने कहा कि अब भी उन्हे धमकियां मिलती हैं। सोशल मीडिया पर भद्दे-भद्दे कमेंट किए जाते हैं लेकिन वह डरने वाली नही हैं। कहा कि सनातन से अलग नही रह सकतीं। आज शहनाज अख्तर की पहचान सनातन से ही। हिंदी भजनों और भक्तिगीतों को गाकर ही समाज में मेरी सख्सियत बनी है। शहनाज अख्तर ने भक्तिगीतों के साथ अपना बॉलीवुड का सफर भी शुरू किया है। बीते वर्ष आई गदर-2 फिल्म में शहनाज ने चल तेरे इश्क में गाने के साथ बतौर प्ले बैक सिंगर फिल्मी करियर की शुरूआत की है।

रोटी बैंक ने महोखर गांव में बांटे गरीबों को कपड़े

बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी

बांदा। रोटी बैंक सोसायटी ने रविवार को ब्लाक बड़ोखर खुर्द के ग्राम महोखर में जरूरतमंदों को कपड़े, जूते, चप्पल, पर्स आदि का वितरण किया। प्रत्येक रविवार की तरह सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज और अध्यक्ष रिजवान अली, ग्राम प्रधान धीरेन्द्र सिंह व सोसायटी सदस्य महेन्द्र पाल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जरूरतमंदों को सामान वितरित करने के बाद सोसायटी की महिला टीम उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा ने गांव के लोगों को नशे से दूर रहने और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। जरूरत के कपड़े और सामान पाकर ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी और लोगों ने सोसायटी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव इदरीश, रेणुका गुप्ता, सोनू श्रीवास, श्रीराम प्रजापति ग्राम पंचायत सदस्य, अच्छेलाल वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि, अन्य पदाधिकारी और समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। बताते चलें कि बीते वर्ष से बांदा रोटी बैंक सोसायटी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीबों को जरूरत का सामान बांट रही है।

अमर शहीदों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी
बाँदा (उ0प्र0)

बांदा। शहर के पीली कोठी स्थित भाजपा कार्यालय में स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के बलिदान दिवस पर भाजपाईयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मां भारती के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को शहीद दिवस पर याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्र प्रेम से बड़ा कोई कर्तव्य नही है। सौर्य और अपने ओजस्वी विचारों से युवाओं में देशभक्ति को संचार कर राष्ट्रव्यापी स्वाधीनता आंदोलन की अलख जगाने वाले भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू का बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि की प्रेरणा देता रहेगा। अमर बलिदानियों ने अपने अदम्य साहस व क्रांतिकारी विचारों से स्वाधीनता आंदोलन को एक नई दिशा दी थी। मात्रभूमि के लिए प्रोणों की आहुति देने वाले सपूतों को कृतज्ञ राष्ट्र हमेशा नमन करता रहेगा। इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, कार्यालय मंत्री दिलीप तिवारी, अमित सेठ भोलू, अंबर दीक्षित, संतोष राजपूत, राहुल गौतम, किशोरी प्रसाद तिवारी, दीपक राजपूत, सुरेन्द्र त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। जनता दल यूनाइटेड ने भी शहर के इंदिरा नगर कार्यालय में शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की पुण्य तिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने तीनों शहीदों की देश के लिए दिये गये योगदान के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता, अखिलेश सिंह यादव, काशी प्रसाद, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

लोहिया वाहिनी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। रविवार को समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी चिंतक डा.राममनोहर लोहिया की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। इस मौके पर युवाओं ने रक्तदान महादान किया। बताते चलें कि डा.राममनोहर लोहिया एक स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी विचारक थे। उनका जन्म 23 मार्च सन 1910 को उत्तर प्रदेश के जनपद फैजाबाद (वर्तमान में अंबेडकर नगर) में हुआ था। उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका के साथ अनेकों सामाजिक और मानवतावादी काम किय गए। वह एक समाजवादी चिंतक थे। उनकी जयंती के मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता, कार्यकताओं द्वारा देश भर में जगह जगह अनेकों मानवतावादी कार्यक्रम कर उन्हें याद किया गया।

- स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी विचारक डा.राममनोहर लोहिया जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं ने किया रक्तदान

इसी क्रम में जनपद ललितपुर की सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं द्वारा रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपा पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी रहीं। सर्वप्रथम उनके द्वारा डा.राममनोहर लोहिया के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और उनके द्वारा कार्यक्रम में कहा गया कि लोहियाजी एक सच्चे समाजवादी चिंतक थे जिनके द्वारा अनेकों सामाजिक कार्य किए गए। आज हम सब उनकी जयंती मना रहे हैं। लोहियाजी ने कहा था कि व्यक्ति को हमेशा संघर्ष करना चाहिए। जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। कार्यक्रम में सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष द्वारा भी अपनी बात रखते हुए कहा गया कि लोहियाजी ज्ञान और विचारों के समंदर थे। हर एक समाजवादी को उनके द्वारा लिखी गई पुस्तके पढ़कर सीखना चाहिए। रक्तदान महादान है।

जयंती के उपलक्ष्य में आधा दर्जन लोगों ने रक्तदान किया यह रक्तदान लोगों की जान बचाने के मानवतावादी काम में आएगा। रक्तदान कार्यक्रम में अशोक अहिरवार, शत्रुघन यादव, रमानसिंह यादव, सचिन सोलंकी, वीरसिंह कुशवाहा, प्रदीप यादव, आसिफ मंसूरी, मनीष साहू, राज खान, शाकिब अली, गौरव सिंह, अजय प्रजापति आदि उपस्थित थे। आभार नगर अध्यक्ष बलराम अहिरवार ने व्यक्त किया।

ट्रैक्टर सिर पर चढ़ से हुयी थी युवक की मौत, एफआईआर दर्ज

ललितपुर। मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम रनगांव निवासी किशोरी पुत्र हल्लू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 18 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपने ग्राम टौरी निवासी मामा दयाराम पुत्र छन्दू के साथ अपने पड़ौसी राजकुमार की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 वाई 0662 से अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही उसका पुत्र पंचम दालमील के आसपास पहुंचा कि मड़ावरा की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर फार्मट्रेक संख्या यू.पी.94 एन 8851 जिसे देवरान खुर्द निवासी कमलेश पुत्र चिन्खे चला रहा था ने उसके पुत्र की मोटर साइकिल पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। ट्रैक्टर उसके पुत्र के सिर को रौंदते हुये आगे बढ़ गया, जिससे उसके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

हादसे में महिला की मौत

ललितपुर। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम करमुहारा निवासी सुनील पुत्र बृगभान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपनी मोटर साइकिल से अपनी 27 वर्षीय पत्नी प्रियंका को राजघाट ले जा रहा था। बताया कि जखौरा रोड़ सैपुरा मंदिर के आगे पुलिया पर गनगौरा निवासी रक्षपाल पुत्र भीकम सहरिया ने अपनी प्लेटिना मोटर साइकिल जिस पर वह चार सवारियां बैठा हुआ था ने तेजी व लापरवाही से उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताया कि उसकी पत्नी को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान 22 मार्च को अपराह्न 12 बजे उसकी मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुरानी पेंशन बहाली मांग को लेकर शिक्षक 01 अप्रैल को मनायेंगे काला दिवस, किया ऐलान

बिजनौर। लोक निर्माण विभाग के सभागार में अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की पीडब्ल्यूडी मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के वरिष्ट उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के निरंतर संघर्ष करने का प्रतिफल है कि देश के अनेक जनप्रतिनिधि आज पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में पत्र लिखने के साथ-साथ सदन में सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं।

अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी एक अप्रैल को एनपीएस एवं यूपीएस के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधते हुए दोपहर 2:30 बजे कार्यक्रम में बडी संख्या में पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का कवच है। जिसके लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे। आगामी एक अप्रैल को शेयर बाजार पर आधारित एनपीएस एवं यूपीएस का संगठित होकर विरोध करेंगे। पीडब्ल्यूडी मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है जिसके लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है आगामी एक अप्रैल को पीडब्ल्यूडी का प्रत्येक कर्मचारी अपनी भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष करेगा। उत्तर प्रदेश संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह ने कहा कि संघर्ष की बदौलत आज देश के प्रत्येक राज्य में पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन शीर्ष पर है आगामी एक अप्रैल को हमें बहुत जिम्मेदारी के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करनी है।

परचून का सामान लेने जा रहे युवक से मारपीट

ललितपुर। चौकी नेहरू नगर अंतर्गत पाराशर कालोनी में रहने वाले राजेश रजक पुत्र कालीचरन ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 मार्च की शाम करीब 5 बजे वह घर से बाजार की ओर परचून की दुकान का सामान लेने जा रहा था।

वह घर से निकला ही था कि हड्डी मील के पास रहने वाले देवेन्द्र पुत्र गोटी उर्फ हरकिशन, आकाश पुत्र नारायन ने अपने चार अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये लोहे के पाइप और डण्डे से मारपीट कर दी।

मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव करते हुये उन्हें बचाया और अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर व पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2),3(1)(द), 3(1)(घ) और 3(2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

महामारी बनता कैंसर

कैंसर पूरी दुनिया में तबाही का कारण बना हुआ है। अभी तक जो कैंसर से बचाव को लेकर अनुसंधान हुए हैं, उससे यह उम्मीद जरूर बंधी है कि भविष्य में इससे बचाव के लिए कोई भरोसेमंद वैक्सीन अवश्य विकसित कर ली जायेगी। रूस ने कैंसर से बचाव के लिए एक वैक्सीन को मंजूरी दी है। भारत में भी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन की बात हो रही है, लेकिन कैंसर जिस स्तर पर तबाही बचा रहा है, उसके मद्देनजर यह जरूरी है कि इसके बचाव और इलाज से लेकर कैंसर केयर की समस्त सुविधाओं में भारी सुधार किया जाये। भारत सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में घोषणा की गई थी कि प्रत्येक जिला अस्पताल के साथ कैंसर केयर सेंटर स्थापित किए जायेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संदर्भ में जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, उसके मुताबिक प्रत्येक कैंसर केंद्र में एक विशेषज्ञ डॉक्टर, 2 नर्स, एक फार्मासिस्ट और कुछ अन्य तैनात किये जायेंगे। भारत में कितने कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यह संख्या विभिन्न सर्वेक्षणों में अलग-अलग रही है और गंभीर चिंता का विषय है कि देश में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निश्चित गणना भी नहीं की गयी है। हां यह अनुमान जरूर है कि देश में कमोवेश 2000 से अधिक कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। फिलहाल इस समय जो चिकित्सक सेवारत और उपलब्ध हैं, उनमें से करीब 50 फीसदी से भी अधिक शहरों में ही काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में कैंसर बढ़ता प्रकोप बेहद गंभीर समस्या बन गयी है। कैंसर केयर केंद्र की बजटीय व्यवस्था पर भी शुरू से ही सवाल उठने लगे हैं। हम ऐसे मुद्दे को सवालिया बनाने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन जो हकीकत है वह डरावनी है कि औसतन एक लाख में से मात्र 100 लोगों में ही कैंसर की पहचान समय पर हो पाती है। कैंसर के प्रति जनरुकता लगभग न के बराबर है। लिहाजा भारत में जन-स्वास्थ्य के लिए यह अहम चुनौती है कि कैंसर का रोग तब पता चल पाता है, जब रोग आखिरी चरण में पहुंच जाता है और इस स्थिति में पहुंचने के बाद कैंसर पूरी तरह लाइलाज हो जाता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अभी कुछ डाटा जारी किया है, जिसके मुताबिक, 2023 में भारत में कैंसर के 14 लाख से अधिक मरीज थे। विशेषज्ञ इससे भी ज्यादा संख्या मानते हैं। दरअसल यह संख्या रजिस्टर्ड मरीजों से 1.5 से 3 गुना अधिक हो सकती है। बेशक यह संख्या डरावनी है। हालांकि देश में गर्भाशय, मुंह और स्तन कैंसर की जांच के कार्यक्रम चलते रहे हैं। कैंसर के एक-तिहाई से ज्यादा मामले शरीर के इन्हीं अंगों में होते हैं, लेकिन रोग के पता लगाने की दर दुनिया में सबसे कम भारत में ही है। कैंसर केयर के जो फिलहाल हैं उनकी कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं कही जा सकती है। ऐसे में कैंसर के खिलाफ लड़ाई बहुत ही कमजोर है। देश में तेजी से कैंसर फैल रहा है और परिवारों पर संकट की तरह टूट पड़ता है। ऐसे में कैंसर से देखभाल के लिए सरकार को गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। फिलहाल पूर्वोत्तर और केरल में कुछ जिला अस्पतालों में कैंसर केयर केंद्र काम कर रहे हैं, लेकिन वे कितने कारगर हैं, इसकी कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। बहरहाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती साबित होगी। सरकार प्रस्तावित कार्यक्रम की शुरूआत में मोबाइल क्लीनिकों को ग्रामीण इलाकों तक पहुंचा सकती है, लेकिन ऐसे क्लीनिक एक विशेषज्ञ चिकित्सक का विकल्प नहीं हो सकते और कैंसर विशेषज्ञों का अभाव देश में है और यह बड़ी चुनौती है। कैंसर के संभावित मरीजों में बहुधा ऐसे हैं, जो जांच कराने ही नहीं आते। इसमें महिलाएं अधिकतर हैं। अस्पतालों के साथ कैंसर केयर केंद्र जोड़ने का प्रयास तब कारगर हो सकता है, जब जांच-दलों को लोगों के घरों तक भेजा जाये। लोग अस्पताल तक जाने में भी संकोच करते हैं, जबकि अस्पतालों में जांच निःशुल्क या फिर कम दरों पर होती है। फिलहाल जिस तरह कैंसर का प्रसार हो रहा है उसके मद्देनजर जिला स्तर पर कैंसर जांच, इलाज और कैंसर मरीजों की देखभाल के लिए अस्पताल की जरूरत है। इसमें समय लगेगा लेकिन सरकार अगर संकल्प के साथ आगे बढ़े, तो अगले कुछ वर्षों में चिकित्सकों की कमी भी दूर हो जायेगा और इलाज सुविधाओं में सुधार हो सकता है। लेकिन इसके सरकार को गंभीरता से प्रयास करने की जरूरत है।

विचार

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ता भरोसा

मनोज बाजपेयी

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने की डेटलाइन में अभी एक सप्ताह शेष है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की है, लेकिन जिस तरह बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों ने उम्दा प्रदर्शन किया, वैश्विक एजेंसियों ने भारत की जीडीपी पर रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी का अधिकतम नकारात्मक असर जीडीपी के 0.2 फीसद तक सीमित रहने की बात कही है, उससे अब भारत के शेयर बाजार पूरी तरह उबर चुके हैं। अब एक बार फिर से वैश्विक एजेंसियां भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित संभावनाओं पर चर्चा कर रही हैं।

विश्व बैंक ने बीते दिनों अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आगामी दशकों में 7.8 फीसद की दर से विकास करना होगा और पूंजीगत निवेश में 40 फीसद तक वृद्धि की जरूरत होगी। विश्व बैंक दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर रखता है और उनके सुधार और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक सुझाव भी देता है। इस संदर्भ में विश्व बैंक का सुझाव महत्वपूर्ण है। बैंक ने अपने अनुमान में उस डेमोग्राफिक डिविडेंट के महत्व को भी अप्रत्यक्ष रूप से रेखांकित किया है जिसका प्रधानमंत्री बार-बार जिक्र करते हैं। भारत सबसे युवा देश है और इसी आधार पर यह अनुमान विश्व बैंक ने लगाया है कि आगामी दशकों में भारत के वर्कफोर्स में 200 मिलियन नये लोग जुड़ेंगे और यह आर्थिक प्रगति में इंजन का काम करेंगे। इस नये वर्कफोर्स, आवश्यक सुधारों और निवेश के जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था वर्तमान स्तर से करीब-करीब आठ गुना तक बड़ी हो जायेगी और इसका आकार 2047 तक 23 से 35 ट्रिलियन के बीच हो सकता है। प्रति व्यक्ति आय भी 26 हजार डॉलर तक पहुंच सकती है। विश्व बैंक और अन्य एजेंसियों ने भारत पर जो भरोसा जताया है उसकी पुष्टि भारत यात्रा पर आये अमरीकी खरबपति, महादानी और टेक जाइंट माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने भी कर दी है। बिल गेट्स ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और इनोवेशन के क्षेत्र में हो रहे बदलावों को रेखांकित करते हुए कहा है कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जायेगा। बिल गेट्स भारत को लेकर बेहद आशावादी हैं और उनका मानना है कि इंडिया की ग्रोथ से पूरी दुनिया को फायदा होगा। उन्होंने भारत में इनोवेशन की तेज गति की भी सराहना की है। बिल गेट्स के मुताबिक 2047 तक भारत का विकसित राष्ट्र के रूप में उभरना न केवल भारत को बदल देगा, बल्कि दुनिया पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत में हेल्थ और एजुकेशन जैसे प्रमुख सेक्टरों को प्राथमिकता दी गई है, इससे बहुत सकारात्मक गतिशीलता पैदा हुई है। भारत के इकोनॉमिक ग्रोथ आउटलुक को आशाजनक बताते हुए गेट्स ने कहा, 'यह एक बेहतरीन स्थिति है, जब इस बात पर बहस चल रही है कि विकास दर 5 फीसद होगी या दस। आर्थिक विस्तार हेल्थकेयर और एजुकेशन में अधिक सरकारी निवेश के लिए भारत को सक्षम बनायेगा।

विमर्श

शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों में निवेश से सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी और इसका बहुत ही सकारात्मक असर आर्थिक प्रगति पर भी पड़ेगा। बिलगेट्स ने तो इस आशंका को भी पूरी तरह खारिज कर दिया है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बदलावों से रोजगार के मौके कम हो जायेंगे। इस संदर्भ में गेट्स का मत है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इससे जुड़ी टेक्नोलॉजी समाज में बहुत बड़े बदलाव लाएगी। जब दुनिया की प्रतिष्ठित एजेंसियां, अर्थशास्त्री और बिल गेट्स जैसे दिग्गज भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर इतने आशावादी हैं, तब ट्रंप की एड-हॉक पालिसी, टैरिफ वार और पल-पल बदलती नीतियों और बयानों को लेकर निवेशकों, निर्यातकों और भारतीय उद्यमियों को किसी तरह से चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

भारत 2008 की महामंदी और कोरोना कॉल में 68 दिनों के कम्पलीट लॉकडाउन और इसके कारण वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी में लगभग एक-चौथाई की महागिरावट से भी सफलतापूर्वक और मजबूत होकर निकला है। ऐसे में रेसिप्रोकल टैरिफ से महज 0.2 फीसद का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका भर से भारत की ग्रोथ स्टोरी खत्म नहीं हो जायेगी। भारत की दीर्घकालिक ग्रोथ स्टोरी में इस तरह के झंझावात आते रहेंगे और हमारी अर्थव्यवस्था अपनी अंतर्निहित क्षमताओं से हाथी की तरह इन विघ्न-बाधाओं को कुचलते हुए आगे बढ़ती जायेगी। भारत की आर्थिक प्रगति के पीछे हमारी विशाल आबादी, युवाशक्ति और तेजी से बढ़ता हुआ उपभोक्ता बाजार है। आज भारत के उपभोक्ता बाजार में जो निजी खपत वर्ष 2013 में 87 लाख करोड़ रुपये मूल्य के बराबर थी, वह वर्ष 2024 में दोगुनी से भी अधिक 183 लाख करोड़ रुपये से ऊपर निकल गई है। भारत में तेजी से बढ़ता मध्य वर्ग और गरीबी से निकलते लोग भारत के उपभोक्ता बाजार को और अधिक व्यापक बनायेंगे और इसके कारण वर्ष 2026 तक भारत तेजी से बढ़ती खपत के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जायेगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की आबादी 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गयी थी। यह 2047 तक बढ़कर 102 करोड़ हो जायेगी और यह संख्या चीन के बाद सबसे अधिक होगी। भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया भर की कंपनियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा और यह भारत की आर्थिक प्रगति को गति देगा। जहां तक अमरीका की नयी टैरिफ पॉलिसी का सवाल है तो निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब भारत को भी अपने आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाये। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की बढ़ती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी। भारत ने जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया सहित 13 देशों के साथ पहले ही 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' कर लिया है। इसके साथ ही यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और अमेरिका से व्यापारिक वार्ताएं चल रही हैं। इसे तेजी से आगे बढ़ाते हुए समझौते का आकार देने की जरूरत है ताकि बदलती विश्व व्यवस्था में संभावित नकारात्मक असर का प्रभावी शमन हो सके।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

> भारत ने जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया सहित 13 देशों के साथ पहले ही 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' कर लिया है। यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और अमेरिका जैसे देशों से व्यापारिक वार्ताएं चल रही हैं। इसे तेजी से आगे बढ़ाते हुए समझौते का आकार देने की जरूरत है ताकि बदलती विश्व व्यवस्था में संभावित नकारात्मक प्रभावों का शमन किया जा सके।

सोशल मीडिया

अंबेडकर नगर में एक अधिकारी अपनी शान दिखाने के लिए गरीबों की झोपड़ियां गिरा रहा है और एक बच्ची अपनी किबातें बचाने के लिए भागने पर मजबूर है।

अखिलेश यादव, सपा

भारत दौरे के दौरान बिल एंड मिलिंडा गेट फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स से भेंट की, हमने इस फाउंडेशन के साथ मातृ स्वास्थ्य एवं टीकाकरण पर बात की।

जेपी नड्डा.

अमर शहीद भगत सिंह सुखदेव व राजगुरू का अदम्य साहस, बलिदान अतुलनीय है। मातृभूमि को गुलामी मुक्त कराने का उनका संकल्प और त्याग देशवासियों के दिल में अमिट है।

केशव

हमारे कर्मों के फल

अंतर्दृष्टि

पुण्य कर्मों में हमारी प्रखरता हमारे व्यक्तित्व, आत्मिक साधना और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के हमारे संकल्पों को मजबूत करती है। पुण्य कर्म हमेशा हमारे साथ रहते हैं और हमे आत्मसंतोष भी प्रदान करते हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है।

मठाधीशों की परिक्रमा जरूरी

व्यंग्यलोक

पुरस्कार सिर्फ साहित्यिक कर्मों, कृत्यों का फल नहीं होते हैं बल्कि उनके पीछे हमारी गैर साहित्यिक सक्रियता भी होती है। अगर सृजन से ही साहित्य का पुरस्कार मिलने लगे, लेखकों को वाजिब सम्मान मिलने लगे तो फिर साहित्यिक संस्थानों पर काबिज मठाधीशों की परिक्रमा कौन करेगा? उनका गुणगान बंद हो जायेगा? यहां तक कि पुरस्कारों की पूरी सूची बदलनी पड़ेगी, सहित्यकार खोजने पड़ेंगे। अब तो पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी जरूरी नहीं है। बस संस्था प्रधान की नजरें आप पर टिक जाये, बस आपको कुछ करने की जरूरत नहीं। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। अब आपको की देखिए। स्कूली पाठ्य पुस्तक पर पुरस्कार मिल गया। जबकि यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था! विचारधारा के मामले में तो आप जानते ही हैं-मैं जैसी हवा चलती है, विचारधारा वैसी ही बना लेता हूँ। इतिहास को पढ़ कर कुछ लिखने का मन बना और उधर इसी वर्ष पुरस्कार का ऑफर आ गया। सोचा, बहती गंगा में हाथ धो लेने में हर्ज क्या है? वे बोले। मैंने कहा-खैर, यह तो आपने बहुत बढ़िया किया।

पूरन सरमा

ऐसी गंगा अब दुबारा तो बहने से रही। सही समय पर हाथ धो लिये वरना जनाब हमारे जैसे तो हाथ मल रहे है। वे गंभीर हुये बिना ही बोले- क्यों, आपने भी कोई साहित्यिक रचना भेजी थी क्या? हाँ, यही तो गलती हो गयी हमसे। किसी महापुरूष की जीवनी भेज देता तो शायद यह दिन देखना नहीं पड़ता। मेरे साथ तो होता ही उलटा है। जब जीवनी लिखता हूँ तो साहित्य माँगा जाता है और जब साहित्य भेजता हूँ तो कहते हैं कोई राष्ट्रवादी चीज लाओ। समझ में नहीं आता कि यह साहित्य पुरस्कार मिलेगा कैसे? मैंने निराश भाव से कहा तो वे अपना मुँह मेरे कान के पास लाये और धीरे से बोले- शर्मा जी सही तो यही है कि आप अपने आपको लेखक मानना छोड़ दें, पुरस्कार कल मिल जायेगा। मैंने तो सपने में सोचा भी नहीं था कि कभी मुझे साहित्य का पुरस्कार मिलेगा, लेकिन भाई जी मिल ही गया। मेरा मतलब आप अपने आपको कुछ ज्यादा ही समझते हैं। साहित्य को लेकर अकड़े फिरते हैं। वरना साहित्य का पुरस्कार तो साग-भाजी की तरह मिल रहे हैं। आवाज दे-दे कर बुलाते हैं कि पुरस्कार ले लो पुरस्कार। यह कहकर उन्होंने खींसे निपोरी और पुरस्कार लेने चले गये। मैं हताश भाव से सोचता ही रहा कि इसकी जुगाड़ कैसे करूँ?

राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है युवा शक्ति का उपयोग



चिंतन

विकास सिंह

इंफोसिस के संस्थापक और भारत के विख्यात आईटी शख्स नारायण मूर्ति ने भारतीय युवकों को सुझाव दिया कि वह हर हफ्ते में 70 घंटे काम करें। उन्होंने इस संबंध में एक लंबा लेक्चर देते हुए कहा, 'भारत के युवाओं को हर सप्ताह कम से कम 70 घंटे काम करना होगा, तभी भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है। आठ, नौ घंटे काम करने से रोजमर्रा की जिंदगी तो चलती है, लेकिन आप कुछ अतिरिक्त नहीं कर सकते। कर्मठ राष्ट्र ही प्रगति के शिखर को छूते हैं। नारायण मूर्ति के मुताबिक जब भारतीय युवक अतिरिक्त घंटे काम करेंगे, तभी हम जापान और जर्मनी जैसे विकसित राष्ट्र बन सकेंगे। क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इन दोनों देशों के युवाओं ने दुनिया के बाकी लोगों से कहीं ज्यादा काम किया था, तभी विश्व युद्ध में बर्बाद होने के बाद भी कुछ ही सालों में ये फिर से विकसित राष्ट्रों की कतार का हिस्सा बन सके। उन्होनें युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के युवाओं की तुलना में चीन के युवा कहीं ज्यादा काम करते हैं, उनकी वर्क प्रोडक्टिविटी भारतीयों के लिए मिसाल है। अगर हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो अगले 20 से 50 सालों तक युवाओं को दिन में 12 घंटे काम करना होगा ताकि भारत जीडीपी के मामले में दुनिया का नंबर एक या नंबर दो राष्ट्र बन सके।

नारायण मूर्ति ने वर्क प्रोडक्टिविटी में सुधार का आह्वान करके एक तरह से सरकारी कामकाज की संस्कृति पर भी तंज कसा है, जहां लालफीताशाही के कारण प्रोडक्टिविटी को लेकर कोई एकाउंटबिलिटी नहीं है। जब वो कहते हैं कि देश के युवाओं को 70 घंटे हर सप्ताह काम करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का एक जनआंदोलन शुरू करना चाहिए, तो जाहिर है वो सरकार को आईना दिखा रहे होते हैं कि सरकारी क्षेत्र में भी इस पर अमल होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत की वर्क प्रोडेक्टिविटी दुनिया में सबसे कम है। भले हम दिन रात ज्यादा काम किए जाने का रोना रोते हों, मगर भारत के लोग न सिर्फ कामकाज के मामले में बेहद फिसड्डी हैं बल्कि हमारी प्रोडक्टिविटी दुनिया में सबसे निचले पायदान पर है। इनफोसिस के ही पूर्व सीएफओ मोहन दास पई ने इस चर्चा को एक गंभीर मोड़ देते हुए कहा है कि भारत की कार्य उत्पादकता दुनिया में सबसे कम है। चीन हमसे इसलिए ही बहुत आगे है, क्योंकि वहां लोगों की कार्य क्षमता और उत्पादकता हमसे काफी ज्यादा है। भारत के युवा जब काफी घंटे अतिरिक्त काम करेंगे, तब जाकर चीन का मुकाबला किया जा सकता है। नारायण मूर्ति के इस सुझाव और आह्वान का जहां कई लोगों ने स्वागत किया है, जिंदल समूह के सज्जन जिंदल ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त की है, वहीं देश के कई डॉक्टर और दूसरे पेशेवर नारायण मूर्ति के इस सुझाव से सहमत नहीं हैं। विशेषकर चिकित्सकों की राय बिल्कुल अलग और उलट है। डॉ. कृष्णमूर्ति नाम के एक डॉक्टर ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट करते हुए कहा है कि दिन में 10 घंटे काम करना बहुत ज्यादा है, इससे शरीर शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी थक जायेगा और अगर पर्याप्त आराम नहीं मिलेगा तो यह थकान, मूड खराब होने और उत्पादकता में गुणवत्ता गिरने का कारण बन सकती है।

12 घंटे हर दिन काम करके लोग सप्ताह के अंत में बेहद तनाव महसूस कर सकते हैं। हां, कुछ लोग जरूर शुरू में उत्साह से इसमें हिस्सेदारी करने को आगे आएंगे, लेकिन इस शेड्यूल को बनाये रखना मुश्किल है। अगर दुनिया में विकसित देशों की कार्य संस्कृति पर एक नजर डालें तो डॉ.कृष्णमूर्ति की बात कहीं न कहीं सही लगती है। आमतौर पर दुनिया के ज्यादातर विकसित देशों में सप्ताह में करीब 35 घंटे काम करने का चलन है, जिसके बिल्कुल उलट नारायण मूर्ति 70 घंटे काम करने के लिए कह रहे हैं। हालांकि 35 घंटे अंतिम रूप से काम करने के घंटों में आयी कमी का नतीजा है और ऐसा सिर्फ दुनिया के विकसित देशों में ही संभव है। मसलन अमरीका में हर सप्ताह लोग 38.6, यूरोप में औसतन 36.9, ब्रिटेन में 36.6, फ्रांस में 36.3, स्वीडेन में 35.9, इटली में 35.6, रूस में 35.6, आयरलैंड में 35.2, जर्मनी में 32.3, डेनमार्क में 32.5 और नीदरलैंड में हर सप्ताह लोग आमतौर पर 29.4 घंटे ही काम करते हैं। जाहिर है ये सब विकसित देश हैं और आमतौर पर यहां प्रति व्यक्ति औसतन वार्षिक आय 40,000 डॉलर प्रतिवर्ष से ज्यादा है यानी अगर भारतीय रुपये में बदलकर देखें तो इनमें से किसी भी देश के वर्कर को साल में 32 लाख रुपये से कम नहीं मिलते।

आपकी बात

आतंकवाद को भी खत्म करें

गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने की घोषणा कर दी है। इस दिशा में गंभीर आपरेशन भी चल रहे हैं। नक्सली मारे जा रहे हैं और बड़ी संख्या में आत्म समर्पण भी कर रहे हैं। लेकिन नक्सली के साथ आतंकियों को भी खत्म करना जरूरी है। क्योंकि आतंकवाद देश के लिए एक गंभीर समस्या है। इससे देश को बहुत ही अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए आतंकवाद पर कठोर प्रहार होना बहुत जरूरी है। आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो। लेकिन अब सेना और सुरक्षा बल यह इंतजार नहीं करते हैं कि आतंकवादी कोई हमला करें तब उनको जवाब दिया जाये। अब सेना रिएक्टिव के बजाय प्रोएक्टिव एक्शन लेती है। ऐसे में जहां भी पता चलता है कि यहां आतंकी मौजूद हैं या छिपे हुए हैं तो वहां सर्च ऑपरेशन लांच करती है। हालांकि आतंकियों को सरेंडर का मौका देती है, लेकिन ऐसा अगर नहीं करते हैं तो प्रायः मुठभेड़ में आतंकी मारे जाते हैं या पकड़ लिये जाते हैं। लेकिन इस सर्च ऑपरेशन में कई बार हमारे जवानों की शहादत भी होती है। यह बहुत ही दुखद है। लेकिन मुठभेड़ में इस तरह की शहादत होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पहले भी कई सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने छिपकर फायरिंग की जिससे जवानों की शहादत हुई है। इसलिए सेना को सर्च ऑपरेशन, जंगलों और घरों में तलाशी अभियान के दौरान जवानों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा उपकरणों के साथ एसओपी भी लागू करनी चाहिए ताकि हमारे जवान आतंकियों को खोज भी निकालें और सुरक्षित भी रहें। जब सुरक्षा बल बिना किसी नुकसान के आतंकवादियों को पकड़ने या न्यूट्रलाइज करने में सफल होते हैं, तो वह पूरे राष्ट्र के लिए हर्ष का विषय होता है। लेकिन जवानों की शहादत पर देश गमगीन होता है। कश्मीर में जिन हालातों में सेना पाकिस्तान परस्त आतंकियों के खिलाफ लड़ रही है उसमें शहादत की घटनाएं भी हो जाती है।

राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.

बढ़ती आर्थिक असमानता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है।

आशुतोष वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

भगतसिंह के विचार अधिक प्रासंगिकः सूर्यकांत

अयोध्या। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कहा कि भगतसिंह के विचार मौजूदा समय में अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों का आंकलन आजादी के आंदोलन के दौरान ही कर लिया था। जिसके कारण उन्होंने 1928 में ही साम्प्रदायिकता और उसका इलाज नामक लेख लिखा है। श्री पाण्डेय शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए यह कहा। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्थापित स्वतंत्रता संग्रामके मूल्यों के माध्यम से वर्तमान परिस्थितियों का सामना आसानी से किया जा सकता है। इसके पूर्व संस्थान के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने नगर निगम स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रोफेसर विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि क्रांतिकारी आंदोलन के महानायक थे भगतसिंह ही थे। उन्होंने उनके विचारों पर व्यापक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी आंदोलन का योगदान मील का पत्थर साबित हुआ। इस अवसर पर भगतसिंह ट्रस्ट के सत्यभान सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

अप्रैल में चालू होगा दर्शननगर आरओबी

जिला संवाददाता(vol)

- योगी सरकार के आठ वर्ष में मिलीं अयोध्या के नवनिर्माण से जुड़ी कई सौगात
- 104 करोड़ की लागत से किया जा रहा है तैयार

अयोध्या। प्रदेश की योगी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर अयोध्या में हुए विकास कार्यों की चर्चा जोरों पर है। इन आठ वर्षों में अयोध्या ने आमूल-चूल परिवर्तन देखा है और यह शहर अब विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ अब अयोध्या आधुनिक बुनियादी ढांचे के लिए भी पहचाना जा रहा है। इन विकास कार्यों में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं, जिनमें से कुछ पूरे हो चुके हैं तो कुछ तेजी से तैयार हो रहे हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है दर्शननगर रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी)। जिसका निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ है। दर्शननगर रेलवे ओवर ब्रिज की लागत 104.46 करोड़ रुपये है और यह अयोध्या के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह आरओबी 15 अप्रैल तक आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। जिसके बाद लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इस ओवर ब्रिज के शुरू होने से अयोध्या से अम्बेडकरनगर जाने का रास्ता आसान हो जाएगा और वाहन सरपट दौड़ सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि क्षेत्र में यातायात का दबाव भी कम होगा। यह प्रोजेक्ट अयोध्या के विकास में एक नया अध्याय जोड़ रहा है।

राम मंदिर में प्रभु श्रीराम लला विराजमान होने के बाद अयोध्या में विकास की गति और तेज हो गई है। सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि दर्शननगर आरओबी 31 मार्च तक ही तैयार हो जाएगा। लेकिन वाहनों का संचालन 15 अप्रैल से ही शुरू किया जाएगा। दर्शननगर सम्पार संख्या 107-ए / 2टी फोर लेन के आगामी 14 अप्रैल तक तैयार हो जाने की पूरी संभावना है। इसका निर्माण सेतु निगम द्वारा कराया गया है। करीब 104.46 लाख के इस फोर लेन सम्पार का निर्माण 3 नवम्बर 2021 को शुरू हुआ था। इसके फोर लेन के बन जाने से आवागमन में लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अयोध्या को नायाब चार आरओबी मिल चुके हैं। जिनमें फतेहगंज 118, सूर्य कुण्ड 105, टेढ़ी बाजार, बड़ी बुआ (उदया चैराहा) 112 शामिल हैं। इन पर वाहन दौड़ रहे हैं। आसिफबाग 108 (ए), मोदहा 121 बी, हल्कारा पुरवा (108 ए.सी) पर काम चल रहा है। इसे भी समय पूरा करने का दावा किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को प्राथमिकता देते हुए इसके लिए खजाना खोल दिया है। मंदिर निर्माण के साथ-साथ सड़कें, पुल, रेलवे स्टेशन और अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अयोध्या अब केवल एक तीर्थस्थल ही नहीं, बल्कि एक आधुनिक शहर के रूप में भी उभर रहा है। दर्शननगर आरओबी जैसे प्रोजेक्ट्स इस बात का प्रमाण हैं कि योगी सरकार अयोध्या को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। आने वाले दिनों में अयोध्या और भी समृद्ध व सुविधाजनक बनेगा।

डीएम की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित

बहराइच । रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत 17 मार्च से प्रारम्भ गेहूँ खरीद के सम्बन्ध में शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि ई-उपार्जन मॉड्यूल पर लेखपालों का रजिस्ट्रेशन 02 दिवस में करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि गेहूँ खरीद का प्रत्येक विवरण ई-उपार्जन मॉड्यूल पर फीड करना अनिवार्य होगा, केवल उसी खरीद को मान्यता दी जायेगी जो ऑनलाइन फीड होगी। ऑफ लाइन खरीद किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

डीएम ने निर्देश दिया कि जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से अधिकाधिक कृषकों को मैसेज भेज कर जानकारी दी जाये कि गेहूँ बिक्री हेतु कृषक को खाद्य विभाग के पोर्टल एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा।

खरीद के समय किसानों द्वारा पंजीकरण के सम्बन्ध में जो भी विवरण दर्ज किया गया है वे सभी मूल अभिलेख क्रय प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे तथा उनकी स्वःहस्ताक्षरित छायाप्रति भी उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।

सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना

बाराबंकी। वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय मसौली द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर हौजपुर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कवि साहित्यकार एवं सदस्य नमामि गंगे जिला गंगा समिति प्रदीप सारंग ने ध्वजारोहण कर किया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत को हृदयांगम किये बिना किसी के लिए भी स्वयं सेवक बन पाना ही सम्भव नहीं हैं। देश के संविधान की भावना के साथ कर्तव्य-पालन ही स्वयं सेवक का धर्म है। विशिष्ट अतिथि सदानंद वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सामाजिकता जगाती है। विशिष्ट अतिथि रजत बहादुर वर्मा ने छात्र छात्राओं को धरती पर हरियाली बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0राम सुरेश वर्मा, प्रवक्ता विष्णु मिश्रा, आराधना वर्मा, जितेंद्र यादव, जीशान, अमरदीप, प्रदीप, शिविरार्थी अनुज, शिवम वर्मा, कपिल, निखिल, सपना मौजूद रहे।

3 दिवसीय वृहद रोजगार मेला 25 से 27 तक

बहराइच । प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यूपी, भारत का ग्रोथ इंजन की थीम पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में 25 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले समारोह में बहराइच के अधिक से अधिक रोजगार तलाशने वाले युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई.टी.आई., राजकीय पालीटेक्निक एंव उ.प्र. कौशल विकास मिशन तथा जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन केन्द्र, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 03 दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 15 से अधिक नियोजकों द्वारा प्रतिभाग कर प्रातः 10:00 बजे से भिन्न-भिन्न पदों पर पालीटेक्निक, आईटीआई उत्तीर्ण, कौशल विकास, प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के साथ-साथ कक्षा 10 से लेकर स्नातक/परास्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि वृहद रोजगार मेले में मुख्य रूप से न्यू हालेन्ड ट्रैक्टर्स, जयभारत मारूति, सिन्नोवा गियर्स, एस.जी. इण्टरप्राइजेज, प्रिसिसन सील्स, गूंगर एडवरटाइजिंग, मैनपावर ग्रुप आफ सर्विसेज, प्राइम पैथ एच.आर. प्रा.लि., वेलस्पन इण्डिया प्रा.लि., वर्धमान प्रा.लि., क्वैस कार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन प्रा.लि., भारतीय जीवन बीमा निगम, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि., सिस्का इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेन्ट इण्टरप्राइजेज एवं पशुपतिनाथ बायोटेक्नालाजी आदि कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। श्री कुमार ने हाईस्कूल, इण्टरमीडियट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा एवं कौशल प्रशिक्षित इत्यादि अर्हता रखने वाले महिला/पुरूष अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन कराकर इच्छुक कम्पनियों में अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर प्रातः 10:00 बजे से समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्रों/छाया प्रतियों के साथ कार्यक्रम स्थल महाराज सिंह इण्टर कालेज परिसर में उपस्थित हो।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय पर मनाया गया शहीद दिवस

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
शहीद दिवस 23 मार्च

बाराबंकी। भगत सिंह अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ लडने वाले महान योद्धा थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार अंग्रेजी-अमरीकी सम्राज्यवाद की प्रतिनिधि सरकारे है। सत्तारूढ़ दल के विधायक भी कह रहे हैं कि उ0प्र0 की सरकार अब तक की सबसे भ्रष्टतम सरकार है। उक्त विचार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सहदेव की शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने व्यक्त किये। श्री सुमन ने आगे कहा कि सत्तारूढ़ दल के विधायक ने काला जादू कर दिया गया है इसलिए सरकार पंगु है। पार्टी सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि आज भगत सिंह जिंदा होते तो निश्चित रूप से डबल इंजन की सरकारों को उखाड़ फेंकने का आवाहन कर रहे होते। राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने भगत सिंह और उनके साथियों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी कि जब साम्प्रदायिक सरकारों को हटा कर किसानों और मजदूरों की सरकार बनानी होगी। श्रद्धांजलि सभा में किसान सभा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सह सचिव शिवदर्शन वर्मा, पवन कुमार, अमर सिंह, प्रेम चंद वर्मा, नैमिष कुमार सिंह, महेंद्र यादव, दीपक शर्मा, सच्चिदानंद, संदीप तिवारी, विवेक सिंह, परमेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के लिए चिन्हित किये गये स्थल

बहराइच । प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में 25 से 27 मार्च 2025 तक ह्यह्ययूपी, भारत का ग्रोथ इंजन की थीम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर एवं विधानसभा क्षेत्रवार किया जायेगा। यह जानकरी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिला स्तरीय एवं विधानसभा क्षेत्र बहराइच सदर के कार्यक्रम हेतु महाराज सिंह इण्टर कालेज का चयन किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी होंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र बलहा का कार्यक्रम विकास खण्ड मिहींपुरवा परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपायुक्त श्रम रोजगार होंगे। विधानसभा क्षेत्र पयागपुर का कार्यक्रम नोडल अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी की देख-रेख में तहसील मुख्यालय पयागपुर में आयोजित किया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र महसी में आयोजित होने वाला कार्यक्रम ग्राम पंचायत बैकुण्ठा में मुख्य विकास अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न होगा। विधानसभा क्षेत्र नानपारा का कार्यक्रम सआदत इण्टर कालेज नानपारा में आयोजित किया जायेगा। जिसके नोडल अधिकारी उपायुक्त स्वतः रोजगार होंगे। विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी की देख-रेख में विकास खण्ड परिसर फखरपुर में आयोजित किया जायेगा तथा विधानसभा क्षेत्र मटेरा में होने वाला कार्यक्रम जिला विकास अधिकारी की देख-रेख विकास खण्ड परिसर रिसिया में आयोजित किया जायेगा। सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डीएम द्वारा नोडल अधिकारियों के साथ सहयोग के लिए सह नोडल अधिकारियों की भी तैनाती की गई है।

प्रसव के लिए आई महिला को डॉक्टर ने वापस लौटाया

सोहावल-अयोध्या। स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह, बेलगाम, कर्मी सरकार की तमाम अच्छी स्वास्थ्य सेवा देने के दावे को झूठा साबित कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सोहावल तहसील क्षेत्र के मुबारकगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सनाहा गांव निवासी पुष्पा मौर्या पत्नी सुरेंद्र मौर्य प्रसव की पीड़ा से तड़प रही थी। यहां मौजूद डाक्टर महेंद्र कुमार ने यह कह कर वापस कर दिया कि प्रसव के लिए सोहावल या फैजाबाद जाकर प्रसव कराओ। मामला रविवार दोपहर का है। सुरेंद्र मौर्य, राम जी का आरोप है कि डाक्टर महेंद्र कुमार, एएनएम पुष्पा अस्पताल में मौजूद थे। लेकिन गेट खोलना मुनासिब नहीं समझा और पेशेंट को वापस कर दिया। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी पी सी भारती ने बताया कि पेशेंट हाई रिस्क प्रेगनेंसी में थी। इसलिए जच्चे बच्चे दोनों के जान का खतरा था। अच्छी स्वास्थ्य सुबिधा देने के लिए सीएचसी पर भेजा गया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के दया अवध स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं दया अवध गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन मोहम्मदपुर में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समारोह पूर्वक समापन हुआ। शिविर में दया अवध स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दो इकाइयों में 200 छात्र तथा दया अवध गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन की इकाई में 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया। दया अवध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिविर के समापन अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी निरंकार श्रीवास्तव ने सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रत्येक दिन हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं दया अवध गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन के शिविर की कार्यक्रमाधिकारी रीता ने सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रत्येक दिन के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्रबंधक राम अवध दुबे ने स्वयंसेवकों को एनएसएस लक्ष्य गीत को जीवन में हर पल स्मरण रखते हुए समाज सेवा में प्रतिपल तैयार रहने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जब भी समाज व देश को जरूरत पड़ी है स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ भाव से योगदान दिया है। युवा किसी भी देश की रीढ़ होते है जो देश को मजबूती प्रदान करते है। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि विशेष शिविर में सीखे हुए अनुभव अविस्मरणीय होते है। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण सफलता की कुंजी है, चाहे वह रोजगार हो, व्यापार हो, नौकरी हो या समाजसेवा हो। समापन अवसर पर विद्यार्थी बैजनाथ इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य सीडी दुबे, सुरेश कुमार, एसपी शुक्ला, जेके शुक्ला, डॉ अनुपम आदि उपस्थित थे।

यूपी में बनाया जा रहा बेहतर शैक्षिक परिवेशः वेद प्रकाश गुप्ता

जिला संवाददाता(vol)

- इनकम टैक्स इस्पेंक्टर पद पर चयनित प्रदुम्न वर्मा व असिस्टेंट कमिश्नर पर चयनित दीपक वर्मा को विधायक ने किया सम्मानित

अयोध्या। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने इनकम टैक्स इस्पेंक्टर पद पर चयनित प्रदुम्न वर्मा व असिस्टेंट कमिश्नर पर चयनित दीपक वर्मा को पूरा ब्लाक के महेशपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया। प्रदुम्न महेशपुर व दीपक विछ्ई तिवारी का पुरवा नन्सा के रहने वाले है। कार्यक्रम के दौरान दोनो का माल्यापर्ण करने के बाद पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यूपी में बेहतर शैक्षिक परिवेश बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। जिससे प्रतिभाओं में और निखार आ सके। छात्रों को अपना पथ चुनने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। भ्रष्टाचार को लेकर जीरों टालरेंस की नीति के तहत कार्य किया गया है। जिससे प्रतिभावान छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहे है। युवाओं के लिए लगातार नये अवसर पैदा किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मेहनत व लगन से पढाई करना किसी अच्छे भविष्य का परिचायक है। प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को चयनित इन युवाओं का अनुसरण करना चाहिए। गरीबों छात्रो को शिक्षित करके उनके जीवन पर परिवर्तन के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। अभ्युदय कोचिंग के तहत उनका बेहतर मार्गदर्शन किया जा रहा है।

सरकार ने भयमुक्त परिवेश बनाकर यूपी को निवेशको की पसंद बना दिया है।

पर्यटन के क्षेत्र में यूपी पूरे विश्व की पसंद बनता जा रहा है। इससे सरकारी के साथ निजी क्षेत्र कम्पनियों में युवाओं के लिए रोजगार के नित नये अवसर बन रहे है। इस अवसर पर दीपेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, देवता पटेल, प्रदीप सिंह, रामप्रीत वर्मा, राजेश पाठक, दीपू सिंह, सियाराम वर्मा, संदीप सिंह मौजूद रहे।

पसमांदा समाज को वक्फ संपत्ति का हवला देकर बर्गला रहे मौलाना अरशद मदनी एण्ड़ कंपनीडः वसीम राईन

जिला संवाददाता(vol)

- वफ्फ बिल के समर्थन में मजबूती के साथ खड़ा है पसमादा

बाराबंकी। मौलाना अरशद मदनी एंड कंपनी की सारी दलीले केवल उनकी मतलबपरस्ती को जाहिर कर रहीं हैं। आज वह पसमांदा मुसलमानो का साथ चाह रहे तो सवाल केवल एक और वाजिब है कि उन्होंने आजादी के बाद से पसमांदा मुसलमानो के साथ किया ही क्या है? जिसे याद करके उनका साथ दिया जाये।

जाहिर है जब उनके वक्फ के कारोबार पर हमला हुआ है तबसे वह सरकार के खिलाफ अभियान चलाने में जुटे हुए हैं। और मुसलमानो को वक्फ संपत्ति का हवला देकर बर्गला रहे हैं। पसमांदा मुसलमान सब जान और समझ रहा है, मदनी साहब इस समाज से दूर ही रहें तो बेहतर रहेगा। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने खासकर कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक की तरह ही तथाकथित स्वघोषित, स्वयंभू मुस्लिम सियासी, मजहबी रहनुमाओं ने कभी पसमांदा मुसलमानो का ख्याल किया होता तो आज तस्वीर ही कुछ और होती। काश बाबा साहेब द्वारा लिखित महान भारतीय संविधान पर लगे संवैधानिक कलंक यानी संविधान के अनुच्छेद 341 में पैरा (3) के जरिए लगी मजहबी पाबंदी को हटाने या मंडल आरक्षण में पिछड़े मुसलमानों को उनके आबादी के अनुपात में हक हिस्सेदारी दिलाने या उनका कोटा अलग करने के लिए भी कोई ईमेल या जन जागरूकता मुहिम चलाई गई होती तो फिर देश के 85 फीसदी से ज्यादा पसमांदा मुसलमानों की सियासी, समाजी, माली और तालीमी हालत दलितों से बदतर ना हुई होती। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि मौलाना अरशद मदनी ने कभी पसमांदा समाज की हिस्सेदारी के बारे में नहीं सोचा।

यूपी में 1 लाख 22 हजार व बंगाल में 1 लाख 44 हजार मिलाकर पूरे देश में वफ्फ की कुल 4 लाख 90 हजार संपत्तियां हैं क्या कभी मदनी साहब ने उन संपत्ति पर गरीब पसमांदा मुसलमान को काबिज होने दिया।

कारोबार का मौका दिया, उसकी परेशानी दूर करने की सोंची, जवाब नहीं में है। अव्वल खुद व उनके अशराफ कारिंदे दिल्ली, हैदराबाद आदि तमाम जगहों पर अरबों की वफ्फ संपत्ति पर काबिज हैं और कारोबार कर रहें। आज मदनी साहब अभियान चला रहें, वह बताए कितने पसमांदा मुसलमानो को उन्होंने वफ्फ की जमीन दी।

कितनी बेवा औरतो को कितने यतीमों को दी हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि मौलाना मदनी यह साफ तौर पर जान लें कि वह अगर वफ्फ बिल का विरोध कर रहें तो पसमांदा मुसलमान इस बिल के समर्थन में मजबूती के साथ खड़ा है।

अपनी नौकरी के तीन माह भी नहीं पूरा कर सका शहीद कमांडो का बेटा

- 25 दिसम्बर 2024 को शिवम यादव को मिली थी तैनाती

सोहावल-अयोध्या। तहसील सोहावल में स्टोनो पद पर तैनात शहीद फौजी के बेटे की दुर्घटना में हुई मौत के मामले में जिलाधिकारी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एसडीएम सोहावल रहे अभिषेक सिंह को यहां से हटाकर बीकापुर का उप जिलाधिकारी न्यायिक बनाया गया। राजीव रत्न सिंह को उप जिलाधिकारी सोहावल बनाया गया है। शनिवार की शाम को तहसील सोहावल से वापस जाते समय स्टोनो शिवम् यादव की राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-अयोध्या पर कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत के बाद नाराज परिजनों ने एस डी एम सोहावल पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया था। मां और भाई सहित परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। सपा सांसद अवधेश प्रसाद पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पार्टी कार्यकत्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर कार्यवाही की मांग करने लगे। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के कर्मचारी और पदाधिकारी मौके पर पहुँच गये। अधिकारियों की मान मनववल के बाद भी अपनी मांग पर अड़े रहे। रात्रि 2 बजे के बाद जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजनों सहित धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों और मौजूद लोगों को समझा बुझा कर मामले को शांत कराया। और कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। रविवार को परिजनों ने भारी भीड़ के बीच नम आखों से बैकुंठ धाम अयोध्या में अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

होली मिलन और महिला सम्मान समारोह का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

- प्रतापगढ़ सांसद डॉ. एसपी सिंह ने उत्कृष्ट योगदान देने वाली 40 महिलाओ को किया सम्मानित

बाराबंकी। रामलाल शीत गृह, औरंगाबाद, सूरतगंज रोड, फतेहपुर में होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सांसद डा0 एस0पी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह मे विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली 40 महिलाओ को अंगवस्त्र व मोमटो देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त पूर्व एमएलसी कांति सिंह, निकिता सिंह, शिखरपाल सिंह, एलपीएस प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार ने महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसके उपरान्त रजनी वर्मा द्वारा कथक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर चैधरी चरण सिंह महाविद्यालय की प्रबंधक सुधारानी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सोनी यादव, ब्लॉक प्रमुख सिरौलीगौसपुर रेनू वर्मा, नगर पालिका अध्यक्षा नवाबगंज शीला सिंह, पूर्व विधायक राज लक्ष्मी वर्मा, लेखिका ज्ञानमती वर्मा, जनता दल यूनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल, डॉ0जूही सिंह, सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के गठित जांच समिति के सदस्यों ने अधिकारियों के साथ की बैठक

बहराइच । राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा गठित जांच समिति के माननीय सदस्यों सर्वश्री जनार्दन प्रसाद गुप्ता, आर.डी. सिंह, चिरंजिवी चैरसिया, विनोद सिंह व वासुदेव मौर्या तथा अन्वेषण अधिकारी मनोज विमल ने शनिवार जनपद के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कसौधन जाति प्रमाण-पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कसौधन जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने के संबंध में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी चाहने पर मौजूद तहसीलदारों द्वारा जाति प्रमाण-पत्र जारी होने, आवेदन निरस्त होने एवं आवेदन के निस्तारण में आ रही समस्याओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। जांच समिति के सदस्यों द्वारा उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया गया की शासन के मंशा के अनुरूप कसौधन जाति के जाति प्रमाण-पत्रों को जारी करने में आ रही समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करते हुए अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों के जाति प्रमाण-पत्रों के आवेदनों को संवेदनशीलता एवं गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारित किया जाए। अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने जांच समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया कि जनपद में शासन की मंशानुसार जाति प्रमाण-पत्रों को जारी कराया जायेगा। बैठक के अंत में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज द्वारा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जांच समिति के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद, सदर बहराइच की श्रीमती पूजा चैधरी, महसी के अखिलेश सिंह, पयागपुर के राकेश कुमार मौर्या, नानपारा की सुश्री अंजनी यादव, मिहींपुरवा (मोतीपुर) अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार सदर अनिरूद्ध, कैसरगंज के अभय पाण्डेय, महसी के विकास कुमार, पयागपुर के अजय यादव, नानपारा के अम्बिका चैधरी व मिहींपुरवा (मोतीपुर) के धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी, कसौधन समाज के प्रतिनिधि, गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

तीन दिवसीय सर्विस व एक्सचेंज कार्निवल का शुभारम्भ

अयोध्या। रविवार को तीन दिवसीय सर्विस व एक्सचेंज कार्निवल हीरो कंपनी द्वारा पर्वती मैरिज लॉन निकट देवकाली तिराहा पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, हीरो कंपनी के ऑल इंडिया सर्विस हेड संजय सुभाष सेजवाल , जोनल मैनेजर दिनेश कुमार खंडेलवाल व अप सर्विस हेड चंद्रकांत चमोली के द्वारा शुभारंभ किया गया कैंप मैं ग्राहकों को विशेष छूट दी गई है जिसमें नाइट्रोजन धुलाई व पॉलिश फ्री व लेबर चार्ज मात्र 99 रुपए में सुविधा उपलब्ध है प्रथम दिन 407 गाड़ी की सर्विस की गई व 10 गाड़ी एक्सचेंज में ली गई कैंप में ग्राहकों के लिए सांस्कृतिक व मनोरंजन व स्वास्थ्य चेकअप के कार्यक्रम भी रखे गए हैं।

इस अवसर पर शहर के निरंकार सिंह, ज्ञान केसरवानी , अरुण अग्रवाल , सरदार जसबीर सिंह , सरदार सुरेंद्र सिंह गांधी आदि उपस्थित थे जिनका स्वागत चंद्र प्रकाश गुप्ता व तरुण मित्तल ने किया।

संक्षेप

राम मनोहर लोहिया की जयंती मनायी

कादीपुर, सुलतानपुर। रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती कस्बे में पूर्व विधायक भगेलू राम के आवास पर मनाई गई। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भगेलू राम ने कहा कि डॉ. लोहिया समाजवाद के पुरोधा थे। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महान दार्शनिक थे। उन्होंने पूरे जीवन समाज के दबे कुचले लोगो को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए संघर्षरत रहे। जिला कोषाध्यक्ष सूर्य लाल यादव ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को महासचिव नंदलाल गौतम, अलीम राईन, सुनील यादव, अनीस अहमद, बसंत अग्रहरि मोहम्मद शहजाद, अजय यादव, विपिन कुमार वर्मा संजय यादव सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।

धारदार हथियार से युवक पर हमला, घायल

कादीपुर, सुलतानपुर। अपने खेत में घास काट रहे युवक पर विपक्षी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव के रामसुख 22 मार्च को अपने खेत में घास काट रहे थे। आरोप है कि तभी विपक्षी जो पहले से ही गेहूं के खेत में घात लगाए बैठा था। पीछे से धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे राम सुख के सिर पर गंभीर चोट आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजन सिंह के विरुद्ध नाम जद केस कर लिया है।

कवि और मुशायरा में कवियों ने बांधा समां

कादीपुर, सुलतानपुर। प्रबुद्ध मंच और भाईचारा समिति द्वारा तहसील परिसर में शनिवार की रात एक भव्य कवि सम्मेलन और मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हैदरगढ़ के कवि शिव किशोर तिवारी खंजन की वाणी वंदना से हुई। इसके बाद अजय बहादुर अनुरागी ने अपनी कविता ह्यतेरे चरण पड़े जहां जहां, फूल खिले वहां-वहांह्ल से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतापगढ़ के ओज कवि लवलेश यदुवंशी ने अपनी कविताओं में सफलता और संघर्ष का संदेश दिया, जबकि गोंडा के रवींद्र पांडेय के गीत ह्यप्यार में जो बंधे थे बंधे रह गएह्ल ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। मऊ के परवेज कौशर की गजलें भी सराही गईं, जिनमें उनका तेरे चेहरे पर जब गुलाल लगा पंक्तियों ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। बलिया की कवयित्री प्रतिभा यादव की कविता अंबर में छटा छा गई बहार के लिएह्ल ने भी दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने अपने व्यंग्यात्मक काव्य से श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने की, जबकि संचालन बिहारी लाल अम्बर ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. वेद प्रकाश सिंह और मुम्बई हाईकोर्ट के अधिवक्ता दिनेश कुमार अग्रहरि ने कवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, वकील संघ के अध्यक्ष दिनेश शुक्ला समेत कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

चांदा, सुलतानपुर। जनपद के विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक में होली मिलन समारोह कार्यक्रम को प्रधानसंघ जिलाध्यक्ष मनोज गोस्वामी की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लम्भुआ विधायक सीता राम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित हुए। होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अवीर व पुष्प वर्षा कर होली मिलन कार्यक्रम मनाया। वहीं कार्यक्रम आयोजक मनोज गोस्वामी ने मंच पर उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। विधायक सीता राम वर्मा ने कहा- होली मिलन कार्यक्रम ऐसा होता हैं। जिससे आपस में भाईचारा बरकरार बना रहे जिसका संदेश समाज के लिए अच्छा सावित होता हैं। सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने वक्तव्य में प्रधानों को मिलने वाले टीए डीए को लेकर चर्चा किया और ब्लॉक प्रमुख एवं बीडीओ पंकज गौतम को जल्द देने के लिए निर्देशित किया। ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल ने अपने वक्तब्य के द्वारा कहा कि इस कार्यक्रम में सामिल होने का निमंत्रण मुझे नही मिला था, परन्तु विधायक सीताराम वर्मा एवं एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के कहने पर कार्यक्रम में उपस्थित हुई हूँ जो सही नही हैं।

आवासीय छप्पर में लगी आग, लाखों का नुकसान

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव में रविवार दोपहर अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरे छप्परनुमा घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया।

सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। चैकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी भी खुद बाल्टी लेकर आग बुझाते नजर आए, जिसकी लोगों ने सराहना की। चंद्रकला, पत्नी स्व. घिर्राऊ, अपने पुत्र विजय और विनोद के साथ इस छप्परनुमा घर में रहती थीं। आग लगने से तीन छप्पर, घर में रखा अनाज, बर्तन, कपड़े, बिस्तर, चारपाई सहित पूरा सामान जलकर राख हो गया। इस आग में छप्पर के नीचे बंधे दो जानवर भी झुलस गए, जिनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना से दुखी चंद्रकला ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल इंद्रजीत यादव ने बताया कि शुरूआती आकलन के अनुसार करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेजी जाएगी और जल्द से जल्द पीड़ित को राहत प्रदान की जाएगी।

साहू समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

रायबरेली। भारतीय तैलीक साहू राठौर महासभा रायबरेली ने विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप्र सरकर के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर व विशिष्ट अतिथि रमाशंकर साहू, सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, महराजगंज चेयरपर्सन अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, सरला साहू अध्यक्ष महराजगंज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं गायत्री मंत्र उच्चारित शंखध्वनि के साथ शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश राठौर ने होली मिलन के अवसर पर लोगों को बधाइयां व शुभकामनाएं दी तथा आपस में मिलजुल कर तथा आपसी प्रेम, सौहार्द बनाए रखने के लिए बताया तथा समाज में व्याप्त ईर्ष्या को खत्म करके एक दूसरे को सहयोग देने के लिए कहा। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू ने राजनीति में भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया और कहा कि जब तक समाज के लोग इस पर ध्यान नहीं देंगे तब तक हम सभी लोग आगे नहीं बढ़ पायेंगे।

समारोह में दो अभिनंदन ग्रंथ का हुआ लोकार्पण

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। भारती परिषद प्रयागराज की तरफ से हिन्दुस्तानी एकेडमी सभागार में आयोजित समारोह के दौरान जनपद के सात साहित्यकारों को महामहिमोपाध्याय की उपाधि प्रदान की गई है। सभी साहित्यकार क्षेत्र की साहित्यिक संस्था अवधी मंच कादीपुर से जुड़े हैं।

यह जानकारी देते हुए मंच के सचिव ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्रयागराज में आयोजित इस भव्य आयोजन में ज्योति पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने वरिष्ठ साहित्यकार डा. आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप, मथुरा प्रसाद सिंह जटायु, डॉ सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु, डॉ. राम प्यारे प्रजापति, हरिनाथ शुक्ल हरि, कृष्णमणि चतुर्वेदी मैत्रेय व पवन कुमार सिंह को सम्मान पत्र, अंगवस्त्र व पुस्तकें आदि भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारती परिषद के अध्यक्ष डॉ. शम्भूनाथ त्रिपाठी अंशुल, मंत्री शीलधर मिश्र समेत देश भर से आये साहित्यकार उपस्थित रहे। समारोह में दो अभिनंदन ग्रंथ का लोकार्पण हुआ, जिसमें सर्वाधिक लेख सुलतानपुर के साहित्यकारों के हैं। जिसके लिए जनपद के साहित्यकारों की विशेष प्रशंसा की गई। साहित्यकारों के सम्मान से क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता है।

प्रतिभा खोज परीक्षा में 675 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में संचालित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चाचा नेहरू इंटरमीडिएट कालेज मीरामानिकपुर पर रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 व कक्षा 9, 11 प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों के 675 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय संस्थापक मिर्जा अल्ताब वेग ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की खोज करके उनका उचित मार्ग दर्शन करना है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधाबी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयोजित परीक्षा में कक्षा 9 हेतु 545 व कक्षा- 11 में प्रवेश हेतु 130 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। इस दौरान कालेज स्टॉफ सहित सैकड़ो अभिभावक भी मौजूद रहे।

शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

रायबरेली। आजाद शक्ति सेवा संगठन के साथियों के साथ मिलकर आज शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को पुष्पांजलि देकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आजाद शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष गोविंद सिंह एडवोकेट ने कहा कि क्रांतिकारियों ने संपूर्ण देश को अपना परिवार माना और उन्होंने आम जनमानस के एक-एक व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी, आज के समय में हम सबका यह कर्तव्य है कि शहीदों को सम्मान बढ़ चढ़ कर दिया जाए। अमित श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि शहिद किसी देश की धरोहर होते उनके जीवन वृतांतों से सब कुछ सीख लेकर राष्ट्र प्रेम की तरफ चलना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता सीएल त्रिवेदी ने कहा कि शहीदों के प्रति सरकारों को जिम्मेदार होना चाहिए और उनसे संबंधित जो भी स्थान है उनका विकास किया जाना चाहिए। संगठन के उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह एडवोकेट ने कहा कि हमें शहीदों के जीवन से सीखने की जरूरत है उनके जीवन से हम अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों समझ सकेंगे। इस मौके पर धनंजय सिंह, शैलेश सिंह, मोहित यादव, अशोक यादव, कमलेंद्र भदौरिया, विवेक शर्मा, विजय सिंह, अभिषेक तिवारी, मृत्युंजय दीक्षित, दिवाकर सिंह, आनंद दिक्षित, शुभम श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, आकाश सोनकर आदि संगठन के साथी मौजूद रहे।

शहीदों की याद में 53 लोग रक्तदान कर बने महादानी

अमेठी। महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) के तत्वावधान में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के 94वें शहादत दिवस पर निफा के संवेदना-2 मुहिम के अंतर्गत टीकरमाफी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान पवन कुमार मौर्य के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। रक्त संग्रह का कार्य संजय गांधी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक द्वारा किया गया। कुल 53 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के संयोजक एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा शिविर को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। रक्तदान करने में प्रिंस मिश्रा, उदयराज शर्मा, पवन कुमार मौर्य ग्राम प्रधान टीकरमाफी, डा रवीन्द्र कुमार मौर्य, अभिषेक यादव, रवीन्द्र कुमार, राजकुमार, शिव बहादुर सिंह, दुर्गा प्रसाद, सूरज कुमार, संजय सिंह पूर्व प्रधान टीकरमाफी, बिहारी लाल, सूरज, डॉक्टर राम अवध विश्वकर्मा, अभिमन्यु, रवि कुमार, शीतला प्रसाद प्रजापति, दीपक मौर्य, अर्पित सिंह, संजीव दूबे, सुमित कुमार, सरवन कुमार शर्मा, रिंकू अग्रहरि, अनुराग तिवारी, शिवम शर्मा, रवि कुमार, लक्ष्मीकांत मौर्य, दयाराम मौर्य, दीपक कुमार, ज्वाला प्रसाद प्रजापति क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित कुल 53 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष रणजीत शर्मा दूधनाथ शर्मा राम लखन शर्मा आरके शर्मा शिव प्रसाद शर्मा राजेंद्र प्रसाद शर्मा पूर्व प्रधान टिकट माफी रविंद्र प्रताप सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। : मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा के नेतृत्व में 32 लोगों ने किया रक्तदान। रक्तदान शिविर की औपचारिक शुरूआत सीएमएस अमेठी श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल ने किया। मिलन यादव, विक्रम कोबिंद, दीपक यादव,लवलेश शर्मा, रोशन लाल शर्मा, विमलेश कुमार, विपिन कुमार, सुधांशु तिवारी, रविंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, प्रिंस शर्मा, नरेंद्र सुधांशु शर्मा, सतीश कुमार शर्मा आदि 32लोगों ने रक्तदान किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में एप्टीट्यूड टेस्ट अभिक्षमता योग्यता रुचि परीक्षण आयोजित

महराजगंज, रायबरेली। जवाहर नवोदय विद्यालय में एप्टीट्यूड टेस्ट अभिक्षमता योग्यता रुचि परीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान फिरोज गांधी कॉलेज मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शामिनी श्रीवास्तव और उनकी टीम ने लगभग 240 बच्चों का परीक्षण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य चंदन बागीश ने छात्रों से कहा अभिक्षमता परीक्षण का उपयोग किसी व्यक्ति की क्षमताओं को निर्धारित करने के लिए किया जाता है, जिससे यह आकलन किया जाता है कि किसी क्षेत्र में उनका प्रदर्शन कैसा होगा। कार्यक्रम प्रभारी संयोजक भौतिक विज्ञान के शिक्षक ओ पी सिंह ने बताया एप्टीट्यूड टेस्ट का मकसद छात्रों के टैलेंट को पहचानना होता है, इसे साइकोमेट्रिक टेस्ट भी कहते हैं। इस मौके पर विनीत कुमार पाठक मनोज पांडेय शिवम अवस्थी अभय त्रिपाठी, अवनीश सिंह, राहुल प्रजापति, विवेक सिंह, आइ आलम, सीमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकाली गई शिव जी की बारात

सुलतानपुर। जनपद के कम्पोजिट विद्यालय पलियागोलपुर में चल रही सप्त दिवसीय भव्य संगीतमयी श्री रामकथा के चौथे दिन अयोध्या के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित चंद्रदेव महाराज ने भगवान भोलेनाथ को पाने के लिए पार्वती द्वारा की गई घोर तपस्या के आध्यात्मिक रहस्यों का वर्णन करते हुए भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह का अद्भुत वर्णन किया। कथा सुनकर लोग खुशी से नाचने लगे। कथा के पूर्व गांव वासियों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की अद्भुत बारात निकाली गई। जिसमें गांव की सैकड़ों भक्तों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ढोल नगाड़ों के साथ पूरे गांव में शिव बारात का भ्रमण कराया गया। कथा के दौरान झांकी के माध्यम से शिव पार्वती का धूमधाम से विवाह सम्पन्न हुआ। वहीं पर योग एवं अध्यात्म गुरु दधीचि योगी जी महाराज ने लोगों को जीवन जीने की वास्तविक कला को बताया। श्री राम कथा में समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। कथा श्रवण करने के लिए दूरदराज से चलकर आए हुए सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

उप विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की कार्यशाला का आयोजित

रायबरेली। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति इंजी. अवनीश कुमार सिंह (सदस्य विधान परिषद) की अध्यक्षता में सामुदायिक केंद्र रतापुर में जनपद के ग्राम प्रधानों के साथ कार्यशाला गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी, (सदस्य विधान परिषद) सदस्य अंगद कुमार सिंह, (सदस्य विधान परिषद), विधायक सलोन अशोक कुमार, डीएम हर्षिता माथुर, एसपी डॉ. यशवीर सिंह, सीडीओ अर्पित उपाध्याय, एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात पुष्प कुछ देकर अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के सभापति ने कहा कि आपदा से बचने के लिए, आपदा से निपटने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। जनपदों में समय-समय पर विभिन्न जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन अभी जन सामान्य में जागरूकता का अभाव है, इसलिए समिति ने तय किया कि समिति जनपद में भ्रमण करेगी वहां पर एक जागरूकता हेतु कार्यशाला/गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में इस कार्यशाला का आयोजन जनपद के प्रधानों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, सीएम ओ डॉ. नवीन चन्द्रा, डीडीओ अरूण कुमार, पीडी डीआरडीए सतीश चंद्र मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारी व प्रधानउपस्थित रहे।

पंचतत्व जीवन के लिए आधार माने गये हैं : डॉ प्रीति प्रकाश

सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत श्जल संरक्षणश विषयक संगोष्ठी पर बोलते हुए डॉ. प्रीति प्रकाश ने कहा कि पंचतत्व जीवन के लिए आधार माने गए हैं। उसमें से एक तत्व जल भी है। अगर जल ही नहीं रहेगा तो जीवन की कल्पना कैसी और सृष्टि का निर्माण कैसा? जल का महत्व इस बात का भी परिचायक है कि दुनिया की बड़ी-बड़ी सभ्यताएँ और प्राचीन नगर नदियों के किनारे ही बसे और फले-फूले, लेकिन आज विकास की अंधी दौड़ और विलासिता भरी जिंदगी में प्राकृतिक संसाधनों का तो जैसे कोई मोल नहीं रह गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विभा सिंह, डॉ. वीरेंद्र गुप्ता, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी उपस्थित रहे।

टप्पेबाजी में सांसी गैंग की चार महिलाएं गिरफ्तार

रायबरेली। नगर कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम ने अंतरराज्यीय सांसी गैंग की चार महिलाओं को चोरी व टप्पेबाजी के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं के कब्जे से 54 हजार रुपये, पासबुक व आधार कार्ड बरामद हुए है। गिरफ्तार आरोपी महिलाओं के बारे में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये सब मप्र की रहने वाली हैं। रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर डेरा जमाकर रहती थी। बैंक खुलते ही वहां आने वाले ग्राहकों खासकर महिलाओं पर नजर रखती थी। मदद के बहाने या फिर मेलजोल के बहाने ग्राहकों के रुपये चोरी कर लेती। इन महिलाओं ने सीतापुर जिले में एक घटना कर कारित की थी।

एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता करबताया कि बीती 22 मार्च को गायत्री देवी ने थाना कोतवाली नगर पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 20 मार्च को थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुपर मार्केट स्थित स्टेट बैंक से अपनी नातिन की शादी के लिए एक लाख रुपए निकालकर घर जा रही थी। उसी दौरान तीन चार महिलाओं ने चोरी से मेरे बैग से एक लाख रुपए व बैंक की पास बुक और दो आधार कार्ड निकाल लिये। जब मुझे आभास हुआ और मैंने उनको पकड़ना चाहा तो वह महिलाये मुझे धक्का देकर भाग गयी। अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर प्रयास किया जा रहा था।

इसी क्रम में एसपी डॉ. यश वीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व एसओजी सर्विलांस टीम की मदद से घटना का अनावरण करते हुए सीता पत्नी शम्भू, पूनम सिसोदिया पत्नी प्रदीप सिसोदिया, रेखा पत्नी कालू, मनीषा पत्नी प्रहलाद को चोरी के सामान के साथ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से सुपर मार्केट से चोरी किए गये बुजुर्ग महिला का 54,760/- रुपये व एक पासबुक और दो अदद आधार कार्ड बरामद हुए।

जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त घटना के अलावा उक्त गिरोह द्वारा जनपद सीतापुर में चार फरवरी को घटना की गयी है। जिसके संबंध में थाना कोतवाली जनपद सीतापुर में मुअसं-0035/2025 धारा-303(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश कुमार सिंह, प्रभारी एसओजी विजेंद्र शर्मा सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

महिलाओं के अपराध करने का तरीका

रायबरेली। इस गैंग की महिलाओं द्वारा ट्रेन से जाकर रेलवे स्टेशन के आसपास डेरा डाल देती हैं। इनके साथ एक छोटी लड़की है, जिसे यह डेरे पर सामान देखने हेतु छोड़ देती है और उससे बताती हैं कि हम लोग तुम्हारे लिए खाना लेने जा रहे है और बैंक खुलने पर बैंक के अन्दर जाकर जो महिलाएं पैसा निकालती हैं। उनमें से जो ज्यादा अधिक पैसा बैंक से निकालती है और कमजोर व बुजुर्ग होती है। उन्हीं का पीछा करके चोरी की घटना को अंजाम देती है और बड़े ही सफाई से उनका पैसा निकाल देती है। पुनः अपने डेरा पर सुरक्षित पहुंच जाती है। एसपी डॉ. यश वीर सिंह ने सासी गैंग की महिलाओ को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

जनता की सेवा ही मेरा दायित्व : किशोरी लाल शर्मा

अमेठी। सांसद किशोरी लाल शर्मा अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज 23 मार्च को सुबह 10 बजे जनता दर्शन में जनसुनवाई के दौरान जरुरतमंद व अटेवा सहित कई सामाजिक संगठनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया लगभग दर्जन भर लोग इलाज हेतू सांसद जी द्वारा मदद के लिए सांसद जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिस पर सांसद ने कहा कि यह मदद नहीं यह मेरा धर्म है और अमेठी के जनता की सेवा करना मेरा सौभाग्य है।

11:30 बजे से केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, व न्याय पंचायत अध्यक्षों के साथ संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल व विधानसभा प्रभारियों की अगुवाई में आयोजित बैठक में बतौर मुख्यतिथि सांसद किशोरी लाल शर्मा की उपस्थिति में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को पुनः जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सांसद के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए जिला अध्यक्ष सिंघल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा जिस तरह पिछले 5 वर्षों में आपकी मेनहत, सेवा समर्पण, अथक प्रयास करके पार्टी सेवा व संगठन का कार्य किया और जिस तरह आप सब के साथ सम्मानित जनता की मदद से अमेठी का सम्मान वापस किया इसी तरह सांसद के सानिध्य व मार्गदर्शन में रहकर आने वाली विधानसभा चुनाव में पांचो विधानसभा में जीत का परचम जिला कांग्रेस कमेटी लहराएगी। संगठन पुनर्गठन में हर स्तर से प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाएगा। पंचायत चुनाव में भी बढ़ चढ़कर भागीदारी होनी चाहिए इसके लिए आप सब तैयार रहे। मुख्य अतिथि किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि पार्टी में संगठन सर्वोपरि है परंतु जो संगठन का महत्व नहीं समझता और जिम्मेदारी नहीं निभाता उसे पद पर रहने का कोई औचित्य नहीं है संगठन के सभी जिम्मेदार पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता पूर्वक निभाएं। श्री शर्मा विकास के मुद्दे पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन पदाधिकारियों की सहमति से ही विकास कार्यों की योजना बनाई जा रही है आप सभी पदाधिकारी जनमानस की जरूरत के कार्यों का ही प्रस्ताव दें।

शहीद क्रांतिकारियों को किया याद

सुलतानपुर (वीओएल)। शहीद दिवस के अवसर पर कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा टिहरा गांव में शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र श्विनम्रश ने बताया कि इस दिन देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर सपूतों, क्रांतिकारियों और अंग्रेजों का विरोध करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जाता है। उनकी शहादत को नमन किया जाता है। इस मौके पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कटका क्लब नीरज शर्मा ने बताया कि शहीद दिवस केवल भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की याद में ही नहीं, बल्कि उन सभी वीरों के सम्मान में भी मनाया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। यह दिन हमें देशभक्ति, साहस और बलिदान की प्रेरणा देता है। इस मौके पर गौरव पांडेय, वैभव पांडेय, दीपक पाल, चन्द्र प्रकाश तिवारी, लल्लू सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सैनिक शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संगठन रहेगा तत्पर

- **यूपी एक्स सर्विसमेन टीचर्स एसो. रायबरेली शाखा का वार्षिक अधिवेशन व शैक्षिक चिंतन संगोष्ठी संपन्न**

रायबरेली। यूपी एक्स सर्विसमेन टीचर्स एसो. रायबरेली शाखा का वार्षिक अधिवेशन एवंशैक्षिक चिंतन संगोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी में शिक्षा की बेहतरी के लिए पूर्व सैनिक शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों तथा आगे की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश के अनेक जिलों से शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे भूतपूर्व सैनिकों ने प्रतिभाग किया।

यूपी एक्स सर्विसमेन टीचर एसो. की यात्रा पर विस्तृत विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह ने सबको संगठित रहने और मिलकर शिक्षा और सैनिक शिक्षकों के सम्मान एवं हितों की रक्षा के लिए अपने समर्पण को व्यक्त किया। संगठन के संस्थापक राजेश कुमार यादव ने उपस्थित लोगों के समक्ष यूपी एक्स सर्विसमेन टीचर एसो. की यात्रा पर विचार व्यक्त किया। संगठित होकर शिक्षा की बेहतरी के लिए कैसे प्रयास करें इस पर प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे। बैठक में रायबरेली से सेवानिवृत्त हो रहे पूर्व सैनिक शिक्षक एसबी सिंह का विदाई समारोह भी किया गया। रायबरेली के जिला अध्यक्ष की कमान कंपोजिट विद्यालय गोविंदपुर कठोइया के पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर व शिक्षक हरिशंकर सिंह को सौंपी गयी। इस बैठक में जिला अध्यक्ष लखनऊ सुरेश कुशवाहा, औरैया जिला अध्यक्ष हरि गोविंद बॉथम, हरदोई जिला अध्यक्ष सुशील सिंह, फतेहपुर जिला अध्यक्ष फूल सिंह, उन्नाव जिला अध्यक्ष संत कुमार द्विवेदी, अमेठी जिला अध्यक्ष गिरेंद्र, सीतापुर जिला अध्यक्ष चंद्र आदि ने शैक्षिक संवर्धन हेतु अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी भूतपूर्व सैनिकों ने अपने साथियों को होली की शुभकामनाएं दीं तथा सदैव संगठित होकर काम करते रहने के लिए प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम का समापन एक शानदार प्रीतिभोज के बाद राष्ट्र गान से किया गया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार सिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, विनोद कुमार, अंबिका चौरसिया, संजीव यादव, आर बी मौर्य, अतुल सिंह, हरिवंश सिंह, मनोज श्रीवास्तव, राजकुमार तिवारी, उग्रसेन, वीबी सिंह, सर्वेश सिंह, डीके चैहान, रंजीत, हरिहर सिंह, हरिशंकर सिंह, हंसराज यादव, भगवती प्रसाद, हिम्मत बहादुर, प्रदीप, धीरेंद्र सिंह, गिरिजा शंकर दीक्षित, रविंद्र सिंह, एसके सिंह, रामबरन यादव, अमरेंद्र बहादुर सिंह, संजय सिंह, अशोक त्रिपाठी, अजय भान सिंह, धीरज सिंह, उपेंद्र शुक्ला, राकेश वर्मा, सुधीर सिंह, राकेश प्रजापति, राजेश सिंह, गिरि जी, राम प्रसाद पाल, शैलेश, रामबाबू साहू, आनंद शुक्ला, चंद्र जी, ध्यान सिंह, प्रमोद निषाद, संजय सिंह, रामबाबू शर्मा, अनिल, अभय कुमार सिंह बीइओ अरविंद सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से की गई।

यूपी एक्स सर्विसमेन टीचर्स एसोसिएशन रायबरेली शाखा का वार्षिक अधिवेशन एवं शैक्षिक चिंतन संगोष्ठी कार्यक्रम में हरिवंश सिंह को जिला महामंत्री, सतेन्द्र सिंह परिहार को कोषाध्यक्ष, दिलीप सिंह को संयुक्त मंत्री, रविंद्र प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, रामबरन यादव को सह मीडिया प्रभारी, जिला संगठन मंत्री प्रदीप कुमार सिंह को, हंसराज यादव को संयुक्त मंत्री, राजकुमार तिवारी को संयुक्त मंत्री, गिरजा शंकर दीक्षित को उपाध्यक्ष, शिवकुमार सिंह को प्रचार मंत्री, सर्वेश सिंह को प्रचार मंत्री बनाया गया। वहीं आरबी सिंह को प्रदेश संगठन ने प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है।

संक्षेप

488 ग्राम चरस सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त फरहान को 488 ग्राम अवैध चरस व 1000 रुपये सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भीकनपुर तिराहा के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद से एक शातिर अभियुक्त फरहान पुत्र बाँबी परवेज निवासी 60 फुटा रोड मोहम्मदी मस्जिद के पास थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। अभियुक्त से 488 ग्राम चरस बरामद हुई, गिरफ्तार शातिर अभियुक्त पर विभिन्न थानों में 1दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

युवा वार्ष्णेय महासभा का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

मथुरा। युवा वार्ष्णेय महासभा रजि.मथुरा द्वारा एक भव्य होली मिलन समारोह व होली डोल का आयोजन किया गया। श्रीअक्रूर जी महाराज भगवान श्री कृष्ण बलदेवजी की झांकी होली गेट अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर विश्राम घाट द्वारकाधीश मंदिर होती हुई स्वामी घाट पर यमुना आरती प्रसादी के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यरूप से युवा वार्ष्णेय महासभा रजि मथुरा के संस्थापक अमित भैया अध्यक्ष, डॉक्टर नवीन गुप्ता मीडिया प्रभारी, जुगल किशोर मेला संयोजक, चुनमुन नेताजी सौरभ गुप्ता संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता संगठन मंत्री आदि मौजूद रहे।

नेत्र चिकित्सा शिविर 24 से 26 मार्च तक

मथुरा। जनपद की जानी-मानी संस्था सेठ कन्हैया लाल धार्मिक ट्रस्ट के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष विभिन्न धार्मिक सामाजिक रचनात्मक कार्यों का आयोजन किया जाता है। गरीब और असहाय वर्ग की शिक्षा दवा वस्त्र आदि के माध्यम से मदद होती रहती है। इसी कड़ी में सेठ कन्हैया लाल धार्मिक ट्रस्ट कल्याण करोति संस्था के सहयोग से 24 मार्च से 26 मार्च तक 14 वां विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहा है। जिसमें जाने माने नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवा देंगे और इस दौरान मरीजों की नेत्र से जुड़ी हुई सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में डॉक्टरों का परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन दवा चश्मा भोजन एवं रहने आदि की व्यवस्था सेठ कन्हैया लाल धार्मिक ट्रस्ट के माध्यम से की जाएगी। सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी धनेश कुमार मित्तल गिरीश कुमार मित्तल बृजेश कुमार मित्तल मुकेश कुमार मित्तल राजेश कुमार मित्तल संदेश कुमार मित्तल ने इस विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर में शहरी एवं ग्रामीण अंचल की जनता से हिस्सा लेने और अपने नेत्रों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण समाधान कराने की अपील की है।

रंगनाथ रथयात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

60 फीट ऊंचे रथ को खींचने को लालायित हुए भक्त

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। रंगजी मंदिर में चल रहे ब्रह्मोत्सव में रविवार को भगवान गोदारंगमन्नार विशालकाय रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकले। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आराध्य रथ में विराजमान हुए तो भक्तों के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। करीब 60 फीट ऊंचे इस रथ को खींचने के लिए सैकड़ों भक्तों ने जोर लगाया। रथ खींचने की भक्तों में होड़ लगी रही।

धर्म की नगरी वृन्दावन में आज भगवान गोदारंगमन्नार 60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान होकर जब भ्रमण को निकले तो रथ खींचने वालों की होड़ मच गयी। रस्सी पकड़ने के लिये अनगिनत हाथ अपनी बारी की प्रतीक्षा करते देखे गये। चार किलोमीटर लंबे मार्ग पर जगह- जगह पुष्पवर्षा और रथ को खींचने की होड़ लगी रही जिसके चलते यह यात्रा कई घंटों में वापिस मंदिर पहुंची। उत्तर भारत में दक्षिणात्य शैली के सबसे विशाल रंगनाथ मंदिर में आज भगवान गोदा रंगमन्नार का रथयात्रा उत्सव श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। ठाकुर जी के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े, सभी में भारी उल्लास था। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच ठाकुर रंगनाथ भगवान को श्री देवी और भूदेवी संग पालकी में विराजित कर ज्योतिष गणना अनुसार मेष लग्न में रथ यात्रा प्रारंभ की गई। सुबह रथ के शीर्ष पर सोने से बना कलश और चांदी से बना छत्र स्थापित किया गया। भगवान रंगनाथ (विष्णु जी) माता गोदा (लक्ष्मी जी) 60 फीट ऊंचे और 10 टन वजन के चंदन की लकड़ी से बने रथ में विराजमान होकर निकले। जैसे ही सात कूपे का धमाका और काली के स्वर ने रथ खींचने का संकेत दिया तो विशालकाय रथ खींचने की भक्तों में होड़ मची हुयी थी। करीब 175 वर्ष पुराने चंदन से निर्मित 60 फीट ऊंचे रथ में विराजमान होकर भगवान रंगनाथ भक्तों को दर्शन देने निकले।

रंगजी के रथ मेला के दीवाने थे अंग्रेज अफसर : दक्षिण भारतीय परंपरा के रंगजी मंदिर में आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव का मुख्य आकर्षण रथ का मेला है। अंग्रेजी शासन में यह उत्तर भारत का बड़ा मेला था। भरतपुर महाराज का सैनिक दस्ता बैंड के साथ इस मेला का हिस्सा होता था। अंग्रेज अफसर भी इस मेले के दीवाने हो गए। अंग्रेजों के शासन के समय जिला मजिट्रेट रहे एफएम ग्राउस ने अपनी पुस्तक में रथ मेला का विशेष रूप से उल्लेख किया है रंगजी मंदिर का रथ का मेला (ब्रह्मोत्सव) मंदिर निर्माण के समय से ही लोकप्रिय रहा है। मेले की रौनक जितनी प्राचीनकाल में थी, आज भी इसी प्रकार की है। इसे उत्तर भारत का सबसे बड़ा मेला आज भी माना जाता है।

यूरापियन-श्रद्धालु पर्यटक भी आते थे

रथ के मेले ने स्थानीय लोगों के साथ आसपास के जिलों के लोगों को ही नहीं बल्कि यूरोपियन श्रद्धालु-पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। विक्रम संवत 1981, सन 1924 में अशोथर जिला फुलेपुर रियासत के राजा अपने बिल्लेदार सहित ब्रह्मोत्सव देखने आते थे। 20वीं शताब्दी में बुंदेलखंड के प्रतापी राजा छत्रसाल बुंदेला की परिवर्ती पीढ़ी में रानी कुंवरि ने भी इसका उल्लेख वृंदावन यात्रा के दौरान किए गए विवरण में किया है।

होली मिलन कार्यक्रम से पारंपरिक प्रेम को मिलती है मजबूती

लालगंज, रायबरेली। क्षेत्र के पूरे भोला मजरे तेरुखा गांव में फाग महोत्सव के साथ-साथ होली मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक जिलाधिकारी के स्टेनो महेश त्रिपाठी ने स्वयं खेले मसाने में होली दिगंबर फाग गाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। होली महोत्सव में भीरा गोविंदपुर, पूरे भोला, करन मऊ, अदीलाबाद, बेलहटा, तेरुखा गांव की फगुआरों की फाग फुहारों ने का लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। चर्चित फाग ब्रज में होली खेले रघुवीरा के बोल पर लोग वाह-वाह कर उठे। कार्यक्रम के संयोजक महेश त्रिपाठी ने कहा कि होली हमारा परंपरागत त्यौहार है। होली मिलन समारोह से समाज में भाईचारे की भावना जागृत होती है। श्री त्रिपाठी ने गांवों में पारंपरिक प्रेम और एकता को पुनर्जीवित करने पर बल दिया। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि होली ही एक ऐसा हिंदू पर्व है जिसमें सभी लोग गिले शिकवे भुला कर एक दूसरे के गले मिलते हैं। भाजपा नेता ने महेश तिवारी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे होली मिलन समारोह कार्यक्रमों से सनातन धर्म और हिंदू एकता मजबूत होती है।

तिरंगा शाखा व आप ने मनाया बलिदान दिवस

मथुरा। आज शहीदे -आजम- भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का बलिदान दिवस तिरंगा शाखा एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने शहिद -आजम- भगत सिंह की प्रतिमा पर भगत सिंह पार्क में माल्यार्पण कर बड़े जोश के साथ मनाया। सर्वप्रथम तिरंगा शाखा के सुरेश कुमार सैनी ने माल्यार्पण कर संबोधित करते हुए शहीद-ए-आजम भगत सिंह के क्रांतिकारी जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज भी इस देश का युवा शहीद -ए -आजम भगत सिंह के विचारों से प्रभावित होकर क्रांतिकारी फैसला कर रहा है। भगत सिंह के विचारों में जो प्रेरणा है वह किसी और के विचारों में नहीं मिलती। भगत सिंह चाहते थे कि मानव के द्वारा मानव का शोषण समाप्त हो पूंजीवाद समाप्त हो राष्ट्र के द्वारा राष्ट्र का शोषण भी नहीं होना चाहिए इसी के साथ-साथ जाति धर्म एवं गरीब अमीर जैसी कोई भेदभावपूर्ण व्यवस्था समाज के अंदर नहीं होनी चाहिए। भगत सिंह सदैव सांप्रदायिकता के विरोधी रहे इसीलिए आज भी सांप्रदायिकता ताकतें भगत सिंह के विचारों से डरती हैं। जहां कहीं भी भगत सिंह के विचारों का फैलाव होता है सांप्रदायिकत ताकतें वहां कोई न कोई धार्मिक एवं जाति उन्माद पैदा करके भगत सिंह के विचारों को कमजोर करने का काम करती हैं ।इस अवसर पर बहुत से राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठन भी श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे। आम आदमी पार्टी की ओर से राकेश अग्रवाल विशेष चतुर्वेदी धनंजय कमल सिंह महेश चंद सैनी संतोष चंद सक्सेना निर्मल शर्मा पवन सैनी उमेश चंद्र शर्मा द्वारका प्रसाद सैनी कमलकांत धुरी भारद्वाज ध्रुव भारद्वाज आदि उपस्थित थे।

क्षत्रिय महासभा ने सांसद रामजी लाल सुमन पर कार्यवाही की मांग की

जिला संवाददाता (vol)

टूंडला। राज्य सभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा प्रताप के दादा राणा सांगा के बारे में गद्दार शब्द से सम्बोधित करने के सम्बन्ध में क्षत्रिय महासभा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय परमार के नेतृत्व में क्षत्रिय महासभा पदाधिकारियों ने टूंडला कोतवाली प्रभारी को एक शिकायती पत्र सौंप एफआईआर दर्ज कर सांसद रामजी लाल सुमन पर कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान संजय परमार ने बताया कि राज्य सभा सांसद सपा नेता रामजी लाल सुमन द्वारा हमारे पूर्वज राणा सांगा जो एक वीर योद्धा हिन्दू हृदय सम्राट धर्म रक्षक महाराणा प्रताप के दादाजी थे। जिन्होंने ने विधर्मियों से युद्ध करते हुये अपनी एक आँख व एक पैर रणभूमि में गंवा दिया था, ऐसे महापुरूष को रामजीलाल सुमन राज्य सभा सांसद ने ऐतिहासिक तथ्यों के खिलाफ मनगढंत तथा झूठे तथ्यों से समस्त हिन्दू समाज व क्षत्रिय समाज को नीचा दिखाने की नीयत से कुत्सिक का प्रयास किया गया है तथा अमर्यादित टिप्पणी सदन में की है जिससे पूरे भारत में सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने सुना और देखा है तथा समस्त हिन्दू समाज व क्षत्रिय समाज में भारी रोष व्याप्त है। आज टूंडला थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंप राज्य सभा सांसद रामजीलाल पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव को भाव पूर्ण श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा । अखिल भारतीय साम्प्रदायिकता विरोधी समिति के तत्वावधान में स्थानीय भगत सिंह पार्क में शहीद-ए-आजम भगतसिंह राजगुरु और सुखदेव के 95 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विभिन्न दल और संस्थाओं की ओर से शहीद ए आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।इंकलाब जिंदाबाद, कौमी एकता जिंदाबाद और तानाशाही मुदार्बाद के नारों के बींच विभिन्न वक्ताओं ने क्रांतिकारियों की जीवनी और साहसिक कार्यो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता का. शिवदत्त चतुर्वेदी ने और संयोजकता वैद्य मनोज गौड़ ने की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार आजादी के आंदोलन की परम्पराओ और संविधान प्रदत्त लोकतान्त्रिक अधिकारों का गला घोंटने पर आमादा है ऐसे में जनतंत्र, कौमी एकता, सामाजिक न्याय और समाजवाद के शहीदों के स्वप्नों को साकार करने के लिए सभी लोकतान्त्रिक धर्म निरपेक्ष समाजवाद में भरोसा रखने वालों की एकजुटता आवश्यक है ।वक्ताओं ने दक्षिण पंथी तानाशाही से देश को बचाने के इंडिया गठबंधन की मजबूती पर जोर दिया।

इस मोके पर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, किसान श्रमिक एवं वाम दलों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे जिनमें सेनानी संगठन के वरिष्ठ कांग्रेसी बाबू रमेश चंद्र गर्ग लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र अग्रवाल उपेन्द्र नाथ चतुर्वेदी टीकेन्द्र सिंह मधुबन दत्त चतुर्वेदी एड. कैलाश वर्मा माले के का गिरधारी लाल चतुर्वेदी बुन्दा खान अशोक सिंह चकलेश्वर आशुतोष शर्मा भारत सेठ रवि सरीन नशीर शाह एड. बामनजी चतुर्वेदी सरदार भीम सिंह दिनेश चतुर्वेदी एड.सज्जन क्रांति कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर महानगर अध्यक्ष यतेंद्र मुकद्दम कीर्ति कुमार कौशिक अशोक शर्मा डॉन उमाशंकर शर्मा महेश चोबे रमेश पंडित रवि उपाध्याय आशीष चतुर्वेदी सुशील सागर एड. पार्षद धनंजय चैधरी पूरन सिंह अर्पित जादोन राकेश शर्मा सुरेश शर्मा अनवार फारूकी अनूप गौतम लाल जीत इंद्रजीत गौतम आशीष अग्रवाल अवधेश शर्मा जहीर आलम एडवोकेट सुरेश सैनी रवि प्रकाश भारद्वाज विशेष चतुर्वेदी देवेंद्र पाल योगेश शर्मा रुपेश धनगर पवन सत्यार्थी सोरभ चतुर्वेदी शिल्पी परिहार मानसिंह यादव शेर मोहम्मद कुंवर पाल सैनी, यूनिस अब्बास महेश चंद सैनी ललित मोहिनी स्वरुप शर्मा राकेश बघेल केशव सिंह छोकर सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट परवेज आलम गुरचरण सिंह राधा चैधरी चित्रा सिंह दयाराम अशफाक रवि सिंह भिक्की लाल शर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालन कामरेड गफ्फार अब्बास एडवोकेट ने किया।

जिपं अध्यक्ष ने किया सीसी निर्माण कार्य का लोकार्पण

- सरकारी सेवा में चयनित छात्रों का किया सम्मान

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने गांव राल में पंचायत निधि से लगभग 20 लाख के सीसी निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया तथा श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल राल में आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर गांव के उत्कृष्ठ छात्र-छात्राओं का स्वागत सम्मान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी और जिला पंचायत सदस्य कन्हैया लाल माहौर एवं क्षेत्रीय सम्मानित सरदारी के साथ जिला पंचायत निधि से गांव राल में सीसी, नाली एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जिनकी अनुमानित लागत लगभग 20 लाख रुपए है। क्षेत्रीय सरदारी वं ग्राम प्रधान सहित पंचायत सदस्य ने जिपंअ का चांदी का मुकुट एवं फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिपंअ किशन चैधरी ने कहा राल ग्रामीणों की मांग आज पूरा करने का प्रयास किया है, केन्द्र और प्रदेश सरकार गांव गरीबों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं के विकास में किसी भी सूरत में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस निर्माण कार्य से आप सभी को मूलभूत सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। गांवों में विकास कार्य कराना बेहद जरूरी है, जब तक गांवों में विकास नहीं होगा तब तक हम विकास के सही लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकते। उत्तर प्रदेश पुलिस एवं भारतीय रेलवे मे चयनित अन्नू पुत्री गोपाल, मोनू पुत्र तेजपाल, यशपाल पुत्र बच्चू, आकाश पुत्र मुनीम, सौरभ पुत्र वीरपाल, लोकेश पुत्र रमेश, सोनू पुत्र धर्मवीर का जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने प्रतिमा भेंट कर उत्साहवर्धन करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

मोदी की पत्नी ने किये बांकेबिहारी के दर्शन

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन शनिवार गोपनीय कार्यक्रम के तहत रात्रि में वृंदावन पहुंचीं और बांकेबिहारी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रस्थान कर गईं।

गुजरात पुलिस की सुरक्षा में आईं जशोदाबेन के आगमन की खबर लगते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। वृंदावन पुलिस और थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ उनकी सुरक्षा में जुट गए। रात्रि में उन्होंने बाकेबिहारी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और परिवारी की सुख समृद्धि और देश की खुशहारी की मिन्नत मांगी। वीआईपी पार्किंग से प्रधानमंत्री की पत्नी ने पैदल ही मंदिर के गेट नं. 2 से प्रवेश किया और इसके बाद ठाकुर जी की पोशाक खरीदी।

बिहारी जी के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

मथुरा। रविवार का अवकाश, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए और भगवान रंगनाथ की रथयात्रा के चलते आज वृन्दावन में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गलियों में पैदल यात्री थे तो मुख्य सड़कें वाहनों के कारण जाम थी। शहर के अंदर ई रिक्शों का आतंक नजर आया। व्यवस्थायें संभालने को पुलिस के पसीने छूट गये। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी जिससे कुंज गलियां ब्लॉक हो गयीं। ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में शनिवार के बाद आज रविवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों की लंबी लाइन मंदिर के बाहर लगनी शुरू हो गई। भीड़ के कारण मंदिर के आसपास की सड़कें और गलियां जाम हो गई। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को आए श्रद्धालुओं की भीड़ से हालात पूरी तरह बदतर हो गए। भीड़ को संभालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर आने वाले रास्तों पर भक्तों की भीड़ का दबाव ऐसा कि महिलाएं और बच्चों की चीख निकल पड़ी। बच्चों को कंधों पर बिठाकर स्वजन मंदिर तक पहुंचे। लेकिन, भीड़ के दबाव और आपाधापी के माहौल में श्रद्धालुओं की हालत पतली हो रही थी। भीड़ के दबाव में राजस्थान निवासी युवक की तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। जिसे पुलिस और सुरक्षागार्डों ने चिकित्सकों के पास पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने श्रद्धालु युवक का प्रामथिक उपचार कर राहत दी। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को पर्व-उत्सवों से भी अधिक भीड़ दर्शन के लिए पहुंच गई। सुबह मंदिर खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर मार्ग पर मौजूद थी। भोर में साढ़े छह बजे से ही श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए गलियों में पहुंचने लगे। तो पुलिस ने व्यवस्था संभालते हुए बैरिकेडिंग पर श्रद्धालुओं को रोकना शुरू कर दिया। लेकिन, भीड़ का दबाव ऐसा कि बैरीकेडिंग के पीछे पूरे बाजार में श्रद्धालुओं के सिर ही नजर आ रहे थे। पूरे बाजार में कदम रखने तक को जगह नहीं मिल रही थी। सुबह मंदिर खुलने के साथ शुरू हुआ भक्तों की भीड़ का दबाव दोपहर को राजभोग आरती तक बना रहा। श्रद्धालुओं के बीच बच्चों और महिलाओं की हालत बिगड़ रही थी। महिलाएं भीड़ के दबाव में आहत होती नजर आई। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और प्रशासन ने पूरी कोशिश की, लेकिन अत्यधिक भीड़ के चलते व्यवस्था फैल हो गई। पुलिसकर्मी लगातार भीड़ को संभालने में जुटे रहे फिर भी मंदिर के अंदर धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही। श्रद्धालु किसी भी तरह ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन करना चाहते थे। मंदिर परिसर और आसपास के बाजारों में भीड़ इतनी अधिक थी कि यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़कें और गलियां भक्तों से भरी रहीं, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों को परेशानी झेलनी पड़ी।

यह समय सनातन संस्कृति के उत्कर्ष का समय : जयवीर सिंह

फिरोजाबाद। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को ग्राम टोंडसी में प्राचीन शिव मंदिर में 1.97 करोड की लागत से कराये गये पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद पर्यटन मंत्री ने प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की, इस अवसर पर ग्राम प्रधान सौरभ और सहकारी समिति अध्यक्ष हरेन्द्र गौर के नेतृत्व में ग्रामवासियों द्वारा पर्यटन मंत्री का चाँदी का मुकुट माल्या पहिनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मोदी और योगी जी के नेतृत्व में प्राचीन धर्मस्थलों के पर्यटन विकास और सौन्दर्यीकरण कार्य कराकर अपनी संस्कृति और धरोहर को जीवित रखने का कार्य किया जा रहा है। इस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों के पर्यटन विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यों से अब शहर के लोग प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद लेने के लिये गॉव में आयेगें। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार सांस्कृतिक महत्व के स्थलों के विकास के जरिये आमजन के लिये समृद्धि के द्वारा खोल रही है। यह समय सनातन संस्कृति के उत्कर्ष का समय है। इस समय सिरसागंज क्षेत्र के दर्जनभर प्राचीन मंदिरों का सौन्दर्यीकरण कार्य चल रहा है। जो जल्दी ही तैयार होकर सभी भक्तजनों को अपनी अलौकिक छवि से आकर्षित कर भक्ति की भावना उत्पन्न करेगे। लोकार्पण कार्यक्रम दौरान जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री राजीव यादव बाले प्रवीन सिंह नीटू मण्डल अध्यक्ष वीरू धाकरे ने उपस्थित ग्रामीणों का सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मणिकांचन ने किया। इस अवसर पर अरविंद सिंह गौर ज्ञानी सिंह शाक्य, सुल्तान सिंह शाक्य अजब सिंह मास्टर रामकुमार विजयपाल कठेरिया रघुवीर नेताजी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अवैध असलहों की तस्करी करने वाले चार शातिर अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा अवैध असलहों की तस्करी करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड़ में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हुआ जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करा विधिक कार्यवाही की गई है। थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मोती नगर से मोढ़ा की तरफ जाने वाले रास्ते पर भट्टे के सामने स्थित बंद मकान के पीछे 04 अभियुक्त बैठकर अवैध असलहों की तस्करी की कार्य योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की गयी। अवैध असलहों की तस्करी की योजना बना रहे अभियुक्तों द्वारा खुद को घिरता हुआ देख कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया तथा 03 अन्य अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भाग गये जिनको पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग व घेराबंदी कर भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त की पहचान अभियुक्त गुलाम हसन के रुप में हुई तथा काम्बिंग में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पिंकू उर्फ प्रदीप.दिनेश.प्रवीण वर्मा के रुप में हुई है । अभियुक्तों के पास से 02 अवैध पिस्टल .32 बोर, 02 जिंदा कारतूस.32 बोर, 02 खोखा कारतूस 32 बोर एवं 02 अवैध तमंचा मय 05 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

सपा सांसद महाराणा सांगा पर की गयी टिप्पणी पर मांफी मांगें : उदय प्रताप

टूंडला। भारतीय जनता पार्टी एटा रोड़ स्थित कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा सांगा जिनके शौर्य की गाथा राजस्थान की मिट्टी के कण कण से ही नहीं बल्कि पूरी भारत भूमि के कण कण से सुनाई देती है। जिनकी वीरता की कहानी सुनकर भारत के बच्चे बड़े हुए। 80 घाव खाकर भी देश के लिए लड़ने वाले देशभक्त योद्धा के लिए कहा गया गद्दार शब्द न सिर्फ महाराणा सांगा और राजस्थान बल्कि देश के शौर्य और बलिदान का भी अपमान है। सपा सांसद का यह बयान शर्मनाक और निंदनीय है उन्हें देश की वीरता को कलंकित करने वाले इन कटु शब्दों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। समाजवादी पार्टी भारतीय जनता व पार्टी के विचारों का उनके नेताओं का विरोध करते-करते भारत देश की संस्कृति का विरोध करने लग गई है। और ऐसा शर्मनाक कृत्य करने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती है। यह अति निंदनीय है और भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व उपस्थित कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के नेता की घोर निंदा करते हुए उनको अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए देश से माफी मांगने की अपील की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, पूर्व जिला संयोजक शिव शंकर शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन, देवांशु भारद्वाज, जुबीन भारद्वाज, गौरव सिसोदिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनपद पुलिस ने अभियान चलाकर 105 वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसआर एनबीडब्ल्यू वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद पुलिस ने रविवार रात्रि में अभियान चलाकर कुल 105 अभियुक्तों जिसमें 103 एनबीडब्ल्यू 01एसआर वांछित वारण्टी व 01अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसमें थाना उत्तर 07 थाना दक्षिण 05थाना रामगढ़ 05 थाना रसूलपुर 06 थाना टूंडला 05, थाना पचोखरा 05 थाना रजावली 04 थाना नारखी 06 थाना नगला सिंघी 02थाना सिरसागंज 11थाना अरांव 01थाना नगला खंगर 01थाना नसीरपुर 02 थाना शिकोहाबाद 12 थाना मक्खनपुर 05 थाना खैरगढ़ 05 थाना जसराना 05 थाना फरिहा 03 थाना एका 05 थाना लाइनपार 05 थाना मटसेना 05 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 05 घण्टे में 103 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 01 एसआर केस में वांछित व 01 अन्य वांछित अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 105 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

संक्षेप

भारत ने चीन के चार उत्पादों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया

नयी दिल्ली। भारत ने घरेलू कंपनियों को चीन से आने वाले सस्ते आयात से बचाने के लिए इस महीने वैक्यूम फ्लास्क और एल्युमीनियम फॉयल सहित पड़ोसी देश के चार उत्पादों पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। ये शुल्क इसलिए लगाए गए, क्योंकि ये उत्पाद सामान्य से कम कीमतों पर चीन से भारत को निर्यात किए जा रहे थे। इन उत्पादों में सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्युमीनियम फॉयल और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड शामिल हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा कि सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड के आयात पर पांच साल के लिए शुल्क लगाया जाएगा। एल्युमीनियम फॉयल पर छह महीने के लिए अस्थायी रूप से 873 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक का डंपिंग रोधी शुल्क लगाया गया। ये शुल्क वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर (व्यापार उपचार महानिदेशालय) की सिफारिशों के बाद लगाए गए हैं।

आयातकों के लिए अनुपालन की लागत बढ़ेगी : जीटीआरआई

नयी दिल्ली। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत आयातित उत्पादों की जांच के लिए सीमा शुल्क नियमों में संशोधन से कंपनियों के लिए रियायती शुल्क पर आयात करना मुश्किल होगा और इससे उनकी अनुपालन की लागत भी बढ़ेगी। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह बात कही। शोध संस्थान ने हालांकि कहा कि इस कदम से एफटीए के दुरुपयोग पर अंकुश लगेगा, क्योंकि भारत ने कई ऐसे उदाहरण देखे हैं जहां चीन जैसे गैर-एफटीए देशों से आने वाले उत्पादों को तरजीही शुल्क लाभ का फायदा उठाने के लिए वियतनाम या सिंगापुर जैसे एफटीए सदस्य देशों के माध्यम से भेजा गया है। वित्त मंत्रालय ने 18 मार्च को सीमा शुल्क (व्यापार समझौतों के तहत उत्पत्ति के नियमों का प्रशासन) नियम, 2020 (सीएआरओटीएआर) में संशोधन पेश करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। जीटीआरआई ने कहा कि संशोधन उत्पत्ति प्रमाणपत्र (सीओओ) शब्द को सीएआरओटीएआर ढांचे के तहत विभिन्न नियमों और प्रपत्रों में एक व्यापक शब्द उत्पत्ति प्रमाण से बदलता है। यह बदलाव आसियान आदि के साथ कई मौजूदा एफटीए के तहत टकराव पैदा करता है, जहां निर्यातक देश द्वारा जारी किया गया मूल प्रमाणपत्र ही स्वीकार्य दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि इस कदम से कंपनियों के लिए रियायती शुल्क पर आयात करना कठिन हो सकता है।

कलरनेक्स्ट ने किया 22वें संस्करण का अनावरण

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स कलरनेक्स्ट ने अपने प्रतिष्ठित रंग और सामग्री बुद्धिमत्ता पूवार्नुमान के 22वें संस्करण का अनावरण किया है। पिछले 20 से अधिक वर्षों से, एशियन पेंट्स ने संस्कृति और समाज को प्रतिबिंबित करने वाले रुझानों को बताने के लिए रंग, टेक्सचर और डिजाइन में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग किया है। कलरनेक्स्ट, इस क्षेत्र में अपनी तरह की एकमात्र पहल है, जो वर्ष 2025 के लिए कलर ऑफ द ईयर, वॉलपेपर ऑफ द ईयर और चार प्रमुख डिजाइन ट्रेंड्स की कहानियां प्रस्तुत करता है जो आने वाले साल के लिए डिजाइन और सजावट के प्रारुप को तय करेंगे।

बिरला पेंट्स ने लॉन्च किया विशेष पेंट स्टूडियो

नोएडा। आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज के तहत आने वाले ब्रांड, बिरला ओपस पेंट्स ने राजधानी में अपना दूसरा बिरला ओपस पेंट स्टूडियो शुरू किया। गुरुग्राम में अपने पहले पेंट स्टूडियो की सफल शुरूआत के बाद, यह विस्तार इनोवेशन, प्रीमियम पेशकशों और दिलचस्प ग्राहक अनुभव द्वारा पेंट एवं डेकोर उद्योग में परिवर्तन लाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। यह लॉन्च बिरला ओपस पेंट्स की विकास रणनीति का सबसे अहम कदम है, जिसका मकसद पूरे भारत में अपने रिटेल नेटवर्क को फैलाना है। कंपनी आने वाले महीनों में एक्सपीरियंशल रिटेल पर केंद्रित रहते हुए मुंबई, नवी मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद और सूरत में अपने एक्सपीरियंस सेंटर खोलने की योजना बना रही है।

कंपनियों की पूंजी 3.06 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3,06,243.74 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,076.6 अंक या 4.16 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 953.2 अंक या 4.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 64,426.27 करोड़ रुपये बढ़कर 9,47,628.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सबसे ज्यादा लाभ आईसीआईसीआई बैंक को ही हुआ। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 53,286.17 करोड़ रुपये बढ़कर 9,84,354.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 49,105.12 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 13,54,275.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन 39,311.54 करोड़ रुपये बढ़कर 17,27,339.74 करोड़ रुपये पर और बजाज फाइनेंस का 30,953.71 करोड़ रुपये बढ़कर 5,52,846.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 24,259.28 करोड़ रुपये बढ़कर 12,95,058.25 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 22,534.67 करोड़ रुपये बढ़कर 6,72,023.89 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 16,823.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,28,058.89 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 5,543.9 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका बाजार मूल्यांकन 6,61,364.38 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 7,570.64 करोड़ रुपये घटकर 5,07,796.04 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 1794 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बिकवाली दबाव में अब कमी देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर चिंताएं कम होने तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में कमी की उम्मीद के बीच एफपीआई ने पिछले सप्ताह शुद्ध रूप से 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं।

हालांकि, एफपीआई का रुख कुछ सकारात्मक होने के बावजूद यह उनकी बिकवाली का लगातार 15वां सप्ताह रहा। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का सतर्क रुख कायम रहेगा। वे अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर रुख, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, आर्थिक परिदृश्य पर कुछ स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 1,794 करोड़ रुपये (19.4 करोड़ डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी तुलना में छुट्टियों के कारण कम अवधि वाले पिछले सप्ताह में उनकी निकासी 60.4 करोड़ डॉलर रही थी। पिछले सप्ताह, एफपीआई ने दो मौकों पर शुद्ध खरीदारी की। एफपीआई की बिकवाली में हालिया उलटफेर ने बाजार की धारणा को बेहतर बनाया है, जिससे 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में बाजार में तेजी आई। हालांकि, एफपीआई के रुख में बदलाव के बावजूद मार्च में उनकी बिकवाली 31,719 करोड़ रुपये रही है। इससे पहले फरवरी में उन्होंने 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, 2025 के लिए कुल एफपीआई निकासी अब 1.44 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। हालांकि, मार्च में उन्होंने ऋण या बॉन्ड बाजार में 10,955 करोड़ रुपये डाले हैं।

वाहन क्षेत्र में पीएलआई के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएं मिलीं

चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि तमिलनाडु उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एक प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन क्षेत्रों में इन परियोजनाओं का एक बड़ा हिस्सा मिला है।

सीतारमण ने शनिवार शाम को चेन्नई नागरिक मंच के एक कार्यक्रम में राज्य सरकार के इन आरोपों को खारिज किया कि केंद्र ने वित्तपोषण के मामले में तमिलनाडु की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई बड़ी परियोजनाओं की घोषणा हुई है और ये कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और वाहन क्षेत्र में पीएलआई-योजना के तहत तमिलनाडु सबसे बड़ा लाभार्थी रहा है। केंद्र से मंजूरी पाने वाली 27 कंपनियों में सात तमिलनाडु से बाहर स्थित हैं। सीतारमण ने कहा कि पीएलआई योजना से लाभ उठाने वाली 25 प्रतिशत कंपनियां तमिलनाडु से हैं। उन्होंने सरकार या किसी व्यक्ति का नाम लिए बिना, उन दावों को खारिज किया कि राज्य को केंद्रीय करों से न्यूनतम राजस्व मिला है। मुझे वास्तव में नहीं पता कि वे इस तरह का तर्क कैसे देते हैं। मुझे बस इतना कहना है कि राज्य पिछले 10 वर्षों में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं और क्षेत्र विशेष की पहल का लाभार्थी रहा है।

वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। वैश्विक रुझान, शुल्क से जुड़े घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

पिछले सप्ताह बाजार में जोरदार उछाल आया और बेंचमार्क सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक चढ़ गए। एक विशेषज्ञ ने कहा कि निवेशकों की धारणा में सुधार, विदेशी पूंजी प्रवाह और सकारात्मक वैश्विक घटनाक्रमों से बाजार में यह तेजी आई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपदा प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, हमें उम्मीद है कि आकर्षक मूल्यांकन और आर्थिक पुनरुद्धार के संकेतों के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में लौटने के कारण यह तेजी जारी रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि निवेशकों की निगाह डॉलर के मुकाबले रुपये के रुख और वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम पर भी रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, घरेलू मोर्चे पर कोई प्रमुख आर्थिक घटनाक्रम नहीं होने की वजह से सभी का ध्यान मार्च के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और एफआईआई की गतिविधियों पर रहेगा। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजारों पर सभी की निगाह रहेगी। शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। हालांकि, तेज गिरावट के बाद अमेरिकी बाजारों में अस्थायी राहत देखने को मिली है, लेकिन मिले-जुले संकेतों से आने वाले सत्रों में संभावित रूप से कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,076.6 अंक या 4.16 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 953.2 अंक या 4.25 प्रतिशत के लाभ में रहा।

अप्रैल से महंगा होगा कार खरीदना

नयी दिल्ली। अगले महीने यानी अप्रैल से ज्यादातर कंपनियों की कारें महंगी होने वाली हैं। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी और परिचालन खर्च बढ़ने के बीच दिग्गज कंपनियों...मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंदै और अन्य ने अगले महीने से अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है।

देश में यात्री कार खंड की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अगले महीने से अपने सभी मॉडल के दाम चार प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। वाहन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारतीय बाजार में प्रवेश स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर बहुउद्देश्यीय वाहन इनविक्टो तक विभिन्न मॉडल बेचती है। इनकी कीमत क्रमशः 4.23 लाख रुपये से 29.22 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) तक है। मारुति की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया ने कहा कि वह कच्चे माल और परिचालन लागत में वृद्धि के कारण अप्रैल, 2025 से अपनी कारों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी। इसी तरह, टाटा मोटर्स अप्रैल से अपने इलेक्ट्रिक वाहन सहित सभी यात्री वाहनों के दाम बढ़ाने जा रही है। टाटा मोटर्स इस साल दूसरी बार अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा है कि वह अप्रैल से अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। किआ इंडिया, होंडा कार्स इंडिया, रेनो इंडिया और बीएमडब्ल्यू ने भी अगले महीने से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन तेल में गिरावट

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम अपने पूर्व सप्ताहांत के मुंकाबले गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं महाराष्ट्र में मांग बढ़ने के बीच सोयाबीन तिलहन, आवक कम होने और मांग बढ़ने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन तथा पामोलीन से सस्ता होने के कारण बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह बड़ी तेल मिलें सरसों किसानों का मनोबल तोड़ने के लिए सरसों के दाम में घट-बढ़ कर रही थीं। इससे खासकर लघु एवं सीमांत किसानों में थोड़ी अफरा-तफरी का माहौल बना है और उनकी छिटपुट बिकवाली से फिलहाल दाम में गिरावट है। वैसे देखा जाये तो इस बार पहले का बचा स्टॉक समाप्त हो चला है, उत्पादन कम हुआ है, वार्षिक खाताबंदी के बाद सरसों की मांग बढ़ने के भरपूर आसार हैं। ऐसे में सरकार को सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकारी खरीद जल्द से जल्द शुरू करनी चाहिये जिससे छोटे व सीमांत किसानों को भी लाभकारी दाम सुनिश्चित होगा और सरकार भी जरूरत के लिए सरसों का स्टॉक बना सकती है। उन्होंने कहा कि सरसों का हाजिर दाम फिलहाल एमएसपी से 4-5 प्रतिशत कम है और सरकारी खरीद का यह सबसे अच्छा समय हो सकता है। वार्षिक खाताबंदी के बाद सरसों की लिवाली तेज होने पर सरसों के दाम बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस स्थिति पर नजर रखनी चाहिये कि सरसों तिलहन के हाजिर दाम एमएसपी से 4-5 प्रतिशत कम होने के बावजूद हाजिर बाजार में जो सरसों तेल 145-146 रुपये लीटर मिलना चाहिये वह लगभग 155-160 रुपये लीटर के भाव क्यों बिक रहा है? सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र वालों की सोयाबीन की मांग बढ़ने से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार है। उल्लेखनीय है कि पॉल्ट्री कंपनियों की सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) की सबसे अधिक मांग महाराष्ट्र की होती है। हालांकि, इस सुधार के बावजूद अब भी सोयाबीन तिलहन का दाम एमएसपी से 17-18 प्रतिशत नीचे ही है।

उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह से पहले के सप्ताह में जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,090-1,095 डॉलर था वह घटकर बीते सप्ताह 1,060-1,065 डॉलर प्रति टन रह गया। इस कारण सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट देखी गई।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लाभांश भुगतान 2023-24 में 33 प्रतिशत बढ़कर 27,830 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का लाभांश भुगतान बीते वित्त वर्ष 2023-24 में 33 प्रतिशत बढ़कर 27,830 करोड़ रुपये रहा है। यह इन बैंकों की वित्तीय सेहत में सुधार का संकेत है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पीएसबी ने 2023-24 में शेयरधारकों को 27,830 करोड़ रुपये का लाभांश दिया है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 20,964 करोड़ रुपये रहा है।

इस तरह पीएसबी के लाभांश भुगतान में 32.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल 27,830 करोड़ रुपये के लाभांश में से लगभग 65 प्रतिशत या 18,013 करोड़ रुपये का भुगतान सरकार को उसकी शेयरधारिता के लिए किया गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, सरकार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से लाभांश के रूप में 13,804 करोड़ रुपये मिले थे। गौरतलब है कि सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों ने 2022-23 में 1.05 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के मुकाबले 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

टोयोटा का टोयोटा हिलक्स ब्लैक एडिशन लॉन्च

लखनऊ। हिलक्स ब्लैक एडिशन बोल्डनेस, पावर और सफिस्टके-रु39यान का बेहतरीन मिश्रण टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने लखनऊ के सनी टोयोटा हजरतगंज शोरूम में लॉन्च किए गए टोयोटा हिलक्स ब्लैक एडिशन का अनावरण करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। टोयोटा ने भारत में हिलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया है, जिसकी कीमत 37.90 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। यह विशेष एडिशन लोकप्रिय लाइफस्टाइल वाहन को बिना किसी अतिरिक्त लागत के टॉप-स्पेक हाई डीजल-एटी वेरिएंट पर ऑल-ब्लैक ट्रीटमेंट देता है। बुकिंग शुरू हो गई है। टोयोटा हिलक्स ब्लैक एडिशन का उत्साही लोगों द्वारा काफी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। बाजार की भारी मांग और बहुप्रतीक्षित उपस्थिति के बाद, टोयोटा हिलक्स की ताकत, ऑल ब्लैक एडिशन में देखी गई। अब टोयोटा हिलक्स की आभा और शक्ति को आकर्षक ब्लैक में भी अनुभव किया जा सकता है।

पेज एक का शेष

धर्म आधारित

आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर से किए गए मुसलमानों के लिए धर्म-आधारित आरक्षण लागू करने के प्रयासों को उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। होसबाले ने इस बात पर जोर दिया कि अदालतों ने ऐसे आरक्षण के प्रावधानों को खारिज किया है। महाराष्ट्र में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद के बारे में पूछे गए सवाल पर संघ नेता ने कहा कि औरंगजेब का महिमामंडन किया गया, उसके भाई दारा शिकोह का नहीं जो कि सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर का विरोध करने के लिए राजपूत राजा महाराणा प्रताप जैसी शख्सियतों की सराहना की और कहा कि जिन्होंने आक्रमणकारियों का प्रतिरोध किया, वे भी स्वतंत्रता सेनानी थे। आरएसएस नेता ने दावा किया कि आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए जो भारतीय मूल्यों का समर्थन करते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या आरएसएस का मानना है कि उसे कुछ मामलों पर केंद्र को अपने विचार बताने चाहिए, होसबाले ने कहा कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। आरएसएस के सरकार्यवाह ने कहा, संघ सरकार को दिन-प्रतिदिन किए जाने वाले कामों के बारे में नहीं बताता है, लेकिन जब भी लोग कुछ मुद्दे उठाते हैं, तो विभिन्न संगठनों के विविध क्षेत्रों में काम करने वाले आरएसएस कार्यकर्ता अपना संदेश पहुंचाते हैं। हमारे पास एक तंत्र है जहां ऐसी चीजों पर चर्चा की जाती है। यह पूछे जाने पर कि क्या आरएसएस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को अपनी उपलब्धि मानता है, उन्होंने कहा कि यह मंदिर केवल संघ की ही उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे हिंदू समाज की उपलब्धि है। जातिवाद के उन्मूलन के मुद्दे पर होसबाले ने कहा कि संघ शाखाएं इस मुद्दे को सुलझाने के लिए आदर्श मंच हैं और उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि संघ के स्वयंसेवकों के बीच कई अंतरजातीय विवाह हुए हैं। भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में पूछे गए सवाल पर आरएसएस नेता ने कहा कि संघ पार्टी के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है।

कठुआ में

वाले क्षेत्रों का रुख करते हैं। इसे देखते हुए सुरक्षाबल भी सतर्क हो जाते हैं ताकि आतंकियों का सफाया किया जा सके।

महापुरुषों का

धरोहर की प्रतीक रही है। ब्रह्मा जी ने इस सृष्टि की रचना-अपने तप के लिए बिठूर की भूमि का चयन किया था। लव-कुश का लालन-पालन महर्षि वाल्मीकि के सानिध्य में इसी क्षेत्र में हुआ था। ध्रुवटीला बिठूर में है। मां गंगा के सानिध्य में बसी बिठूर नगरी कानपुर की आत्मा है। नाना जी पेशवा ने इसी धरती को केंद्र बनाकर 1857 की व्यूह रचना की थी। यहां रानी लक्ष्मीबाई ने तीरंदाजी, घुड़सवारी, युद्धकला के गुर इसी धरती से सीखे थे। यह भूमि क्रांतिकारियों की नई प्रेरणा स्थली बनी थी। बिठूर, छत्रपति शिवाजी, नाना राव पेशवा, रानी लक्ष्मीबाई व तात्या टोपे के नाम पर हर भारतीयों की धमनियों में राष्ट्रभक्ति के रक्त का संचार होता है और हर भारतीय गौरव के साथ इन महापुरुषों का स्मरण करता है। बिठूर आज भी शौर्य व पराक्रम के लिए जानी जा रही है। रानी लक्ष्मीबाई भी हर किसी के लिए प्रेरणा बन गई। सीएम ने कहा कि आज ही भारत मां के वीर सपूत और युवाओं के प्रेरणास्रोत सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का बलिदान दिवस भी है। इनके जीवन का लक्ष्य देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करना था। सीएम ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने व्यवस्था की थी, लेकिन यह आयोजन तब तक सफलता तक नहीं पहुंच सकता था, जब तक गंगा अविरल-निर्मल नहीं होती। 2019 के पहले सीसामऊ में गंगा नदी में प्रतिदिन चार करोड़ लीटर सीवर गिरता था, लेकिन आज वहां का सीवर प्वाइंटर सेल्फी प्वाइंट हो गया। अविरल-निर्मल गंगा के बिना कुंभ की सफलता पर प्रश्न खड़े हो गए होते। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से भारतवासियों को पुनः निर्मल-अविरल गंगा दी। 1986 में गंगा एक्शन प्लान बना, लेकिन 2014 आते-आते गंगा पहले से अधिक प्रदूषित हो गईं। इससे जलीय जीव नष्ट हो गए थे। महाकुम्भ की सफलता नमामि गंगे की सफलता को प्रदर्शित करता है। पीएम मोदी ने 2014 में गंगा मैया के लिए जो सपना देखा था, महाकुम्भ की सफलता उसके साथ जुड़कर और नई ऊंचाइयों तक पहुंची है। अब गंगा नदी में फिर से जलीय जीव (डॉल्फिन) दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी देश का मैनचेस्टर कहा जाने वाला कानपुर टेक्सटाइल्स उद्यम के लिए माना जाता था, लेकिन जिनके मन में भारत और भारतीयता के प्रति नफरत थी, उन्होंने कानपुर की उद्यमिता को भी नष्ट करके रख दिया। यहां उद्योग बंद कर दिए गए, बेरोजगारी छाने लगी। जिस कानपुर की गिनती कभी देश के चार नगरों में होती थी, वह विरान सा हो गया। इसे कनेक्टिविटी से वंचित कर दिया गया। मां गंगा को प्रदूषित किया गया, एयरपोर्ट-उद्योग बंद हो गया। हर जगह लाचारी हो गई। जब कानपुर के साथ यह हो सकता है तो इन लोगों ने देश के साथ क्या नहीं किया होगा। अंग्रेज चले गए, लेकिन मानस उत्तराधिकारियों को देश लूटने के लिए छोड़ गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष में बदलते हुए कानपुर को देखा है। औद्योगिक वातावरण बनाने के लिए यहां फिर से मैन्युफेक्चरिंग कॉरिडोर, टेक्सटाइल्स के नए हब के रूप में विकसित करने के लिए फ्लेटेड फैक्ट्री का निर्माण कार्य चल रहा है।

नक्सलियों ने

से लौट रही थी, उस दौरान ही यह विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने वाहन को निशाना बनाने के लिए विस्फोट किया, लेकिन विस्फोट कुछ दूरी पर हुआ। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण किसी वाहन या कर्मियों को कोई गंभीर क्षति नहीं हुई लेकिन एसटीएफ के दो कर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को मद्देड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि वे खतरे से बाहर हैं। अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों का पता लगाने के लिए इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

धामी ने पूरे किये

उन्होंने अपनी सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यकाल केवल योजनाओं की घोषणाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्यों के जरिए जनकल्याण को साकार करने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने कार्यकाल में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों को भी जनता के सामने रखा। इनमें समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जिसने इसे लागू किया। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए देश का सबसे सख्त कानून लागू किया गया। प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए गए। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में बड़े विकास कार्य किए गए, उत्तराखंड में रिकॉर्ड निवेश आया, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला। देहरादून में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, सविता कपूर, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, डीजीपी दीपम सेठ, जनप्रतिनिधिगण, शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह एवं भारी संख्या में जनता उपस्थित थी।

गाजा पर

का उल्लंघन कर सकती है, क्योंकि फिलिस्तीनी इस जमीन से अपनी स्वेच्छा से बाहर जाने के पक्ष में नहीं हैं। इसलिए, यह स्पष्ट है कि इजरायल फिलिस्तीनी लोगों को गाजा से बाहर निकालने के लिए एक योजना पर काम कर रहा है, जिसे फिलिस्तीनी समुदाय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध का सामना करना पड़ सकता है। शनिवार रात से शुरू हुए इजरायल के ताजा हवाई हमलों में गाजा के दक्षिणी हिस्से में कम से कम 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की जान जा चुकी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हमले में हमास के एक वरिष्ठ नेता सलाह बरदवील की भी मौत हो गई और कई परिवारों का जीवन छिन गया। इस संकटपूर्ण स्थिति में फिलिस्तीनियों का पलायन जारी है, जबकि इजरायल के नए प्रस्ताव ने पूरे क्षेत्र में उथल-पुथल मचा दी है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध में 50021 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जबकि 113000 से अधिक घायल हुए हैं। इसमें से 673 लोग इजरायल द्वारा मंगलवार को शुरू किए गए हवाई हमलों के बाद मारे गए हैं।

विश्व व्यापार

और सेवाओं दोनों में व्यापार की बात आती है तो भारत की व्यापार तीव्रता चीन से भी अधिक थी। इसका मतलब है कि भारत व्यापार के मामले में चीन से पीछे नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत का व्यापार विकास के लिए ज्यादा उम्मीदें हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि विदेशी कंपनियां भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश करने के लिए बड़ी रकम लगा रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में भारत ग्रीनफील्ड विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए दुनिया में अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य। विदेशी कंपनियां भारत में नए कारखाने और व्यवसाय स्थापित कर रही हैं, जिससे भारत का व्यापार और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है।

संभल की

ना कि हिंसा के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी और उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा जिम्मेदार हैं और पुलिस की ही गोली से चार लोगों की मौत हुई है। इस बीच, जफर अली के बड़े भाई ताहिर अली ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि रविवार 11:15 बजे पुलिस निरीक्षक और विवेचना अधिकारी उनके घर पहुंचे थे और कहा था कि पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह जफर अली से बात करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जफर अली को सोमवार को संभल हिंसा की जांच के लिए गठित आयोग के समक्ष बयान देना था इसीलिए पुलिस ने उन्हें जानबूझकर गिरफ्तार करके जेल भेजने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि जफर अली संभल हिंसा के बाद संवाददाता सम्मेलन में दिए गए अपने बयान पर कायम हैं और आगे भी कायम रहेंगे। संभलहिंसा के लिए विदेश से फंडिंग के आरोपों के बारे में ताहिर अली ने कहा कि पांच नए पैसे की भी फंडिंग नहीं की गई है। हम अदालत में लड़ेंगे और विजयी होकर निकलेंगे। उन्होंने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संभल का प्रशासन जनता को भड़का रहा है। वह तनाव खत्म नहीं करना चाहता। हम शांति से तनाव खत्म करना चाहते हैं। यहां के सभी पुलिस अधिकारी और उच्च अधिकारी, सभी तनाव पैदा कर रहे हैं।

संक्षेप

प्रियंका गोस्वामी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रियंका ने शनिवार को आयोजित की गई इस गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रही। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था। दो बार की ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था। इक्काडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती।

जैस्मीन लम्बोरिया क्वार्टर फाइनल में

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर में शानदार जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा राष्ट्रीय लाइटवेट चैंपियन ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में शानदार जीत हासिल की। जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। दिन के अन्य मुकाबलों में रेलवे की युवा विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन सनमाचा चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर सर्वसम्मति से जीत के दौरान पूरा नियंत्रण बनाए रखा।

गुवाहाटी अपने पहले टेस्ट मैच के लिए तैयार : सैकिया

गुवाहाटी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के महासचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच इस साल नवंबर में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि गुवाहाटी इस साल के आखिर में आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपने पहले विश्व कप मैच की भी मेजबानी करेगा। सैकिया ने कहा गुवाहाटी में अब तक कोई टेस्ट और विश्व कप मैच नहीं खेला गया है। लेकिन शनिवार को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार, गुवाहाटी इस साल इस तरह के दोनों मैच की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला का दूसरा मैच 22 नवंबर से यहां असम क्रिकेट संघ (एसीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। इस तरह से गुवाहाटी टेस्ट मैच की मेजबानी करने वाला पूर्वोत्तर का पहला शहर बन जाएगा।

न्यूजीलैंड ने टी20 मैचों की श्रृंखला पर किया कब्जा

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)। तेज गेंदबाज जैकब डफी और जकारी फाउलकेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पाकिस्तान को 105 रन पर आउट कर चौथा ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 115 रन से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला को अपने नाम कर लिया। श्रृंखला का पांचवां मैच बुधवार को खेला जायेगा। न्यूजीलैंड के पास 3-1की अजेय बढ़त है। डफी ने 20 रन देकर चार और फाउलकेस ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने बे ओवल में तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में आउट कर दिया। पाकिस्तान ने जीत के लिए 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 56 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे और टीम इस प्रारूप में अपने न्यूनतम स्कोर (74) से कम पर आउट होने के कगार पर थी। अब्दुल समद ने हालांकि 44 रन की पारी खेल टीम को 100 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। इससे पहले फिन एलन ने 20 गेंदों पर अर्धशतकीय पारी खेल टीम को आक्रामक शुरुआत दिलायी जिससे न्यूजीलैंड छह विकेट पर 220 रन बनाने में सफल रहा।

मुंबई इंडियंस ने चेन्नई को दिया 155 रन का लक्ष्य

नूर अहमद ने 4 विकेट झटके, तिलक वर्मा ने 31, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 29 और दीपक चाहर ने नाबाद 28 रन बनाये

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अफगानिस्तान के कलाई के स्पिनर नूर अहमद (18 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन ही बनाने दिए। सीएसके के लिए नूर अहमद के अलावा खलील अहमद ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं नाथन एलिस और रविचंद्रन अश्विन को एक एक विकेट मिला। मुंबई इंडियंस तिलक वर्मा 31 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उसके लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव 29 रन का ही योगदान दे सके। अंत में दीपक चाहर ने 15 गेंद में नाबाद 28 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल-18 के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 156 रन का टारगेट दिया है। जवाब में चेन्नई ने 2 ओवर में एक विकेट पर 12 रन बना लिए हैं। रचिन रवींद्र और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ क्रीज पर हैं। राहुल त्रिपाठी 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दीपक चाहर ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच कराया। चेपॉक स्टेडियम में सीएसके ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 20 ओवर के बाद 9 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए।

तिलक वर्मा ने 31, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 29 और दीपक चाहर ने नाबाद 28 रन बनाए। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके, जबकि खलील अहमद ने 3 विकेट लिए। चेन्नई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है।

यहां राहुल त्रिपाठी 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दीपक चाहर ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच कराया। मुंबई के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ट्रेंट बोल्ट को पहला ओवर दिया है। बोल्ट ने इस ओवर में 5 रन दिए। रचिन और राहुल नाबाद हैं। चेन्नई ने इम्पैक्ट प्लेयर लिया है। खलील अहमद की जगह राहुल त्रिपाठी आए हैं। वहीं, मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह विग्नेश पुथुर को बुलाया है। मुंबई की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 155 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे नाथन एलिस के ओवर से 14 रन आए। उनकी बॉल पर दीपक चाहर ने एक चौका और एक छक्का लगाया। 19वें ओवर में मुंबई ने 9वां विकेट गंवाया। यहां खलील अहमद ने ट्रेंट बोल्ड को ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों कैच कराया। उन्होंने रोहित शर्मा और रायन रिकेलटन को भी आउट किया। 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर मुंबई ने 8वां विकेट गंवाया। यहां नाथन एलिस ने मिचेल सैंटनर (11 रन) को किया। 17वें ओवर में मुंबई ने 7वां विकेट गंवाया। ओवर की पहली बॉल पर नूर अहमद ने नमन धीर को बोल्ड कर दिया। नमन 17 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस ने 14वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए।

मिचेल सैंटनर ने रवींद्र जडेजा के खिलाफ सिंगल लिया और टीम की सेंचुरी पूरी कराई। नूर अहमद ने पारी के 13वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने चौथी गेंद पर मिंज को कैच आउट कराया। फिर छठी गेंद पर तिलक वर्मा को भी कर दिया। तिलक ने 25 गेंद पर 31 रन बनाए। नूर ने इससे पहले सूर्यकुमार यादव को भी पवेलियन भेजा था। 13वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। नूर अहमद ने ओवर की चौथी गेंद पर रॉबिन मिंज को रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। अपना डेब्यू आईपीएल मैच खेल रहे मिंज 3 ही रन बना सके। 11वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। नूर अहमद ने सूर्यकुमार यादव को विकेट के पीछे एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया।

सूर्या ने 29 रन बनाए। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 51 रन की पार्टनरशिप की। सूर्या एमआई में 5 साल बाद स्टंपिंग हुए। उन्हें 2020 में आखिरी बार शाहबाज अहमद की बॉल पर ऋद्धिमान साहा ने स्टंपिंग किया था। तब वे मुंबई की ओर से हैदराबाद के खिलाफ मैच खेल रहे थे। सूर्या अपने आईपीएल करियर में 2 ही बार स्टंपिंग आउट हुए हैं। मुंबई इंडियंस ने छठे ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने खलील अहमद के खिलाफ छक्का लगाकर टीम की हाफ सेंचुरी पूरी कराई। उनके साथ तिलक वर्मा भी नॉटआउट रहे। रविचंद्रन अश्विन पारी के 5वें ओवर में पहली बार बॉलिंग करने आए। उन्होंने चौथी ही गेंद पर विल जैक्स को कैच करा दिया।

पैरालंपियन शीतल देवी ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर की बिना हाथ की तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी ने रविवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में ओडिशा की दिव्यांग (बिना हाथ, बिना पैर) पायल नाग को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दोनों युवाओं के बीच मुकाबले में गत विजेता शीतल ने वापसी करते हुए खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। 18 वर्षीय शीतल ने कंपाउंडडनरी ओपन फाइनल मैच में 17 वर्षीय पायल के खिलाफ 109-103 से जीत दर्ज की। पायल के दोनों हाथ और दोनों पैर नहीं हैं।

वह बचपन में बिजली का झटका लगने के कारण अपने हाथ-पैर खो बैठी थीं और वह कृत्रिम पैरों से निशाना लगाती हैं। राकेश कुमार (40 वर्ष) और ज्योति बालियान (30 वर्ष) ने भी अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। झारखंड के विजय सुंडी ने हरियाणा के विकास भाकर को पुरुष रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक मैच में 6-4 से हराया जबकि हरियाणा की पूजा ने महाराष्ट्र की राजश्री राठौड़ को 6-4 से हराकर महिला रिकर्व ओपन स्वर्ण पदक जीता। सभी की निगाहें शीतल और पायल के बीच महिलाओं के कंपाउंड स्वर्ण पदक मैच पर थीं। शीतल ने आठ और सात के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि पायल ने डबल 10 के साथ शुरुआत की। हालांकि पायल तीसरे दौर में बढ़त खो बैठीं, जहां उन्होंने पहली बार सात का स्कोर बनाया और शीतल ने नौ और 10 के अपने लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापसी की। निर्णायक पांचवें दौर में शीतल ने स्वर्ण पदक जीता।

शीतल ने साइ मीडिया से कहा, पायल फाइनल में बहुत अच्छा खेली और अपनी निरंतर मेहनत से वह जल्द ही भारत के लिए पदक जीतेगी। मैं माता रानी के आशीर्वाद के लिए आभारी हूं कि मैंने खेलो इंडिया पैरा खेल में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पायल ने अपने पहले खेलो इंडिया पैरा खेल में खेल के तकनीकी पहलुओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा, पहले मैं अपने कृत्रिम पैरों में दो उपकरणों के साथ तीर चलाती थी।

शुभंकर शर्मा संयुक्त 36वें स्थान पर

एजेंसी

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने पोर्शे सिंगापुर क्लासिक में तीन दौर में दूसरी बार ईगल किया जिससे उन्होंने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला लेकिन वह संयुक्त 36वें स्थान पर ही पहुंच सके। वह अगले हफ्ते घरेलू कोर्स पर इंडियन ओपन में खेलेंगे। उन्होंने मौसम से प्रभावित तीन दौर की प्रतियोगिता में 68-72-69 के कार्ड खेले जिससे उनका स्कोर सात अंडर का रहा। अन्य भारतीयों में वीर अहलावत 36 होल में कट से चूक गए थे।

संधू आखिरी दौर में खराब प्रदर्शन के बाद संयुक्त 26वें पायदान पर रहे

मकाऊ। भारतीय गोल्फर युवराज संधू आखिरी दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेलने के बाद इंटरनेशनल सीरीज मकाऊ में संयुक्त 26वें स्थान पर रहे। शुरुआती तीन दौर में 69-65-67 का कार्ड खेलने के बाद वह शीर्ष 10 में बने हुए थे लेकिन उन्होंने अपना अभियान कुल छह अंडर के स्कोर के साथ खत्म किया। संधू आखिरी दौर में दो बोगी और एक डबल बोगी के मुकाबले एक बर्डी ही लगा सके। अन्य भारतीयों में अनिर्बान लाहिड़ी (67) कुल चार अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 40वें स्थान पर रहे। गगनजीत भुल्लर (73) एक ओवर के साथ संयुक्त 63वें जबकि शिव कपूर (70) छह ओवर के साथ संयुक्त

76वें पायदान पर रहे।

आईजीयू टी20 क्रिकेट की तर्ज पर जूनियर स्तर पर सिक्सेज प्रारूप में प्रतियोगिता शुरू करेगा

गुरुग्राम। छह राज्यों के युवा गोल्फ खिलाड़ी सोमवार को यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में छह-होल वाली गोल्फ सिक्सेस जूनियर टूर्नामेंट में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य इस खेल को टी-20 और टी-10 क्रिकेट की तरह अधिक गतिशील बनाना है।

विश्व गोल्फ नियम नियामक संस्था द आरएंडए के साथ साझेदारी में आयोजित गोल्फ सिक्स को युवा खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक गतिशील, सुलभ और आकर्षक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस टीम आधारित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को छह होल के खेल में अपना कौशल दिखाना होगा।

भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने इस प्रारूप को लेकर विश्वास व्यक्त किया कि नया प्रारूप युवा पीढ़ी के बीच गोल्फ की लोकप्रियता बढ़ायेगा। उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमें इससे सफलता की उम्मीद है। जिस तरह टी20 ने खेल को छोटा करके और इसे अधिक गतिशील और दर्शकों के अनुकूल बनाकर क्रिकेट में क्रांति ला दी, गोल्फ का यह नया प्रारूप भी ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा यह खेल को अधिक रोमांचक और आकर्षक अनुभव में बदलने की क्षमता रखता है। इसमें नयी पीढ़ी कम समय में खेल के रोमांच का आनंद ले सकती है।

आरसीबी की टीम में इस बार कुछ खास: मैथ्यू हेडन

कोलकाता। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए चुनी गई टीम में कुछ खास है और उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के चयन को शानदार पसंद करार दिया। आरसीबी ने आईपीएल के वर्तमान सत्र के अपने पहले मैच में शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि फिल साल्ट (56), विराट कोहली (59) और कप्तान रजत पाटीदार (34) ने उपयोगी पारियां खेली। जियोस्टार की विज्ञप्ति में हेडन ने कहा, नए कप्तान के रूप में रजत पाटीदार के लिए यह एक जोरदार और महत्वपूर्ण जीत थी। विराट कोहली के शानदार फॉर्म में होने से निश्चित रूप से मदद मिलती है। उन्होंने कहा उनकी गेंदबाजी लाइनअप मजबूत दिख रही है। क्रुणाल पंड्या ने बीच के ओवरों में उपयोगी गेंदबाजी की जबकि जोश हेज़लवुड ने वह किया जो वह सबसे अच्छा करते हैं। मैं जब आरसीबी की इस टीम को देखता हूं तो मुझे लगता है कि इस बार इस टीम में कुछ खास है। हेडन ने कहा कि पंड्या की गेंद की गति बदलने और स्टंप्स पर हमला करने की क्षमता इस बाएं हाथ के स्पिनर के लिए काम आई।

नये कप्तानों से आगाज करने उतरेंगे दिल्ली व लखनऊ

एजेंसी

विशाखापत्तनम। नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊसुपर जॉइंट्स की टीम सोमवार को जब यहां आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र का आगाज जीत से करना होगा। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जबकि दिल्ली की टीम अपने दो घरेलू मैच यहां खेलेगी।

अपने आईपीएल करियर में अभी तक केवल दिल्ली की टीम से खेलने वाले ज षभ पंत इस बार लखनऊकी टीम की कमान संभाल रहे हैं जिसने उन्हें आईपीएल की नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड रुपए में खरीदा था। अपनी महंगी कीमत के कारण पंत का चर्चा में रहना लाजमी है लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज इन सब बातों को दरकिनार कर अच्छा प्रदर्शन करके सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान पक्का करना चाहेगा। पंत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल थे लेकिन उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था। दूसरी तरफ के एल राहुल हैं जो पिछले दो सत्र में लखनऊकी कमान संभालने के बाद इस बार एक खिलाड़ी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलेंगे। दिल्ली की टीम ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया है लेकिन बल्लेबाजी में राहुल की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। दिल्ली की टीम में दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी

बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी भी हैं जो पिछले साल तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कमान संभाल रहे थे। दिल्ली ने उन्हें उप कप्तान बनाया है। कागजों पर दिल्ली की टीम काफी मजबूत नजर आती है क्योंकि उसके पास विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा संयोजन है। दूसरी तरफ लखनऊके पास केवल छह विदेशी खिलाड़ी हैं।

दिल्ली को बल्लेबाजी में जहां डु प्लेसी के अनुभव का फायदा मिलेगा वहीं गेंदबाजी में उसके पास ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले करुण नायर की मौजूदगी में दिल्ली का मध्यक्रम मजबूत नजर आता है जिसमें राहुल, ट्रिस्टिन स्टब्स, समीर रिज़्वी और आशुतोष शर्मा भी शामिल हैं। दिल्ली की गेंदबाजी इकाई भी मजबूत नजर आ रही है जिसके स्पिन विभाग में भारत के दो अनुभवी स्पिनर अक्षर और कुलदीप यादव शामिल हैं। उसके तेज गेंदबाजी विभाग में स्टार्क के अलावा टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार और दुशमंत चमीरा शामिल हैं।

लखनऊको उम्मीद होगी कि उनके भारतीय खिलाड़ी विदेशी खिलाड़ियों के साथ अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाएंगे। विदेशी खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श केवल एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। ऐसे में लखनऊको डेविड मिलर और एडेन मार्करम की दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। निकोलस पूरण के रूप में लखनऊके पास विस्फोटक बल्लेबाज है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकता है। उनके अलावा लखनऊकी टीम में आयुष बडोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद के रूप में अच्छे भारतीय बल्लेबाज हैं। लखनऊके लिए गेंदबाजी विभाग हालांकि चिंता का विषय है क्योंकि उसके भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव, आवेश खान और आकाशदीप अभी चोटों से उबर रहे हैं।

विश्व कप क्वालीफाइंग : हॉलैंड ने दिलाई नॉर्वे को बड़ी जीत

एजेंसी

लंदन। स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड की अगुवाई में नॉर्वे ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में मोल्दोवा को 5-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। नॉर्वे ने तीसरी और आखिरी बार1998 में विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाई थी। हॉलैंड का जन्म इसके दो साल बाद हुआ था। इस बार हालांकि नॉर्वे को विश्व कप में जगह बनाने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो 2026 में अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। नॉर्वे का ग्रुप आई से शीर्ष पर रहना तय माना जा रहा है जिसके एक अन्य मैच में इज़राइल ने एस्टोनिया को 2-1 से हराया। हॉलैंड ने मोल्दोवा के खिलाफ नॉर्वे की तरफ से दूसरा गोल किया जो 2019 में पदार्पण करने के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से 40 मैच में उनका 39वां गोल था। डॉर्टमुंड के डिफेंडर जूलियन रायर्सन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद नॉर्वे के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की। हॉलैंड ने 23वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद थेलो असगार्ड, अलेक्जेंडर सोरलोथ और स्थानापन्न एरोन डोनम ने भी गोल किए। यूरोपीय क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में वेल्स ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराया। इसके अलावा ग्रुप जे में नॉर्थ मैसेडोनिया ने लिचेटेंस्टीन पर 3-0 से जीत हासिल की। चेक गणराज्य ने पैट्रिक स्किच के दो गोल की मदद से ग्रुप एल में फरो आइलैंड्स पर 2-1 से जबकि मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर पर 3-1 से जीत हासिल की।

एसआरएच ने रॉयल्स को 44 रन से हराया, किशन का शतक

एजेंसी

हैदराबाद। इशान किशन (47 गेंद में नाबाद 106) की तूफानी बल्लेबाजी संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल के शानदार प्रयासों पर भरी पड़ी, जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 44 रौंदकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। किशन ने रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक पूरा किया। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे।

हेड ने इस फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण कर रहे किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए जिससे एसआरएच ने छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी एसआरएच के नाम है। टीम ने पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाये थे। रॉयल्स की टीम हालांकि कभी लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नहीं दिखी लेकिन टीम खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 242 रन बनाने में सफल रही। हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की। इस मैच को तीन भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के लिए भी जाना जायेगा। सैमसन (37 गेंदों पर 66 रन) और जुरेल (35 गेंदों पर 70 रन) ने 9.5 ओवरों में 111 रन की साझेदारी करके एसआरएच प्रशंसकों को थोड़ी देर के लिए डराने में

सफल रही। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों का फायदा उठाते हुड सहजता से बड़े शॉट खेले। बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद हमेशा से ही जीत माना जा रहा था लेकिन मैच का निर्णायक मोड़ दो ओवरों में आया। एडम जम्पा (चार ओवर में 48 रन पर एक विकेट) और कप्तान पैट कमिंस (चार ओवर में बिना किसी सफलता के 60 रन) ने 10वें और 11वें ओवर में सात रन खर्च किये जिससे जरूरी रन गति काफी इजाफा हो गया।

हर्षल पटेल (चार ओवर में 34 रन पर दो विकेट) ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी की खास कर आखिरी ओवरों में उन्होंने राजस्थान को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। मैच के परिणाम पर डॉट गेंद (जिस गेंद पर कोई रन नहीं बना हो) का बड़ा असर रहा।

राजस्थान के बल्लेबाजों के 25 डॉट गेंदों के मुकाबले एसआरएच ने सिर्फ 15 डॉट गेंदें खेली। सिमरजीत सिंह (तीन ओवर में 46 रन पर दो विकेट) ने शुरुआती ओवरों में विकेट चटकाकर एसआरएच को शानदार शुरुआत दिलायी। राजस्थान ने 50 रन तक तीन विकेट गंवा दिये थे। जुरेल ने इस गेंदबाज के खिलाफ हालांकि तीन छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर किये। जुरेल और सैमसन का विकेट 14वें और 15वें ओवर तीन गेंद के अंदर गिरा जिससे रॉयल्स की हार लगभग तय हो गयी। शिमरोन हेटमायर (23 गेंदों पर 42 रन) और शुभम दुबे (11 गेंदों पर नाबाद 34) ने कुछ बड़े शॉट लगाकर टीम की हार के अंतर को कम किया। इससे पहले एसआरएच ने पिछले सत्र की अपनी लय को जारी रखा लेकिन टीम अंतिम ओवर में दो विकेट गंवाने के कारण अपने और आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़ने से चूक गयी। जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन लुटाये।

वह आईपीएल इतिहास में बिना विकेट लिये सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गये। मैच के शुरुआती 10 ओवर में हेड और आखिरी 10 ओवरों में किशन का दबदबा इतना था कि अभिषेक शर्मा (11 गेंदों पर 24 रन) और फिट हुए नीतीश रेड्डी (15 गेंदों पर 30 रन) के प्रयास फीके लगे। हेनरिच क्लासेन (14 गेंदों पर 34 रन) ने आखिरी ओवरों में रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ कुछ शानदार शॉट खेले। पिछले कुछ सालों में मुंबई इंडियंस के मुख्य खिलाड़ियों में से एक किशन के लिए 2024 का साल मुश्किल रहा। इस लीग के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण उन्होंने अपना केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ और मुंबई की फ्रेंचाइजी ने भी उन्हें रिटेन नहीं किया। पटना के इस छोटे कद के खिलाड़ी ने नये जोश के साथ वापसी की है और नयी फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले मैच में दमदार प्रदर्शन किया है। वह इस सपाट पिच पर और सात मैच खेल सकते हैं। वह इस तरह के प्रदर्शन से राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। रॉयल्स के सबसे अनुभवी गेंदबाज आर्चर के खिलाफ शुरुआती ओवर से ही हेड ने दबदबा कायम कर 23 रन बटोरे। हेड ने उनके खिलाफ पुल शॉट पर छक्का जड़ा तो किशन ने उन्हें एक्स्ट्रा कवर पर छक्का लगाने के बाद उनकी गति का इस्तेमाल करते हुए स्कूप शॉट की मदद से विकेटकीपर के ऊपर से गेंद को छह रन के लिए भेजा। आर्चर की अधिक गति उनकी कमजोर कड़ी साबित हो रही थी।

शुल्क युद्ध के यथार्थ से जूझ रही दुनिया

भारत को व्यापक और विविध ऊर्जा संबंध विकसित करने होंगे : जयशंकर

एजेंसी

मुंबई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को आवश्यक रूप से व्यापक और विविध ऊर्जा संबंध विकसित करने होंगे। जयशंकर ने यहां बिजनेस टुडे के कार्यक्रम में कहा कि दशकों तक वैश्वीकरण के गुणों के बारे में सुनने के बाद, आज दुनिया औद्योगिक नीतियों, निर्यात नियंत्रण और शुल्क युद्ध की वास्तविकता से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों के लिए अनुकूल ऊर्जा वातावरण सुनिश्चित करना भारत के प्रमुख कूटनीतिक उद्देश्यों में से एक है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन के अलावा बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का विकास एवं उपयोग करना और छोटे मॉड्यूलर संयंत्रों की संभावनाओं का पता लगाना भी है।

उन्होंने कहा विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को आवश्यक रूप से ऊर्जा संबंधों का एक व्यापक और विविध स्वरूप विकसित करना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारतीय दूतावास अब देश के वाणिज्यिक हितों की खोज में पहले से कहीं ज्यादा सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि वे जहां भी संभव हो, सूचना देते हैं, सलाह देते हैं और सुविधा प्रदान करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारा व्यवसाय अच्छा चले। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में एक नीतिगत निर्णय, जिसका महत्वपूर्ण आर्थिक निहितार्थ है, यूक्रेन संघर्ष के बाद ऊर्जा विकल्प तलाशने पर हमारा जोर था। सच्चाई यह थी कि हर देश ने वही किया, जो उसके अपने हित में था, भले ही कुछ लोग इसके विपरीत दावा करते हों। जयशंकर स्पष्ट रूप से यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत द्वारा रूस से तेल आयात करने की ओर इशारा कर रहे थे, जिसकी पश्चिमी देशों के एक वर्ग ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को एक समग्र रणनीति की आवश्यकता है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है, जो रूस और यूक्रेन, इजराइल और ईरान, लोकतांत्रिक पश्चिम, ग्लोबल साउथ, ब्रिक्स और क्वाड के साथ एक साथ जुड़ सकते हैं। ब्रिक्स भारत सहित अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह के बीच सहयोग का एक मंच है।

वहीं, क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है। जयशंकर ने कहा कि दशकों से वैश्वीकरण के गुणों के बारे में सुनने के बाद आज की दुनिया औद्योगिक नीतियों, निर्यात नियंत्रण और शुल्क युद्ध की वास्तविकता से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में, लाभ और प्रवृत्तियों की पहचान करना तथा उसके अनुसार अपनी नीतियों को ढालना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने कहा कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से मुक्त करने के बारे में व्यापक चिंता है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान अधिक विविध विनिर्माण, अधिक नवाचार और प्रौद्योगिकी तथा खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा से सीधे जुड़े व्यापार सहित मजबूत व्यापार में निहित है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर इसका मतलब यह है कि पुनर्वैश्वीकरण पहले के मॉडल की तुलना में अधिक निष्पक्ष, अधिक लोकतांत्रिक और कम जोखिमपूर्ण है।

आरएसएस ने सौहार्दपूर्ण, संगठित हिंदू समाज के निर्माण का लिया संकल्प



बेंगलुरु। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को अपनी सर्वोच्च निर्णायक संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में विश्व शांति और समृद्धि के लिए सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया। रविवार को संपन्न हुई तीन दिवसीय बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, भाजपा महासचिव बी एल संतोष और आरएसएस से संबद्ध 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया।

आरएसएस ने अपने प्रस्ताव में कहा कि भारत एक प्राचीन संस्कृति है, जिसकी समृद्ध परंपराएं हैं और इसमें सामंजस्यपूर्ण विश्व बनाने के लिए भरपूर ज्ञान है। आरएसएस ने कहा, हमारा विचार संपूर्ण मानवता को विभाजनकारी और आत्म-विनाशकारी प्रवृत्तियों से बचाता है तथा सभी प्राणियों के बीच शांति और एकता की भावना सुनिश्चित करता है। प्रस्ताव में कहा गया कि हिंदू समाज अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को केवल धर्म पर आधारित आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित एवं सामूहिक जीवन के आधार पर ही प्रभावी ढंग से पूरा कर सकेगा। इसमें कहा गया है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज करते हुए सामंजस्यपूर्ण प्रथाओं का पालन करते हुए एक आदर्श समाज का निर्माण करने का संकल्प लें, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली पर आधारित मूल्य आधारित परिवार और आत्मसम्मान से परिपूर्ण नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता रखें। प्रस्ताव में कहा गया है, यह संकल्प हमें एक मजबूत राष्ट्रीय जीवन का निर्माण करने, भौतिक रूप से समृद्ध और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण होने, चुनौतियों को कम करने और समाज की सभी समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाएगा।

संक्षेप

न्यू मेक्सिको में पार्क में गोलीबारी से तीन की मौत, 15 घायल

लास क्रूसेस। न्यू मेक्सिको के लास क्रूसेस शहर में एक पार्क में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस और अग्निशमन दल घटना के बाद शुक्रवार रात करीब 10 बजे शहर के यंग पार्क में पहुंचे। पार्क में कार शो आयोजित किया गया था और उसमें लगभग 200 लोग इकट्ठा हुए थे। पुलिस ने बताया कि इस कार शो के लिए अनुमति नहीं ली गई थी। उसने बताया कि पीड़ितों का पहले घटनास्थल पर ही इलाज किया गया और फिर उन्हें उपचार के लिए अस्पतालों में भेजा गया। लास क्रूसेस पुलिस प्रमुख जेरेमी स्टोरी ने बताया कि पार्क के एक बड़े हिस्से में 50 से 60 खोखे बिखरे हुए मिले हैं, जिससे प्रतीत होता है कि कई लोगों ने कई अग्नेयास्त्रों से गोलीबारी की। पुलिस को संदेह है कि ये दो गुटों के बीच गोलीबारी की घटना है जिसमें तीन लोग मारे गए और 15 लोग घायल हो गए। मृतकों में 19 साल के दो युवक और 16 साल का एक किशोर शामिल है। पुलिस ने मृतकों और घायलों के नाम फिलहाल उजागर नहीं किए हैं। शहर के इस पार्क में हालांकि अवैध कार शो होना कोई नयी बात नहीं है लेकिन पहले क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी अधिक रहती थी।

दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न का मामला बुजुर्ग को तीन साल की सजा

ठाणे। ठाणे की एक अदालत ने पांच और सात साल की दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न के मामले में 61 वर्षीय व्यक्ति को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए. एस. भागवत की अदालत ने 15 मार्च को सुनाए फैसले में आरोपी इस्माइल कालू शेख को यौन शोषण से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने दोषी पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आदेश की प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गई। विशेष लोक अभियोजक विवेक काडू ने अदालत को बताया कि शेख 30 अक्टूबर 2023 को पांच और सात वर्षीय दो बच्चियों को महाराष्ट्र के ठाणे शहर के मानपाडा इलाके में अपने घर ले गया और उनका यौन उत्पीड़न किया।

बाद में एक बच्ची ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी और मां ने एक नवंबर, 2023 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बचाव पक्ष ने शेख की गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि और पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड न होने का हवाला देते हुए अपराधी परिवीक्षा अधिनियम के तहत नरमी बरतने का अनुरोध किया लेकिन न्यायाधीश ने मामले की गंभीरता के मद्देनजर यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया।

न्यायिक प्रणाली में कम हो रहा विश्वास : सिब्बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। न्यायिक प्रणाली के प्रति लोगों का विश्वास कम होने का दावा करते हुए राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा है कि विकल्प तभी मिल सकते हैं जब सरकार और न्यायपालिका दोनों यह स्वीकार करें कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सहित मौजूदा प्रणालियां कारगर नहीं रह गई हैं। सिब्बल के साथ एक साक्षात्कार में न्यायिक प्रणाली की खामियों के बारे में बात की। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह जिला और सत्र न्यायालयों द्वारा ज्यादातर मामलों में जमानत नहीं दी जा रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने पिछले साल इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान के मुद्दे का भी हवाला दिया। हालांकि सिब्बल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर कथित रूप से भारी मात्रा में नकदी मिलने के मामले पर टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने इस मुद्दे पर कहा इस मामले से निपटने के लिए एक आंतरिक प्रक्रिया है। अब, तथ्यों के अभाव में मुझे नहीं लगता कि इस देश के एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में मुझे इस पर टिप्पणी करनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह न्यायिक प्रणाली के बारे में चिंतित हैं, सिब्बल ने कहा, पिछले कई वर्षों से न्यायपालिका के बारे में विभिन्न पहलुओं पर चिंताएं रही हैं, एक चिंता भ्रष्टाचार के बारे में है, और भ्रष्टाचार के कई अर्थ हैं। एक अर्थ यह है कि कोई न्यायाधीश किसी आर्थिक लाभ के कारण निर्णय देता है। भ्रष्टाचार का दूसरा रूप अपने पद की शपथ के विपरीत काम करना है, जो यह है कि वह बिना किसी भय या पक्षपात के निर्णय देगा। उन्होंने कहा मैं एक उदाहरण देता हूं, जिला न्यायालय और सत्र न्यायालय में शायद ही कोई न्यायाधीश हो जो जमानत दे सके।

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के खिलाफ सख्त विधेयक लाया जायेगा

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य में चिट्टा (मिलावटी हेरोइन) की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कड़े प्रावधानों वाला विधेयक लाएगी। अग्निहोत्री ने कांग्रेस के केवल सिंह पठानिया द्वारा पेश किए गए एक निजी प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विधानसभा में जवाब देते हुए शनिवार को कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या से युद्ध स्तर पर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पीआईटी-एनडीपीएस (स्वापक औषधियों और मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम का अधिनियम) पहले ही लागू किया जा चुका है और चिट्टा तस्करी में शामिल होने के आरोपी को छह महीने तक हिरासत में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल में विधानसभा को बताया कि पिछले तीन साल में चिट्टा की खपत में 30 प्रतिशत की कमी आई है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पंजाब में नशीले पदार्थों की समस्या पर बनी फिल्म उड़ता पंजाब का संदर्भ देते हुए हिमाचल में मादक द्रव्यों के खतरे को रेंगता हिमाचल कहा। पठानिया ने चिट्टा तस्करी को खत्म करने के संबंध में प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने चिट्टा तस्करी को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेल गतिविधियों के लिए अधिक धन मुहैया कराया जाना चाहिए ताकि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित किया जा सके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के त्रिलोक जामवाल ने कहा कि चिट्टा की समस्या पर उठाए गए कदम अपर्याप्त हैं। उन्होंने भांग की खेती का भी विरोध किया।

जलवायु नीतियां जमीनी हकीकत पर आधारित होनी चाहिए : वर्धन

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नीतियां जमीनी हकीकत पर आधारित होनी चाहिए। पर्यावरण राज्य मंत्री ने शनिवार को भारत 2047: जलवायु के अनुकूल भविष्य का निर्माण संगोष्ठी के समापन सत्र में कहा कि गर्मी से राहत कार्यक्रम जैसे आपातकालीन उपाय महत्वपूर्ण हैं, लेकिन दीर्घकाल में स्थिति के अनुकूल ढलने के लिए बुनियादी ढांचे, नीति और वित्तपोषण में बदलाव की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों कदमों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के अनुकूल बनाने के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर कैरोलीन बकी ने कहा कि उन लोगों की पहचान करने के लिए अधिक विस्तृत डेटा की आवश्यकता है जिनके जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित होने का खतरा है।

उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी सटीक अनुमान के लिए समय पर जनगणना कराए जाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। भारत ने पिछली दशकीय जनगणना 2011 में की थी। अगली जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाल दिया गया। पर्यावरण मंत्रालय में सचिव तन्मय कुमार ने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल रणनीतियां समावेशी और समुदायों द्वारा संचालित होनी चाहिए तथा उनमें पारंपरिक ज्ञान और चलन का उपयोग किया जाना चाहिए।

असम : परीक्षापत्र लीक के बाद कक्षा 11 की सभी राज्य बोर्ड परीक्षाएं रद्द

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर प्रश्नपत्र लीक होने की खबरों के बाद असम राज्य बोर्ड की 11वीं कक्षा की 24 से 29 मार्च तक होने वाली सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले, असम राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड की 21 मार्च को होने वाली उच्चतर माध्यमिक प्रथम वर्ष की गणित की परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया था, जिसके कारण अधिकारियों को परीक्षा रद्द करनी पड़ी। अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उच्चतर माध्यमिक प्रथम वर्ष या कक्षा 11 की परीक्षाएं छह मार्च को शुरू हुई थीं और 29 मार्च तक जारी रहने वाली थीं। पेगू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रश्नपत्र लीक होने और प्रोटोकॉल के उल्लंघन की खबरों के कारण शेष विषयों की एचएस प्रथम वर्ष की परीक्षा 2025 (24-29 मार्च तक निर्धारित) को रद्द कर दिया गया है। एएसएसईबी के आधिकारिक आदेश को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के नए कार्यक्रम के संबंध में आगे की कार्वाई सोमवार को बोर्ड की बैठक में तय की जाएगी।

इंटरटेनमेंट...

अल्लू अर्जुन ने शाहरुख-सलमान को पछाड़ा

मुंबई। पुष्पा-2 से बॉक्स ऑफिस के कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ने वाले अल्लू अर्जुन भारत के हाईएस्ट पेड एक्टर बन चुके हैं। फीस के मामले में उन्होंने शाहरुख खान, सलमान खान जैसे सभी एक्टर्स को पीछे कर दिया है। उन्होंने अपकमिंग अनटाइटल फिल्म के लिए 175 करोड़ रुपए की डील की है। इस फिल्म को जवान डायरेक्टर एटली डायरेक्ट करेंगे। हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अल्लू अर्जुन ने अपकमिंग फिल्म के लिए प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर के प्रोड्यूसर्स से 175 करोड़ की डील लॉक की है। इस फीस के अलावा भी अल्लू अर्जुन फिल्म के प्रॉफिट में 15 प्रतिशत की भागीदारी लेंगे। इतनी बड़ी डील साइन कर अल्लू अर्जुन मॉडर्न एरा के सबसे बड़े एक्टर बन गए हैं। अल्लू अर्जुन की इस फिल्म को एटली डायरेक्ट करने वाले हैं, जिन्होंने इससे पहले शाहरुख खान को लेकर जवान बनाई थी। इस फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन ने अगस्त 2025 की डेट्स दी हैं। फिल्म की शूटिंग अगस्त से अक्टूबर के बीच होगी। फिलहाल ये फिल्म अनटाइटल है, जिसे अ6 वर्किंग टाइटल दिया गया है।

○ फीस के मामले में

एटली ने 2023 की फिल्म जवान से बतौर डायरेक्टर बॉलीवुड में कदम रखा है। रिपोर्ट के अनुसार, ये एक मसाला फिल्म होगी, जिसमें विजुअल, स्क्रीनप्ले और इंट्रोडक्शन में नयापन होने वाला है। ये एटली और अल्लू अर्जुन दोनों के लिए बड़ी फिल्म होगी। पुष्पा की कामयाबी के बाद अल्लू अर्जुन के लिए जरूरी है कि वो सही फिल्मों का चुनाव करें। अ6, अल्लू के लिए अपनी जगह कायम रखने के लिए परफेक्ट फिल्म है। बताते चलें कि अब तक इस फिल्म से जुड़ी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं है। अल्लू अर्जुन की आखिरी रिलीज फिल्म पुष्पा 2 थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1800 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था।

अंदाज अपना-अपना के सीक्वल का काम शुरू

मुंबई। आमिर खान ने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया है कि वो साल 1994 की कल्ट क्लासिक फिल्म अंदाज अपना-अपना के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने शाहरुख और सलमान के साथ फिल्म करने पर भी बात की है। उन्होंने कहा है कि इस बारे में बात हुई है, लेकिन अब तक ऐसी कोई फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं मिल सकी है, जिसमें 3 हीरो फिट बैठें।

आमिर से बॉलीवुड हंगामा के इंटरव्यू में शाहरुख-सलमान के साथ काम करने पर सवाल किया गया था। इस पर उन्होंने कहा है, हमने ऊपरी तौर पर इस बारे में बात की थी। हमें साथ फिल्म करने में बहुत अच्छा लगेगा। ऐसी कोई स्क्रिप्ट आए तो हम जरूर करेंगे, लेकिन वो आना मुश्किल है। क्योंकि तीन हीरो वाली फिल्म मिलना मुश्किल है, जो हम तीनों के लिए एक्साइटिंग हो। शाहरुख के साथ तो आज तक मैंने काम ही नहीं किया है। मुझे उसके साथ काम करके अच्छा लगेगा। हमें मजा आएगा काम करते हुए और मुझे लगता है कि पब्लिक को भी हमें देखकर मजा आएगा। मान लेते हैं फिल्म बुरी बनी, लेकिन अगर बुरी भी बनी तो लोगों को देखकर मजा आएगा।

सुशांत केस : रिया चक्रवर्ती को क्लीनचिट

मुंबई। 14 जून 2020 को एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का शव उनके बांद्रा स्थित घर में मिला था। इस मामले में पुलिस ने उनकी तथाकथित गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती को हिरासत में लिया था। उन पर सुशांत सिंह राजपूत को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगे थे। अब सुशांत की मौत के 4 साल 6 महीने बाद उइक ने इस मामले पर क्लोजिंग रिपोर्ट दे दी है। उइक ने इन्वेस्टिगेशन में पाया कि सुशांत को आत्महत्या के लिए उसकाए जाने से जुड़े कोई सबूत नहीं मिले हैं। अब रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक ने न्याय मिलने पर खुशी जाहिर की है। शौविक ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से बहन रिया के साथ एक वीडियो शेयर किया है।

सलमान खान के 'सिकंदर' का ट्रेलर रिलीज

रश्मिका मंदाना पैपराजी को पोज देती नजर आईं।

मुंबई। सलमान खान की मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर फिल्म सिकंदर का रविवार को मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया। इस इवेंट में सलमान खान, पिता सलीम खान के साथ नजर आए। इसके अलावा इस इवेंट में रश्मिका मंदाना, शरमन जोशी, वरुण धवन की भतीजी अंजनी धवन, काजल अग्रवाल समेत फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास और प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला भी दिखाई दिए। इवेंट में सलमान खान डार्क ब्लू शर्ट, ब्लैक पेंट के साथ लाइट शेड का ब्लेजर कैरी किए नजर आए। इवेंट में 'सिकंदर' के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला लॉन्च इवेंट में अपने नए लुक में नजर आएं। काजल अग्रवाल भी साथ दिखाई दीं। वरुण धवन की भतीजी अंजनी धवन भी सलमान की फिल्म में नजर आएंगी। इवेंट में एक्ट्रेस रेड ड्रेस में नजर आईं। शरमन जोशी भी 'सिकंदर' में नजर आएंगे।

○ लॉन्च इवेंट में पिता सलीम खान के साथ नजर आए; एक्टर ने 'लग जा गले' सॉन्ग गाया

इवेंट में एक्टर काफी सिंपल लुक में नजर आए। फिल्म में सलमान के अलावा रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आएंगे। ए. आर. मुरुगदास द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

BABU BANARASI DAS
EDUCATIONAL GROUP

NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT

10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...

BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Pharmacy
- Dental Science
- Education
- Architecture
- Applied Sciences
- Legal Studies
- Hotel Management
- Computer Applications
- Humanities & Social Sciences
- Ph.D. in all Disciplines

Courses available with IBM Collaboration

Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google

BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties

BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH

BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746

SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges

AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus

TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge JFG tcs LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture

BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com